आश्विन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 07:06 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 30 सितंबर 2024
वर्ष 34, अंक 242, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पाकिस्तान से दोस्ताना संबंध होते तो उसे बड़ा राहत पैकेज देते 16

जोड़ी कोमर की बड़ी फैन हैं तृप्ति 15

## एक नजर

### सीजेआई ने तिरुमाला मंदिर में की पूजा-अर्चना

**तिरुमाला।** भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को तिरुमाला में वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने वैकुंठ क्यू कॉम्प्लेक्स से मंदिर में प्रवेश किया और गर्भगृह में प्रार्थना की। दर्शन के बाद वैदिक पंडितों ने रंगनायकुला मंडपम में सीजेआई और उनके परिवार को वेदसेवाचनम अर्पित किया। मंदिर के पुजारियों ने उन्हें रंगनायकुला मंडपम में वैदिक आशीर्वाद दिया।

### हेरोइन और हथियार के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**जालंधर।** बीएसएफ ने रविवार को पंजाब के फाजिल्का में हेरोइन, पिस्तौल और गोला-बारूद के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जवानों ने गांव अमर सिंह, ढाणी फत्तूवाला, जिला फाजिल्का से दो तस्करों को पकड़कर एक पिस्तौल, एक मैगजीन, चार जिंदा राउंड और दो आई-फोन बरामद किए।

### भाजपा नेता के पुत्र ने फांसी लगाकर दी जान

**अलवर।** राजस्थान में अलवर के अरावली विहार थाना क्षेत्र में भाजपा नेता राजेंद्र सैनी के 22 वर्षीय पुत्र ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अरावली विहार थाने के पुलिस उपनिरीक्षक रामस्वरूप ने रविवार को बताया कि सुबह साढ़े सात बजे अरावली विहार थाने पर सूचना मिली कि सौनावा डूंगरी निवासी भाजपा नेता राजेंद्र सैनी के पुत्र गौरव ने आत्महत्या कर ली।

# लगातार भारी बारिश से कई जिलों में बाढ़, खेत-खलिहान जलमग्न

## पूर्वी उप्र. में भारी बारिश का अलर्ट, वज्रपात की भी आशंका

- मुख्यमंत्री योगी ने की 11 जिलों में बाढ़ के हालात की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूर्वी उत्तर प्रदेश के तमाम जिलों में बीते तीन दिनों से भारी बरसात हो रही है। लगातार भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त है। किसानों के खेत-खलिहान जलमग्न हो गए हैं। 11 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। इस दौरान अलग-अलग जिलों में अब तक डेढ़ दर्जन लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं, मौसम विभाग ने अगले दो-तीन दिन तक मौसम इसी तरह बने रहने की संभावना जताई है। कुछ जिलों में वज्रपात की भी आशंका है तो एक दर्जन जिलों में भारी बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है।

इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लगातार हो रही बारिश व पहाड़ों से छोड़े गए पानी से राज्य के 11 जिलों में बाढ़ के हालात की समीक्षा की। उन्होंने प्रभावित जिलों क्रमशः कुशीनगर, महाराजगंज, लखीमपुर खीरी, बलिया, फर्रुखाबाद, गोंडा, कानपुर नगर, जीबीनगर, सीतापुर, हरदोई और शाहजहांपुर के अधिकारियों को तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित कानपुर नगर, जीबीनगर, सीतापुर, हरदोई और शाहजहांपुर में युद्धस्तर पर राहत कार्य जारी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी प्रभावित जिलों में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पीएसी की कई टीमों को तैनात किया गया है। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित जिलों में राहत कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। कुशीनगर में गंडक नदी के कारण 1 तहसील के 5 गांव प्रभावित हैं। ऐसे में जलभराव की वजह से 8 हजार लोग प्रभावित हैं। यहां पर 16 बाढ़ शरणालय स्थापित किए गए हैं। रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ और पीएसी की 1-1 टीम को तैनात की गई है। इसके अलावा एनडीआरएफ द्वारा शिवपुर गांव में बाढ़ के पानी में फंसे 10 लोगों को रेस्क्यू किया गया। इसी तरह महाराजगंज में गंडक नदी के कारण 1 तहसील का 1 गांव प्रभावित है। यहां 45 लोग प्रभावित हैं। यहां पर 1 बाढ़ शरणालय स्थापित किया गया है। गोस्वामी ने यह भी बताया कि वर्तमान में बाढ़ शरणालय में 45 लोग रह रहे हैं। वहीं जल स्तर बढ़ने के कारण 45 लोगों को बाढ़ शरणालय में शिफ्ट किया गया है। लखीमपुर खीरी की 4 तहसील के 11 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं, जिसमें से 7 गांवों में कटान हो रहा है। इससे 19,500 लोग प्रभावित हैं। राहत आयुक्त ने बताया कि बलिया में 3 तहसील के 18 गांव प्रभावित हैं। यहां जलभराव में 8300 लोग फंसे हैं। बाढ़ शरणालय में 700 लोग रह रहे हैं। जल भराव के कारण 350 लोग प्रभावित हैं। गोंडा में घाघरा नदी के 1 तहसील के 3 गांव प्रभावित हैं। जलभराव से 452 लोग प्रभावित हैं।



संत कबीरनगर जिले के धनघटा तहसील क्षेत्र में उफनाई घाघरा नदी। ● अमृत विचार

### पीड़ितों को तत्काल राहत राशि देने के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारी बारिश और बाढ़ के कारण जिलाधिकारियों को फसलों के नुकसान का आकलन कर शासन को आख्या उपलब्ध कराने को कहा है, ताकि प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जा सके। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित जिन लोगों के घरों को नुकसान अथवा पशु हानि हुई है, उन्हें तत्काल वित्तीय सहायता सौंपने के भी निर्देश दिए हैं।

## करात होंगे माकपा पोलित ब्यूरो के अंतरिम समन्वयक



- अप्रैल 2025 में पार्टी सम्मेलन तक संभालेंगे जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता प्रकाश करात अगले साल अप्रैल में पार्टी का 24वां सम्मेलन होने तक अंतरिम व्यवस्था के तौर पर पार्टी के पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति के समन्वयक होंगे। यह निर्णय माकपा महासचिव सीताराम येचुरी का 12 सितंबर को निधन हो जाने के मद्देनजर लिया गया है। माकपा ने कहा कि नई दिल्ली में जारी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक में फैसला किया गया है कि कॉमरेड प्रकाश करात अप्रैल 2025 में मदुरै में 24वीं 'पार्टी कांग्रेस' (सम्मेलन) होने तक अंतरिम व्यवस्था के तौर पर पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति के समन्वयक होंगे।

माकपा के सबसे वरिष्ठ नेताओं में शामिल करात 2005 से 2015 तक इसके महासचिव रहे। वह 1985 में केंद्रीय समिति के लिए चुने गए और 1992 में पोलित ब्यूरो के सदस्य बने।

# जीरो टॉलरेंस नीति से अपराधी व उनके आका परेशान : योगी



गोरखनाथ मंदिर में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- गोरखपुर के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुरक्षा के बेहतरीन माहौल में ही निवेश आता है। जब व्यक्ति ही सुरक्षित नहीं रहेगा तो उसकी पूंजी कैसे सुरक्षित रह पाएगी। सरकार की अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति से उन लोगों और उनके आकाओं को परेशानी होती है जिनके लिए अपराध ही पेशा था।

योगी रविवार को गोरखपुर में गीडा के सेक्टर 27 में बहुराष्ट्रीय कंपनी पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण बेवरेजेज के 1170 करोड़ के निवेश से लगी यूनिट (शीतल पेय बॉटलिंग एवं डेयरी उत्पाद संयंत्र) का औपचारिक उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मेवालाल गुप्त गुरुकुल विद्यालय में भव्य सभागार, प्रशासनिक भवन और कक्षाओं का भी लोकार्पण किया। योगी ने कहा कि सरकार कानून व्यवस्था को लेकर जीरो टॉलरेंस के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि इससे ही वर्तमान सुरक्षित रहेगा और बेहतर भविष्य के लिए वर्तमान का सुरक्षित रहना आवश्यक है।

### मन की बात में उप्र को सराहा योगी ने जताया आभार

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को 'मन की बात' में वृक्षारोपण की उपलब्धियों से लेकर स्वच्छ भारत मिशन और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने के लिए उप्र की तारीफ की। योगी ने एक्स पर पोस्ट कर बुंदेलखंड क्षेत्र के झांसी में सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं के योगदान को मन की बात में स्थान देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया।

# बरेली, वाराणसी व अलीगढ़ के एसई निलंबित

- विभागीय कार्यों की समीक्षा में अफसर नहीं दे पाए सही जवाब
- उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने की कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने राजस्व वसूली समेत विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान उचित जवाब न देने पर बरेली, वाराणसी व अलीगढ़ के बिजली अधीक्षण अभियंताओं (एसई) को निलंबित कर दिया। अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इन अभियंताओं के निलंबन के लिए संबंधित वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिए। अध्यक्ष रविवार को शक्ति भवन में विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे।

निलंबित अभियंताओं में बरेली शहर के अधीक्षण अभियंता अम्बा प्रसाद, वाराणसी शहर के अधीक्षण अभियंता वीपी कठेरिया व अलीगढ़ शहर के अधीक्षण अभियंता आरके मिश्रा शामिल हैं। इन अधिकारियों को वाणिज्य व तकनीकी आदि विषयों के संबंध में जानकारियां मांगी गई थीं। समीक्षा बैठक में अध्यक्ष ने राजस्व वसूली में बढ़ोतरी के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि हम जितनी बिजली दें, उतना बिजली बिल वसूल करें।

### 1912 पर दी जाए बिजली आपूर्ति बंद होने की जानकारी

पॉवर कॉरपोरेशन अध्यक्ष ने कहा कि मरम्मत कार्य के दौरान बिजली आपूर्ति बंद रखने की सूचना संचार माध्यम से उपभोक्ताओं को दी जाए। उन्होंने कहा कि विभाग के नियंत्रण कक्ष 1912 पर बिजली आपूर्ति बंद रखे जाने की जानकारी अवश्य की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज कराने के दौरान उन्हें सही जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि निवेश मित्र व झटपट पोर्टल पर दर्ज हो रहे नए बिजली कनेक्शन के प्रकरणों का शीघ्रता से निस्तारण कराया जाए। ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त कम हों, इसके लिए लगातार रखरखाव और अनुरक्षण कार्य किया जाए।

## केरल : फोन टैपिंग में विधायक के खिलाफ दर्ज किया मामला

- राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों की बातचीत सुनने का आरोप

**कोट्टायम।** निर्दलीय विधायक पीवी अनवर के खिलाफ राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों की फोन कॉल टैप करने का मामला दर्ज किया गया है। निलांबुर से विधायक अनवर के खिलाफ दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि उन्होंने अवैध रूप से दूरसंचार प्रणाली को हैक किया और राज्य में वरिष्ठ अधिकारियों के फोन टैप किए, सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डाला तथा मीडिया के माध्यम से गलत सूचना फैलाई। इसका उद्देश्य लोगों को भड़काना और नफरत पैदा करना था।

# मप्र में ट्रक से भिड़ी बस, 9 यात्रियों की मौत

## 20 लोग घायल, मृतकों में 7 उप्र के रहने वाले, चार मृतक जौनपुर के और तीन प्रतापगढ़वासी

मैहर (मप्र), एजेंसी

मध्य प्रदेश के मैहर जिले में एक निजी यात्री बस की ट्रक से टक्कर में 9 लोगों की मौत हो गई जबकि करीब 20 लोग घायल हैं।

पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। मृतकों में सात लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। हादसा शनिवार रात करीब 11 बजे मैहर में हुआ जब बस पत्थर से लदे ट्रक से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 30 पर हुई। बस में करीब 45 यात्री सवार थे। मैहर के पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने बताया कि बस प्रयागराज से रीवा होते हुए नागपुर जा रही थी, तभी नादन देहात थाने के पास हादसे का शिकार हो गई। छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई लेकिन तीन और लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि सभी मृतक पुरुष हैं और उनमें चार साल का एक बच्चा भी शामिल है। अग्रवाल ने बताया कि सात शवों की पहचान हो चुकी है। जिनमें चार मृतक उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के और तीन प्रतापगढ़ जिले के रहने वाले हैं। दो अन्य मृतकों की पहचान के प्रयास जारी हैं। घायलों को रीवा सहित विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घायलों में अधिकतर जौनपुर और प्रतापगढ़ के निवासी हैं। एसपी ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि बस की गति बहुत तेज थी। बचाव दल को क्षतिग्रस्त बस में से यात्रियों को निकालने के लिए गैस कटर और खुदाई करने वाली मशीन का इस्तेमाल करना पड़ा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि हादसे में नौ यात्रियों की मौत होने की पुष्टि हुई है जबकि एक अत्यंत गंभीर हालत में है। अधिकतर यात्री उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के हैं।



### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यक्त की संवेदना

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मैहर में हुए हादसे में लोगों की जान जाना दुखद है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। कहा कि पीड़ितों की हर मदद के लिए मध्य प्रदेश सरकार से संपर्क किया है।

## सपा सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ एफआईआर

- गाजीपुर में गांजा पर दिए गए बयान पर हुई कार्रवाई



**लखनऊ।** चार दिन पहले मठ, मंदिर और कुंभ को लेकर विवादित बयान देने वाले सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ गाजीपुर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। एसपी सिटी ज्ञानेंद्र प्रसाद के अनुसार गोराबाजार चौकी प्रभारी राजकुमार की तहरीर पर बीएनएस की धारा 353 (3) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। सपा सांसद अफजाल अंसारी ने कहा था कि लाखों लोग गांजा पीते हैं और भगवान का प्रसाद और बूटी कहकर पीते हैं। योगी बाबा से कहकर गांजा को वैध कराया जाए। अगर गांजा अवैध है तो पीने की छूट क्यों दी गई है। यह दोहरी नीति क्यों ? साधु, संत और महात्मा समाज के लोग गांजा बहुत ही शौक से पीते हैं। कहा कि कुंभ में एक मालगाड़ी गांजा चला जाए तो खप जाएगा।

# जम्मू-कश्मीर के कठुआ में एक आतंकी मारा गया

- आतंकियों-सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ जारी

जम्मू, एजेंसी

जम्मू कश्मीर में कठुआ जिले के एक सुदूर गांव में आतंकवाद रोधी अभियान में सुरक्षा बलों ने रविवार को एक आतंकवादी को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि रविवार दोपहर को बिलावर तहसील के कोग-मंडली गांव में मुठभेड़ स्थल से आतंकवादी का शव बरामद किया गया है। गांव में लगातार दूसरे दिन व्यापक तलाश अभियान जारी है। जम्मू जोन के एडीजी आनंद जैन ने बताया कि तीन से चार विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद शनिवार को गांव में तलाश अभियान शुरू किया गया।

इसके बाद शनिवार शाम को सुरक्षाबलों तथा आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया। जैन ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी और इसके बाद अभियान शुरू किया गया। जैन ने बताया कि मुठभेड़ में हेड कांस्टेबल बशीर अहमद शहीद हो गए, एक सीओ और एक एएसआई घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि दोनों अधिकारियों की हालत स्थिर है।

## छत्तीसगढ़ में आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ के पांच जवान घायल

- बीजापुर में नक्सलियों के खिलाफ अभियान पर निकले थे

**बीजापुर (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों की ओर से लगाए गए आईईडी में विस्फोट से रविवार को एक अधिकारी समेत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के पांच जवान घायल हो गए। घटना सुबह करीब सात बजे तारेम थाना क्षेत्र के तहत तब हुई जब सीआरपीएफ की 153 बटालियन विस्फोटकों को हटाने के काम पर निकली थी। अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने विस्फोटक से जुड़ा एक तार देखा और वे तार से जुड़े बम की तलाश कर रहे थे तभी विस्फोट हो गया।

जवानों को चेहरे, आंखों और पेट के ऊपरी हिस्से में चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद घायल जवानों को राजधानी रायपुर ले जाया गया। घायलों में सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट वैद्य संकेत देवीदास, निरीक्षक संजय कुमार और कांस्टेबल बी पवन कल्याण, लोचन महतो और धोले राजेंद्र अश्रूबा शामिल हैं।

# जम्मू में भाषण के दौरान बेसुध हुए खरगे



- इलाज के बाद बोले- मोदी को सत्ता से हटाने से पहले मैं मरने वाला नहीं

जसरोटा (जम्मू), एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कठुआ जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मंच पर बेसुध हो गए। भाषण देते हुए खरगे की आवाज धीमी होती चली गई। मंच पर खड़े लोगों ने उन्हें सहारा देकर बैठाया। इसके बाद उनके भाषण को रोक दिया गया। तबीयत ठीक होने के बाद खरगे वापस मंच पर आए और कहा कि मैं 83 साल का हो गया हूं, लेकिन इतना जल्दी मरने वाला नहीं हूं। जब तक मोदी को हटाएंगे नहीं, मैं जिंदा रहूंगा।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए संघर्ष जारी रहेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से बेदखल करने तक वह राजनीति में सक्रिय रहेंगे। खरगे की टिप्पणी केंद्र की भाजपा नेतृत्व की सरकार की केंद्र शासित प्रदेश के मामले में कार्यप्रणाली, विशेषकर चुनावों में देरी को लेकर आलोचना के बीच आई है।

इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष ने बोलते समय चक्कर आने की शिकायत की थी और वे मंच पर ही बेसुध हो गए थे। जसरोटा रैली में खरगे ने कहा कि मैं बात करना चाहता था, लेकिन चक्कर आने के कारण मैं बैठ गया। कृपया मुझे माफ करें। वे (भाजपा) हमें आतंकित करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा सरकार पर जम्मू-कश्मीर को रिमोट कंट्रोल के जरिए चलाने का आरोप लगाते हुए खरगे ने कहा कि ये लोग कभी चुनाव नहीं कराना चाहते थे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद ही चुनाव की तैयारी शुरू की। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि राज्य का दर्जा बहाल करने का अधिकार होने के बावजूद वह (भाजपा) ऐसा करने में विफल रही है। खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी जी जम्मू कश्मीर के युवाओं के भविष्य को लेकर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि 45 वर्षों में सबसे अधिक बेरोजगारी दर मोदी जी के कार्यकाल में है।

# कार से सिपाही को टक्कर मारी, 10 मीटर तक घसीटा

- अस्पताल में मौत, कार सवार को गति कम करने को कहा था

नई दिल्ली, एजेंसी

बाहरी दिल्ली में एक कार चालक ने मोटरसाइकिल से जा रहे पुलिस कांस्टेबल को टक्कर मार दी और वह उसे करीब 10 मीटर तक घसीटता रहा। पुलिसकर्मी की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि कांस्टेबल ने लापरवाही से वाहन चलाने के लिए कार चालक को डांट लगाई थी, लेकिन इसके बाद उसने कांस्टेबल को टक्कर मार दी।

यह घटना शनिवार देर रात करीब सवा दो बजे वीणा एन्क्लेव के पास उस समय हुई, जब कांस्टेबल संदीप (30) ड्यूटी के दौरान सादे कपड़ों में नांगलोई पुलिस थाने से रेलवे रोड की ओर जा रहे थे। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त जिम्मी चिराम ने बताया कि जब संदीप ने देखा कि एक व्यक्ति कार को लापरवाही से चला रहा है तो उन्होंने चालक को ऐसा न करने के लिए कहा। इसके बाद अचानक चालक ने कार की गति बढ़ा दी और उसने कांस्टेबल की मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी तथा उसे करीब 10 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया, उसके बाद एक खड़ी कार से जा टकराया। कांस्टेबल संदीप को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## फर्जी डिग्री रैकेट का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने फर्जी डिग्री घोटाले में शामिल एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए रविवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 196 फर्जी डिग्रियां, 53 मोहरें, 16 पासपोर्ट, छह लैपटॉप, तीन प्रिंटर, एक मोहर बनाने वाली मशीन और आठ मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बताया कि आरोपियों ने इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट और अन्य समेत कई कोर्स के लिए फर्जी डिग्रियां जारी की थीं। यह गिरोह पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और अन्य समेत कई राज्यों में सक्रिय है। शर्मा ने बताया कि जांच में फर्जी डिग्री आपूर्तिकर्ताओं के देशव्यापी नेटवर्क का पता चला है। मामले की जांच जारी है।

# किसानों को प्रदेश में उत्पादित बीज उपलब्ध कराएगी सरकार

## अब दूसरे राज्यों पर नहीं होगी निर्भरता, सरकार के बचेंगे 3000 करोड़, पीपीपी मॉडल पर बनेंगे पांच बीज पार्क, 200 हे. में होगा हर पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के किसान आने वाले दिनों में अपनी फसलों के बीज हासिल करने को दूसरे राज्यों पर निर्भर नहीं होंगे। राज्य सरकार ने उप्र. में ही बीज उत्पादन की एक व्यापक योजना तैयार की है। ऐसे में राज्य सरकार को हर साल करीब 3000 करोड़ रुपये खर्च नहीं करने पड़ेंगे। कार्य योजना के तहत उप्र. के नौ कृषि जलवायु क्षेत्रों में होने वाली फसलों के मद्देनजर पांच बीज पार्क (वेस्टर्न जोन, तराई जोन, सेंट्रल जोन, बुंदेलखंड और ईस्टर्न जोन) पीपीपी मॉडल पर बनाए जाएंगे। हर पार्क का रकबा न्यूनतम 200 हेक्टेयर का होगा।

दरअसल, वर्तमान में प्रदेश की प्रमुख फसलों के लिए लगभग 50 फीसद बीज दक्षिण भारत के राज्यों से आता है। इनमें तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश प्रमुख हैं। किसानों को राज्य के कृषि जलवायु के अनुकूल गुणवत्ता के बीज मिले, इसके लिए सरकार ने बड़े पैमाने पर उत्तर प्रदेश में ही बीज उत्पादन की रणनीति तैयार की है। इससे किसानों के लिए स्थानीय स्तर पर गुणवत्ता के बीज तैयार होने से उनकी उपज और उपज की गुणवत्ता में सुधार होगा। विभागीय आंकड़ों के अनुसार गेहूं के 22 प्रतिशत धान के 51 प्रति. मक्का के 74 प्रति., जौ के 95 प्रति., दलहन के 50 प्रति. और तिलहन के 52 प्रति. बीज गैर राज्यों से आते हैं। कृषि विभाग के पास बुनियादी सुविधाओं के साथ ऐसे छह फार्म उपलब्ध हैं। सरकार जिनको इच्छुक पार्टियों को लीज पर दे सकती है।



### गुणवत्ता वाले बीजों से कम होगा उत्पादन का अंतर

विभागीय आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में गेहूं का प्रति हेक्टेयर प्रति कुंतल उत्पादन 26 .75 कुंतल है। जबकि पंजाब का सर्वोच्च 40 .35 कुंतल है। इसी तरह धान का उत्पादन 37 .35 कुंतल है, जबकि हरियाणा का 45 .33 कुंतल। अन्य राज्यों की तुलना में इसी तरह का अंतर चना और सरसों के उत्पादन में भी है। गुणवत्ता के बीज से इस अंतर को 15 से 20 फीसद तक कम किया जा सकता है।

> फसल के लिए बीज, सबसे महत्वपूर्ण कृषि निवेश है। बीज की गुणवत्ता पर ही फसल की उपज और गुणवत्ता निर्भर करती है। अगर बीज खराब है तो खेत की तैयारी से लेकर बीज और बोआई के समय डाली जाने वाली खाद की लागत बर्बाद हो जाती है। दुबारा बोआई में देर होने से उपज प्रभावित होती है। बीज का जर्मिनेशन अगर कम है तो भी इसका उपज पर प्रभाव पड़ता है।
>
> – डॉ. अवधेश मिश्र, कृषि विशेषज्ञ

## एक नजर

### प्रोफेसर एसके सिंह को वरिष्ठता सम्मान से नवाजा



**हरदोई, अमृत विचार।** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति का त्रैमासिक अधिवेशन एसडी कालेज में आयोजित हुआ। इस मौके पर वृद्धावस्था में परिवर्तित दिनचर्या व जीवन शैली विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। प्रोफेसर एसके सिंह वरिष्ठता सम्मान से नवाजा गया। गोष्ठी में समिति के महामंत्री डॉ. ईश्वर चंद्र वर्मा ने कहा कि जीवन के उत्तरार्ध का यही श्रेष्ठतम उपयोग है कि उसे स्वाध्याय व अध्यात्म, ज्ञान साधना एवं लोकमंगल में लगाते हुए आत्मकल्याण व समाजसेवा की जाए। संस्थाध्यक्ष डा. ब्रम्हस्वरूप पांडेय ने कहा कि वृद्धावस्था को मन से स्वीकार कर वानप्रस्थ जीवन शैली अपनाकर कर्मशील दिनचर्या रखनी चाहिए। गोष्ठी में विद्वानों ने अपने विचार रखें।

### ख़राब प्रगति पर नोटिस जारी करने के निर्देश

**हरदोई, अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी की अध्यक्षता में शासी निकाय की बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाई जाये। जननी सुरक्षा योजना का कोई भुगतान लंबित न रखा जाये। मातृत्व मृत्यु दर की रिपोर्टिंग की व्यवस्था को बेहतर बनाया जाये। एनआरसी में सभी बेड पर बच्चों को रखा जाये तथा उन्हें सुपोषित की श्रेणी में लाने के गंभीर प्रयास किये जाएं। उन्होंने बेहदर व हरपालपुर के अधीक्षक को आरबीएसके की रिपोर्टिंग की स्थिति ख़राब होने पर कड़ी फटकार लगायी। हरपालपुर अधीक्षक को विभिन्न मानकों पर ख़राब प्रगति होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# कोतवाली के बाहर चले लात-घूंसे, वीडियो वायरल

संवाददाता, हरदोई

▸▸ पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेकर की पूछताछ

**अमृत विचार।** कोतवाली के बाहर दो युवक के बीच खूब लात-घूंसे चले, जिसका वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि एक युवक दूसरे युवक को खींच कर पुलिस के पास ले जा रहा था। उसी दौरान दोनों में झगड़ा होने लगा और वीडियो वायरल कर दिया गया।

बताया गया है कि सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में दो युवक कोतवाली शहर के बाहर झगड़ा करते हुए एक-दूसरे पर लात-घूंसे चला रहे थे, उसी बीच किसी ने उसका वीडियो बना कर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने एक युवक शुभम पुत्र रामाधार निवासी आलू थोक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह सुनील को पकड़ कर कोतवाली ला रहा था, उसी बीच वह हाथ-पैर चलाने लगा। शुभम ने सुनील के बारे में बताया कि वह उसकी भाभी की शिकायत कर देता है, जिससे घर में कलह होती है, इसीलिए वह सुनील को सबक सिखाने के लिए पुलिस के पास ला रहा था। पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है।

## लापरवाह पंचायत सचिव का वेतन रोका

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** गांव के विकास, शासकीय खर्चे में लापरवाही और गैर हाजिरी पर डीपीआरओ विनय कुमार सिंह ने शाहाबाद के पंचायत सचिव का वेतन रोक दिया है। शाहाबाद के पंचायत सचिव आक्रोश वर्मा ग्राम पंचायत के खातों में बजट होने के बाद भी गांव में कार्य नहीं कराया। बैठकों में प्रतिभाग भी नहीं किया। योजनाओं और कार्यक्रमों की सही जानकारी भी नहीं दी जा रही थी। डीपीआरओ विनय कुमार सिंह ने गूगल मीट के माध्यम से शाहाबाद विकासखंड की कार्यों और भुगतान की समीक्षा की थी। बैठक में शाहाबाद के पंचायत सचिव आक्रोश वर्मा की ग्राम पंचायत की प्रगति काफी खराब मिली और आक्रोश वर्मा का गैर हाजिर होने के कारण वेतन रोका गया है।

# हिंदू समाज को एक होने की जरूरत : विनायक

## विश्व हिंदू परिषद ने आयोजित किया समरसता सम्मेलन व भोज

संवाददाता, हरदोई



समरसता सम्मेलन के मंच पर मौजूद अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विहिप के माध्यम से समरसता सम्मेलन एवं समरसता भोज का कार्यक्रम रविवार को एक लॉन में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विहिप के अखिल भारतीय सह संगठन महामंत्री. विनायक राव, मुख्य अतिथि विमल जैन रिटायर्ड जज, विशिष्ट अतिथि डॉ. ईश्वर चंद्र वर्मा वरिष्ठ साहित्यकार एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर सीपीकटियार ने की। जिसमें रविदासी समाज से राम कुमार वर्मा, वाल्मीकि समाज से संतोष कुमार वाल्मीकि, ब्रह्माकुमारी संस्था से रोशनी दीदी रहीं।

कार्यक्रम की प्रस्तावना जिलाध्यक्ष आशीष ने रखी। मुख्य वक्ता विनायक रॉव ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा कहे गए कथनों को दोहराते हुए याद दिलाया कि संपूर्ण हिंदू समाज को आज एक होने की जरूरत है। सिर्फ जाति पर आपस में मतभेद व मनभेद न करें। लोगों ने आजकल के दौर में जहां भगवान परशुराम व भगवान राम को भी जाति के बंधन में बांट रखा है। उन अज्ञानी लोगों को यह पता ही नहीं कि परशुराम की माता स्वयं क्षत्रिय कुल की थीं। हजारों वर्षों से चली आ रही कुंभ की प्रथा में कोई भी जाति विशेष के स्नान का दिन नहीं है। पूर्व में जाति व्यवस्था नहीं थी। इसका कुंभ से बड़ा कोई उदाहरण नहीं हो सकता। अब समय आ गया है कि सभी हिंदू जनमानस एक साथ होकर हिन्दवः सोदराः सर्वे, न हिन्दू पतितो भवेत्। मम दीक्षा हिन्दूः रक्षा, मम मंत्रः समानता।। सब हिन्दू भाई है, कोई भी हिन्दू पतित नहीं है। हिंदुओं की रक्षा ही मेरी दीक्षा है, समानता ही मेरा मंत्र है। इस रास्ते पर चलें।

कार्यक्रम में विहिप कार्याध्यक्ष मोहित, जिला मंत्री गौरव, उपाध्यक्ष सीतू,कुसुमलता व हिमांशु, प्रचार प्रसार प्रमुख अक्षतानन्द (मनु), कोषाध्यक्ष कैलाश, संपर्क प्रमुख नागेन्द्र विभाग संपर्क प्रमुख सुशील व संघ विचार परिवार के सैकड़ो कार्यकर्ता व पदाधिकारी रहे।

# फिर बीमार हुईं विद्यालय की छात्राएं

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बरौलिया का मामला, विद्यालय में एक सप्ताह की छुट्टी

संवाददाता, हरदोई


छात्राओं का परीक्षण करते चिकित्सक। अमृत विचार

▸▸ बीडीओ की मौजूदगी में छात्राओं का किया गया मेडिकल चेकअप

**अमृत विचार।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राएं फिर दूसरे दिन बीमार पड़ गईं। वहां खाना खाने से बीमार हुई छात्राओं में से तीन को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। विद्यालय पहुंची डाक्टरों की टीम ने बीडीओ की मौजूदगी में छात्राओं का मेडिकल चेकअप किया गया, साथ ही विद्यालय में एक सप्ताह की छुट्टी बोल दी गई है।

बताते चलें कि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बरौलिया (साण्डी) की छात्राओं ने शनिवार को पूड़ी के साथ अचार खाया था। खाना खाने के कुछ देर बाद एक-एक कर छात्राओं का जी मिचलाया और उन्हें उल्टियां होने लगीं। बीमार होने वाली छात्राओं को सीएचसी में भर्ती कराया गया। इसका पता होते ही वहां पहुंचे डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने इस बारे में पूरी तहकीकात की और जांच कराने को कहा। रविवार को फिर तीन छात्राओं की तबियत बिगड़ गई। उन्हे सीएचसी पहुंचाया गया। साथ ही वहां पहुंची डाक्टरों की टीम ने बीडीओ उदयवीर सिंह की मौजूदगी में छात्राओं का मेडिकल चेकअप किया। इसके अलावा विद्यालय में एक सप्ताह की छुट्टी बोल दी गई है। बीमार छात्राओं करिश्मा, प्रियंका, सोनाली, कविता, चांदनी, हिमांशी,नैंसी,शिल्पी रीना और साधना के अलावा तीन छात्राओं रीना,हिमांशी और साधना को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

# हिस्ट्रीशीटर बोले... जी हाजिर हूं

## गोपामऊ पुलिस चौकी में बुलाए गए 35 हिस्ट्रीशीटरों ने की तौबा

संवाददाता, हरदोई


हिस्ट्रीशीटरों की नसीहत देते एसएचओ टड़ियावां। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एसपी के एक्शन और सीओ व एएसपी के सुपर विज़न में हिस्ट्रीशीटरों को थाना-चौकी में बुला कर उनकी क्लास लगाई जा रही है। वहां पहले एक-एक का नाम पुकार कर उनकी हाज़िरी लगाई जाती है, फिर उसके बाद उन्हें फिर कभी क्राइम न करने की तौबा कराई जाती है। इसी कड़ी में रविवार को टड़ियावां थाने की गोपामऊ पुलिस चौकी में 35 हिस्ट्रीशीटरों की हाज़िरी हुई।

एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह ने पुलिस चौकी पहुंचे हिस्ट्रीशीटरों को क्राइम से दूर रहने की नसीहत दी। एसपी नीरज कुमार जादौन के कड़े एक्शन और एएसपी पश्चिमी मार्तंड प्रताप सिंह व सीओ हरियावां संतोष कुमार सिंह के सुपर विज़न में 35 हिस्ट्रीशीटरों की पुलिस चौकी गोपामऊ में हाज़िरी लगाई गई। एसएचओ अशोक कुमार सिंह ने हाज़िर हुए हिस्ट्रीशीटरों को क्राइम से दूर की नसीहत देते हुए उन्हें अपने को बदलने की बात कही। श्री सिंह ने बताया कि हर महीने की एक तय तारीख पर उनकी थाने पर हाज़िरी लगवाने के लिए बुलाया जाएगा। इसके पीछे की मंशा है कि ऐसे लोगों की सही से निगरानी की जा सकी।

# हरदोई समेत दो स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव की मांग

## सांसद ने रेल मंत्री से की मुलाकात, सांडी रेल लाइन बिछवाने की मांग

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सांसद जयप्रकाश रावत ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर हरदोई बघौली में ट्रेनों के ठहराव की मांग की। इसके साथ ही हरदोई से गुरसहायगंज वाया सांडी रेल लाइन को लेकर भी मांग रेल मंत्री से सांसद ने की है।

सांसद की मांग पर एक बार फिर रेल मंत्री ने उन्हें ट्रेनों के ठहराव और सांडी रेल लाइन को लेकर आश्वासन दिया है। हालांकि रेल मंत्री से सांसद को सांडी रेल लाइन और ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर पहले भी आश्वासन मिल चुका है, लेकिन अब तक ट्रेनों का ठहराव हरदोई रेलवे स्टेशन पर नहीं हुआ और न ही सांडी रेल लाइन को लेकर आगे कोई कार्य योजना बन सकी है। सांसद ने एक बार फिर रेल मंत्री से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। रेल लाइन के निर्माण की मांग को लेकर हरदोई के लोगों में एक बार फिर से आस जग गई है। लोगों का कहना है कि उम्मीद है कि इस बार रेल मंत्री हरदोई के सांसद की मांग को अवश्य पूरा करेंगे।

### माउंटआबू व बालाजी जाने में होगी आसानी

**हरदोई, अमृत विचार।** सांसद जयप्रकाश रावत द्वारा हरदोई रेलवे स्टेशन पर 19269-70 पोरबंदर मुजफ्फरपुर मोतिहारी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की है।

सांसद जयप्रकाश रावत ने मोतिहारी एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग को करते हुए अवगत कराया कि हरदोई से माउंटआबू जाने के लिए सीधी रेलगाड़ी उपलब्ध नहीं है तथा ब्रह्माकुमारी अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंटआबू में बना हुआ है। ऐसे में ब्रह्माकुमारी की बहनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही मेहंदीपुर बालाजी जाने के लिए भी हरदोई से कोई भी सीधी ट्रेन नहीं है। मोतिहारी एक्सप्रेस के ठहराव से बालाजी और माउंट आबू जाने के लिए सीधी ट्रेन रेल यात्रियों को मिल सकेगी। इसके साथ ही शाहाबाद रेलवे स्टेशन पर सांसद जयप्रकाश ने रेल मंत्री से त्रिवेणी एक्सप्रेस, अवध आसाम एक्सप्रेस, बाघ एक्सप्रेस, सियालदह एक्सप्रेस व जनता एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की है।

इसके साथ ही लगातार किसान यूनियन बघौली रेलवे स्टेशन पर बरेली बनारस एक्सप्रेस और जनता एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग कर रहे थे, जिसको लेकर भी सांसद जयप्रकाश रावत ने रेल मंत्री को पत्र सौंपा है और ट्रेन के ठहराव की मांग रेल मंत्री से की है। सांसद ने 2019 में स्वीकृत हुई हरदोई गुरसहायगंज वाया सांडी रेल लाइन को लेकर भी पत्र सौंपा और इस रेल लाइन को शीघ्र बिछवाने की मांग की रेल मंत्री से की जिस पर रेल मंत्री ने सांसद जय प्रकाश रावत को आश्वस्त किया।

# सड़क पर कीचड़ से हो रही परेशानी

संवाददाता, पाली, हरदोई


कीचड़युक्त सड़क से निकलता वाहन सवार। अमृत विचार

▸▸ भरखनी ब्लाक के उमरापुर गांव का मामला

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार द्वारा गांवों के विकास को लेकर तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं ताकि गांव के बाशिंदों को कोई समस्या न हो, पर भरखनी ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत ज्यूरा के मजरा उमरापुर में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। यहां ग्राम प्रधान सहित अन्य जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण मुख्य मार्ग पर जलभराव और कीचड़ से ग्रामीण काफी परेशान हैं। ग्रामीणों ने सड़क नाली बनवाकर जलभराव और कीचड़ से की समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

ग्राम विकास खंड भरखनी की ग्राम पंचायत ज्यूरा के मजरा उमरापुर में सड़क-नाली जैसी मूलभूत सुविधाओं का पूर्ण रूप से अभाव है। यहां बीते 5-6 साल से मुख्य मार्ग पर जलभराव और कीचड़ की समस्या है। मुख्य मार्ग होने के कारण इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों लोग गुजरते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अक्सर कीचड़ में फिसल कर लोग गिर जाते हैं और चोटिल होते हैं, कीचड़ में वाहन भी फंस जाते हैं। पर ग्राम प्रधान एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीण जागेश्वर, खुशीराम, गौतम, दीपक आदि ने उपरोक्त समस्या का जल्द समाधान कराए जाने की मांग की है।

## हमले का वीडियो वायरल पुलिस ने एक को पकड़ा

**हरदोई, अमृत विचार।** दिल्ली जाने के लिए खड़े युवक को घेर कर उसके ऊपर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। उसी बीच किसी ने हमले का वीडियो बना कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही एक्शन में आई साण्डी पुलिस ने एक हमलावर को पकड़ लिया, जबकि बाकी को ढूंढा जा रहा है।

साण्डी कस्बे के मोहल्ला सराय मुल्ला गंज निवासी रऊफ अहमद की तहरीर पर पुलिस ने साण्डी कस्बे के राजन शुक्ला, अंकित वर्मा, राजू शुक्ला व अमन गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए एक हमलावर अमन गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है, बाकी हमलावरों को ढूंढा जा रहा है।

# संचारी रोगों की रोकथाम के निर्देश

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** संचारी रोगों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा टास्क फोर्स बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने रविवार को की।

बैठक में नालियों की साफ-सफाई मच्छर रोधी गतिविधियां जैसे जल जमाव न होने देना, मच्छर रोधी रसायन का छिड़काव, फागिंग इत्यादि गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश सीडीओ ने दिए। उन्होंने सभी विभाग अपनी गतिविधियां समय से निर्धारित माइक्रोप्लान के अनुसार करने के निर्देश दिये। इस बार के अभियान में जिले के सभी जन आरोग्य मंदिर में गैर संचारी रोगों जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, टीबी, कैंसर इत्यादि की स्क्रीनिंग भी की जायेगी। दस्तक अभियान के अन्तर्गत आशाएं व आंगनबाड़ी कार्यकात्री घर घर जाकर बुखार के मरीजों की जानकारी लेंगी और मच्छरों से बचाव के बारे जानकारी देंगी तथा घरों में मच्छर लार्वा चिन्हीकरण का करेगी। सभी ब्लाक एमो आईसी सभी ब्लॉक स्तर पर सभी विभागों से समन्वय रख कर गतिविधियां आयोजित करवायें।


बाढ़ के पानी से घिरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमऊ। अमृत विचार

### कैसे होगी संचारी रोग की रोकथाम

संचारी रोग की रोकथाम को लेकर तमाम तैयारियां चल रही है, लेकिन प्राथमिक स्वास्थ्य श्रीमऊ विकास खंड सांडी सहित वह तमाम स्वास्थ्य केंद्र इस अभियान को कैसे चला पाएंगे, इस पर कोई चर्चा नहीं की जा रही है।

# इंसानियत की मिसाल थे हजरत सागर

संवाददाता, सण्डीला, हरदोई


जलसे में बच्चों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सूफी बुजुर्ग हज़रत सय्यद शरफ उद्दीन अहमद साग़र मियां चिश्ती निज़ामी रह. की 19वीं पुण्यतिथि पर जलसा बयादगार हज़रत सागर मियां संदीलवी का भव्य आयोजन किया गया।

यह जलसा नगर के मोहल्ला मंगल बाजार स्थित सय्यद साहब की दरगाह में आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता नायब शहर काज़ी सय्यद हकीम असद ने की, जबकि संचालन की जिम्मेदारी हाफिज मुकीम ने निभाई। मुख्य अतिथि खैराबाद दरगाह बड़े मखदूम साहब के सज्जादा नशीन नजमुल हसन उस्मानी शुऐब मियां ने कहा कि सण्डीला की गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखने में सूफी संतों का योगदान उल्लेखनीय रहा है, जिसमें हज़रत सागर मियां का योगदान भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने मानवता, भाईचारे और प्रेम की शिक्षा को हमेशा बढ़ावा दिया। तहरीक परचम-ए-मोहम्मदी के अध्यक्ष फरीद उद्दीन और दरगाह के सज्जादा नशीन मुईज़ उद्दीन अहमद साग़री चिश्ती ने अपने विचार व्यक्त किए। जलसे में चौधरी नदीम सागरी, सूफी जाबिर अली, समाजसेवी अब्दुल वली, मो. अब्बास, अनवारुल हक, डॉ. जुबैर सिद्दीकी, इक़बाल अहमद नक्शबन्दी, फरहान सागरी आदि ने भी हज़रत सागर मियां के जीवन और उनके विचारों पर प्रकाश डाला। जलसे के दौरान मेधावी बच्चों को मुख्य अतिथि सज्जादानशीन शुऐब मियां और सज्जादा नशीन मुईज़ उद्दीन सागरी ने पुरस्कार वितरित किए।

# आयुष्मान कार्ड की समस्या को लेकर सांसद को दिया ज्ञापन

शाहाबाद, हरदोई


सांसद जयप्रकाश को ज्ञापन सौंपते व्यापारी।

**अमृत विचार।** व्यापारियों ने सांसद जय प्रकाश को ज्ञापन देकर राजकीय अस्पताल में बनने वाले आयुष्मान कार्ड की समस्या को उठाते हुए सरकार की इस योजना का लाभ हर पात्र तक पहुंचाने की मांग की।

व्यापारी महेंद्र सिंह राणा की अगुवाई में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि राजकीय अस्पतालों में जिस परिवार में छह से कम सदस्य हैं, उनके आयुष्मान कार्ड बनाने से मना किया जा रहा है। जिससे तमाम लाभार्थी इस लाभ से वंचित हैं। ऐसे में परिवार में कितने भी सदस्य होने पर ऐसी योजना का लाभ मिलना चाहिए। वहीं व्यापारियों ने रेल मंत्री से मिलकर शाहाबाद में ट्रेनों के ठहराव की समस्याओं के निराकरण के प्रयास के लिए सांसद का आभार भी व्यक्त किया। ज्ञापन देने वालों में संदीप गुप्ता, उपाध्यक्ष नीरज नरूला, दिनेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

**सफलता** — हिमाचल प्रदेश के लाहौल जिले के भरतपुर बेस कैंप से की थी अभियान की शुरुआत

# लाहौल की सबसे ऊंची चोटी पर अभिनीत ने फहराया तिरंगा


माउंट यूनम पर तिरंगा फहराते अभिनीत। अमृत विचार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** अभिनीत के अभियान की जिलाधिकारी ने तिरंगा भेंट कर शुरुआत की थी, इसके लिए अभिनीत ने हिमाचल प्रदेश के लाहौल जिले में पहुंचकर भरतपुर बेस कैंप से अभियान की शुरुआत की। अभिनीत के इस अभियान में पांच सदस्य शामिल थे, परंतु मौसम व स्वास्थ्य सही न होने के कारण चार सदस्यों को अभियान को बेस कैंप पर ही छोड़ना पड़ा, अभिनीत और लोकल गाइड ने इस अभियान को पूरा किया।

25 सितंबर की रात को अभिनीत अपनी फाइनल चढ़ाई के लिए निकले और 26 सितंबर को अभिनीत ने देश की आन बान शान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को 20300 फीट ऊंची चोटी माउंट यूनम पर तिरंगा फहराया। अभिनीत ने पर्यावरण बचाओ अभियान का लोगों को संदेश देते हुए स्वच्छ भारत-सुंदर भारत का बैनर फहराकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। अभिनीत को अभियान के दौरान कई विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। जैसे माइनस 20-30 डिग्री तापमान के साथ 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से हवाओं का सामना करते हुए चोटी तक पहुंचने में कामयाब रहे।

अभिनीत ने बताया कि बेस कैंप पहुंचने के बाद उनके अभियान के अन्य सदस्यों का स्वास्थ्य खराब होने के कारण इस अभियान को अकेले ही गाइड के साथ मिलकर करना था, लेकिन रास्ते में अत्यधिक चुनौतियां आईं, जिसके कारण अभिनीत रास्ते से वापस आना चाहते थे, लेकिन देश की आन बान शान तिरंगा को फहराने की दिल में चाह थी तो अपने शारीरिक कष्ट को नजरंदाज करते हुए अभिनीत ने अभियान को पूरा किया। उन्होंने बताया कि वापस आते समय उनका स्वास्थ्य काफी बिगड़ गया था, वह अभी भी पूरी तरह से स्वस्थ नहीं हैं। उसके लिए देश सर्वोपरि है और भविष्य में भी रहेगा। एक बार पुनः माउंट केन्या पर चढ़ाई करके देश का राष्ट्रीय ध्वज फहराऊंगा। अभिनीत की इस उपलब्धि पर जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई देकर लोग उसका उत्साह बढ़ा रहे हैं।

# तली-भुनी चीजें बढ़ा रहीं हृदय रोग

## विश्व हृदय दिवस पर शिविर का हुआ आयोजन

संवाददाता, हरदोई


रोगी का परीक्षण करते चिकित्सक।

**अमृत विचार।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने मनोहर मेडिकल सेंटर गंगानगर में विश्व हृदय दिवस को लेकर शिविर का आयोजन किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अजय अस्थाना ने बताया कि हमारा देश हृदय सम्बंधी रोगों से ग्रस्त होता जा रहा है। इस समस्या को लेकर लोगों को तली भुनी चिकनी चीज खाना बंद कर देना चाहिए। टीबी बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अमरजीत अजमानी ने बताया कि ये रोग न सिर्फ़ अधिक उम्र के लोगों में हो रहे हैं, बल्कि कम उम्र में भी इन रोगों की तीव्रता बढ़ती जा रही है। बच्चों के फास्ट फूड खाने को लेकर उन्होंने सावधानियां बरतने का सुझाव दिया।

डॉ संदीप कटियार ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में 23 प्रतिशत मृत्यु हृदय की बीमारियों से हो रही है। इसका मुख्य कारण असंतुलित भोजन व नियमित व्यायाम न करना है। डॉ. विमलेश पटेल ने बताया कि बदलती जीवनशैली एवं अनावश्यक मानसिक तनाव भी इस बीमारी के लिए ज़िम्मेदार हैं। डॉ. जयप्रकाश ने बताया कि जिन लोगों को यदि पहले से ही उच्च रक्तचाप, मधुमेह, अधिक वजन, हाई कोलेस्ट्रॉल, आलस्य जैसी बीमारियां हैं। उन्हें हृदय संबंधी रोगों के बढ़ने की संभावना अधिक रहती है।

इस महत्वपूर्ण विषय पर समाज को जागरूक करने के लिए गोष्ठी, पोस्टर प्रदर्शनी के साथ-साथ निशुल्क परामर्श और ईसीजी किया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. एपी सिंह समाजसेवी ने फीता काटकर किया।

## एक नजर

### लापता किशोर को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

टोडरपुर, हरदोई, अमृत विचार। थाना बेहटा गोकुल पुलिस ने आपरेशन स्माइल के अंतर्गत घर से बिना बताए लापता किशोर को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी इंद्रेश यादव ने बताया शनिवार को 15 वर्षीय किशोर के बिना बताए घर से कहीं चले जाने का लिखित प्रार्थना पत्र उसके परिजनों द्वारा दिया गया था। जिस आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू की गई थी। जिसे कोतवाली शहर के सिनेमा चौराहा से किशोर को सकुशल बरामद कर लिया गया।

### युवक ने की आत्महत्या

हरियावां, हरदोई, अमृत विचार। घर के बाहर दुकान में एक युवक ने खुदकुशी कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। थाना क्षेत्र के सरैया मजरा उमरसेंडा निवासी अरुण कुमार के 23 वर्षीय पुत्र सुमित ने घर के बाहर दुकान में लगी बल्ली से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के पिता ने पुलिस को सूचना देते हुए अग्रिम कार्यवाही के लिए कहा। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय पर भेज दिया गया। घटना का कारण क्या रहा, यह परिवार वाले नहीं बता सके।

### विज्ञान प्रदर्शनी आज

भरखनी, हरदोई, अमृत विचार। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न करना है। खंड शिक्षा अधिकारी डा. सुनील कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के तहत भरखनी विकास खण्ड के 35 कंपोजिट स्कूल व 31 जूनियर स्कूल के विद्यार्थियों की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 30 सितम्बर को बीआरसी भरखनी पर आयोजित होगी। ब्लॉक स्तर पर प्रतिभा दिखाने वाले मेधावियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा। वहां बेहतर प्रदर्शन करने पर उन्हें राज्य स्तर तक प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा।

# नहर कटने से डूबी सैकड़ों बीघा फसल

## शारदा नहर की लगभग 12 फीट चौड़ी पटरी दारापुर, बरौना व सलेमपुर के बीच में कटी, मौके पर पहुंचे अधिकारी

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** शनिवार की शाम को शारदा नहर की लगभग 12 फीट चौड़ी पटरी दारापुर, बरौना व सलेमपुर के बीच में कट गई थी। नहर में पानी ओवर फ्लो होने के कारण बड़ी तेजी से पानी खेतों में व गांव की ओर फैल रहा था। देखते ही देखते सैकड़ों बीघा जमीन किसानों की जलमग्न हो गई। जिनमें धान, मक्का व सब्जी खड़ी थी, जो डूबने लगी। किसानों ने उच्च अधिकारियों को सूचना दी।


नहर कटने से खेतों में डूबी फसल। अमृत विचार

एसडीएम राकेश कुमार सिंह ने नहर विभाग व राजस्व विभाग की टीम को मौके पर भेजा। एसडीएम बिलग्राम राकेश कुमार सिंह खुद मौके पर पहुंचे। साथ में नायब तहसीलदार यशवंत सिंह व अमित यादव तथा राजस्व टीम, कानूनगो सहित पूरा अमला पहुंचा और नहर विभाग के अधिकारी मौके पर तथा टीम पहुंची। काफी प्रयास के बाद में दोपहर के बाद पानी को रोक पाया गया तथा पटरी बांधी गई। जेसीबी मशीन से मिट्टी को डलवा कर बोरियों में मिट्टी भरकर लकड़ी डाल-डाल कर पटरी को बांधा गया। तब जाकर दोपहर बाद पानी रुक सका। फिर भी कई गांवों में पानी पहुंच जाने से लोग परेशान हो गए। इधर सलेमपुर, झबरी पुरवा, बंदरहिया, भड़वल, सलेमपुर, दारापुर, बरौना, बीकापुर आदि गांव के पास में पानी पहुंच गया था। लोगों का कहना है अगर पानी जल्दी ना बांधा जाता तो कई गांव डूब जाते। पानी बांध बंध गया तब लोगों ने अधिकारियों ने राहत की सांस ली। फिर भी कई गांव में पानी भरा हुआ है।

**बोरियों में मिट्टी भरकर व लकड़ी डाल कर पटरी को बांधा गया**

# बच्चों को कोचिंग भेजने के बाद मां ने लगा लिया फंदा

संवाददाता, हरदोई

**साण्डी थाने के सदुल्लीपुर का मामला, पुलिस जांच में जुटी**

**अमृत विचार।** पति दिल्ली में नौकरी करता है और उसकी पत्नी अपने बच्चों के साथ गांव में रह रही थी। शनिवार की शाम को उसने बच्चों को कोचिंग भेजा और फिर कमरे के अंदर अपने दुपट्टे से फंदा लगा लिया। पुलिस जांच कर रही है। फिलहाल मायके वाले किसी भी तरह के आरोप से इंकार कर रहे हैं।

बताया गया है कि साण्डी थाने के सदुल्ली पुर निवासी शिवकरन दिल्ली में नौकरी करता है। उसकी 28 वर्षीय पत्नी बेबी अपने दो बेटों अंशुल व अजय के अलावा ननद बबली के साथ गांव में रह रही थी। शनिवार को ननद बबली खेत पर गई हुई थी। बेबी ने शाम होने पर अपने दोनों बच्चों को कोचिंग पढ़ने भेज दिया। कोचिंग के बाद दोनों बच्चे मां-मां पुकारते हुए घर में घुसे, लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। स्कूल बैग रखने के लिए दोनों बच्चे कमरे में पहुंचे, वहां अपनी मां का शव फंदे पर लटका हुआ देख कर रोते-चिल्लाते हुये बाहर भागे, उनके रोने की आवाज़ सुन कर आस-पड़ोसी दौड़ पड़े। बेबी का मायका बिलग्राम कोतवाली के लालपुर कचहरी गांव में था, उसके भाई रामसच्चे ने बताया कि बेबी की शादी 2011 में हुई थी।

# रिश्वत लेते लेखपाल का वीडियो वायरल, कार्रवाई

संवाददाता, सवायजपुर, हरदोई

**अमृत विचार।** तहसील सवायजपुर में तैनात एक लेखपाल द्वारा जाति प्रमाण पत्र के नाम पर रिश्वत लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो को एसडीएम ने संज्ञान में लेते हुए लेखपाल पर कार्यवाई के निर्देश दिए हैं।


लेखपाल को रुपये देता फरियादी।

बताते चलें कि तहसील सवायजपुर की ग्राम सलोनी पोस्ट सराय राघव थाना पाली निवासी आमीन पुत्र धन्ना अपनी पत्नी का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सवायजपुर तहसील के पिथनापुर नगरिया गांव के लेखपाल नैमिष नंदन के पास कई दिनों से चक्कर काट रहे थे। शनिवार को हरपालपुर में आयोजित थाना समाधान दिवस में वह हल्का लेखपाल नैमिष नंदन के पास आया तो उन्होंने जाति प्रमाण पत्र के लिए पांच सौ रुपये की मांग की। इसी बीच किसी ने वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। एसडीएम संजय अग्रहरि ने बताया कि दोषी लेखपाल के खिलाफ कार्यवाई की जा रही है।

# खाई के पानी में उतराता मिला नवजात का शव

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम भदासी में सड़क और खेत के बीच बनी खाई में बह रहे पानी में एक नवजात का शव उतराता मिला। गांव के चौकीदार की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदासी निवासी राजेंद्र शाहाबाद कोतवाली में गांव का चौकीदार है। रविवार को सुबह वह टहलने और शौच के लिए जा रहा था वह नरहाई मोड़ पर पहुंचा तो प्रभुदयाल के खेत और सड़क के बीच बनी खाई में बह रहे पानी में एक नवजात का शव उतराता दिखाई दिया। सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। कोतवाली पुलिस को नवजात के शव पड़े होने की लिखित सूचना दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है, शव 15 से 20 घंटे पूर्व जन्मे नवजात का है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# बेकाबू वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

संवाददाता, हरदोई

**प्रताप नगर चौराहे के निकट हुआ हादसा, वाहन समेत चालक फरार**

**अमृत विचार।** 64 साल का एक बुजुर्ग घर से शौच के लिए निकला, उसी बीच प्रताप नगर चौराहे से कुछ ही दूर पर उसे स्कार्पियो ने टक्कर मार दी। बुजुर्ग उछल कर सड़क पर गिर कर बुरी तरह से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले जाया जा रहा था, उसी बीच रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए हादसे की जांच शुरू कर दी।

बताया गया है कि रविवार की सुबह बेनीगंज कोतवाली के सुल्तानपुर गांव निवासी 64 वर्षीय बुजुर्ग रामदयाल पुत्र हीरा लाल घर से शौच के लिए प्रताप नगर चौराहे से सीतापुर रोड पर जा रहा था, उसी बीच एक तेज़ रफ्तार स्कार्पियो ने उसे टक्कर मार दी, टक्कर लगते ही बुजुर्ग रामदयाल उछल कर सड़क पर जा गिरा, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। हादसा होता देख तमाम लोग दौड़ पड़े, तभी चालक स्कार्पियो ले कर भाग गया। बुजुर्ग को मेडिकल कालेज पहुंचाया जा रहा था, तभी उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। खेती-किसानी करने वाले रामदयाल के परिवार में दो बेटे रामचंद्र और राजाराम के अलावा दो बेटियां हैं। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

# शारदीय नवरात्र को लेकर तैयारियां शुरू, सजे बाजार

**हरदोई, अमृत विचार।** मां दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना के लिए विशेष पर्व शारदीय नवरात्रि इस बार 3 अक्टूबर से शुरू हो रहे हैं, जो पूरे 9 दिनों तक चलेंगे। नवरात्रि का सीधा मतलब मां दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना के लिए होता है। वर्ष में दो बार नवरात्रि का पावन पर्व आता है। खास बात यह है यह दोनों नवरात्रि दोनों ऋतुओं का परिचायक होती हैं। जहां शारदीय नवरात्रि शरद ऋतु को लेकर आती है। वहीं चैत्र नवरात्रि गर्मी की ऋतु का परिचायक मानी जाती है। इन पूरे नौ दिन साधक उपवास रखकर देवी माता की पूजा अर्चना करेंगे और इसके बाद कन्या भोज कराकर व्रत को पारायण देंगे। इसको लेकर तैयारियां का दौर शुरू हो गया है। बाजारों में देवी माता की चुनरी और लहंगा के स्टॉल सज गए हैं। जिन पर भक्तों की भीड़ नजर आ रही है, वहीं इस विशेष पर्व को लेकर फलहार और उपवास की सामग्री की भी मारामारी शुरू हो गई है।

# पाइप लाइन बिछाने में सड़क की हुई दुर्दशा

संवाददाता, माधौगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खण्ड क्षेत्र के गांवों हर घर जल योजना के तहत लगभग छह माह पूर्व में बिछाई गई पाइप लाइन ग्रामीणों के लिए नासूर बन गयी है। सड़क की मरम्मत के नाम पर ठेकेदार खानापूर्ति कर गए।

सरफुद्दीनपुर, तेरवा, पिपरावां, संहिजना, रुदामऊ दर्जनों ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों का कहना है कि खोदी गई गलियों में पाइपलाइन डालने के बाद मरम्मत करने को भूल गए हैं। इस बरसात में पैदल निकलना भी दुश्वार है।

आरोप है कि कई महीने गुजर जानें के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। इंटरलाकिंग व खड़ंजा खोद कर डाली गई पाइप लाइन के बाद केवल गड्ढों में मिट्टी डाल दी गई और ईंटें ग्रामीणों ने खुद लगाई गई हैं। बरसात होने के बाद ग्रामीण अवागमन को निकले तो रास्ते में बड़े-बड़े गड्ढे होने से रास्ता अवरुद्ध हो गया है।


मरम्मत न करवाने से बदहाल सड़क। अमृत विचार


**बोले बीडीओ**

बीडीओ प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सम्बन्धित ठेकेदारो को खुदवाई गई सड़कों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम प्रधान संगठन के मण्डल अध्यक्ष सम्पूर्णानंद सिंह पूनम ने कहा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होने वाली मासिक बैठक में ग्राम पंचायतों की समस्या को रखा जाएगा।

**बोले ग्रामीण**


विवेक पटेल

विवेक कुमार पटेल निवासी गांव पिपरावां कहना है कि गांव की गलियों में पाइप लाइन की खुदाई होने के बाद खड़ंजा गड्ढों में तब्दील हो गया है, जिससे इस बरसात में निकलना मुश्किल हो गया है।


गंगाराम

गंगाराम ग्राम रुदामऊ ने बताया कि विभाग की लापरवाही का खमियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। इस बरसात में लोग गड्ढों में गिर चोटिल हो जातें हैं। रात में ग्रामीणों को अवागमन में दिक्कत हो जाती है।

# पानी में डूब कर अधेड़ की मौत

संवाददाता, हरदोई

**शनिवार को हुआ था लापता रविवार की सुबह माइनर में पड़ा मिला शव**

**अमृत विचार।** भतीजी की ससुराल में रह रहा उसका अधेड़ चाचा अचानक कहीं लापता हो गया। उसकी तलाश की जा रही थी, उसी बीच रविवार की सुबह दूसरे दिन उसका शव माइनर में पड़ा हुआ देखा गया। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। माना जा रहा है कि वह अंधेरे में माइनर में गिर पड़ा और पानी में डूबने से उसकी मौत हुई।

बताया गया है कि सीतापुर ज़िले के कथेलिया थाना मिश्रिख निवासी 50 वर्षीय नरपति पुत्र परागी करीब तीन महीनों से अपनी भतीजी किरन की ससुराल हरैंय्या थाना टड़ियावां में रह रहा था, उसकी शादी नहीं हुई थी। वह चार भाइयों में छोटा था। उसी बीच शनिवार को अचानक कहीं लापता हो गया। काफी देर तक उसका कुछ पता नहीं चला तो तलाश शुरू की गई। उसी दौरान रविवार की सुबह वहीं कुछ दूरी फर एक माइनर में पानी में उतराता हुआ शव देखा गया। इसका पता होते ही वहां भीड़ लग गई। शव की शिनाख्त नरपति के रूप में की गई। माना जा रहा है कि नरपति अंधेरे में माइनर में गिर पड़ा होगा और पानी में डूब गया। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए सारे मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप


बैंक यूनियन की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी। अमृत विचार

### प्रिया रस्तोगी अध्यक्ष व अजय मेहरोत्रा चुने गए मंत्री

**हरदोई, अमृत विचार।** पंजाब नैशनल बैंक स्टाफ एसोसिएशन हरदोई इकाई की त्रिवार्षिक आमसभा शनिवार को एक होटल में हुई। वरिष्ठ बैंककर्मी नेता आरके पाण्डेय ने बैंकों में नई भर्ती की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कार्मिकों की कमी के चलते जहां कार्यरत कार्मिकों पर काम का भारी बोझ व दबाब है, जिसके चलते वह तनावग्रस्त हो रहे हैं। वहीं ग्राहक सेवा भी सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है। उन्होंने कहा कि यूनियन नई भर्ती की मांग को लेकर जल्द ही देश भर में आंदोलन करेगी। मंत्री अजय मेहरोत्रा ने अपना मंत्री प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। विगत 3 वर्ष के यूनियन एकाउंट पेश किए गए। मंत्री प्रतिवेदन व एकाउंट्स सर्व सम्मति से पारित किये गए। सर्वसम्मति से प्रिया रस्तोगी को अध्यक्ष, विजय यादव व मुन्ना को उपाध्यक्ष, अजय मेहरोत्रा को मंत्री आनंद गुप्ता को संयुक्त मंत्री, रवि गुप्ता को संगठन मंत्री, लाखन, राजू, संतराम, चंदन कुमार, धीरज कुमार, रामऔतार, अनन्य, अभिषेक पाल और आकाश दीप को सहायक मंत्री, संदीप को कोषाध्यक्ष चुना गया। यूपी बैंक इम्प्लाइज यूनियन के अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे चुनाव अधिकारी के रूप में उपस्थित रहे।

### प्रह्लाद ने की थी निष्काम भक्ति : कविचंद्र दास

**हरदोई, अमृत विचार।** नुमाइश ग्राउंड स्थित योगेश पैलेस में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन वृंदावन से पधारे कथाव्यास कविचंद्र दास ने बताया कि मांसाहार करने वालों की पूजा अर्चना भगवान कभी ग्रहण नहीं करते। उनकी अकाल मृत्यु होती है, उनकी कोई प्रार्थना स्वीकार नहीं होती और उन्हें कुंभीपाक नरक में दंडित किया जाता है। भक्त प्रह्लाद ने बिलकुल निष्काम भक्ति की थी। हिरण्यकश्यप के अत्याचारों से बचने के लिए भी उन्होंने भगवान को कभी नहीं पुकारा, किंतु फिर भी भगवान ने उनका बाल भी बांका नहीं होने दिया। कथा के मध्य में कथाव्यास द्वारा लिखित आत्मकथा की पुस्तक "मेरे जीवन के प्रेरक प्रसंग" का विमोचन जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र, श्री गोविंद राधे समिति अध्यक्ष अमित गुप्ता, सभासद प्रभाकर अग्निहोत्री और अनुराग दीक्षित ने किया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव खूब धूमधाम से मनाया गया। कथा में अमित गुप्ता, प्रभाकर अग्निहोत्री, अनुराग दीक्षित, राजेश गुप्ता, अरविंद अवस्थी, भरत पाण्डेय, अलोक गुप्ता, सत्यवती शुक्ला, राम प्रकाश मिश्रा, विपिन कनौजिया आदि मौजूद रहे।


भागवत कथा सुनाते कविचंद्र।

### भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सुनी मोदी के मन की बात

**शाहाबाद-बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा नगर अध्यक्ष दीपकमल राठौर द्वारा मोहल्ला सुलेमानी बूथ संख्या 82 पर राजकुमार राठौर के आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी का 114 वीं मन की बात का एपिसोड सुना। इस अवसर पर अध्यक्ष ने लोगों को भाजपा की उपलब्धियां बताते हुए भाजपा की सदस्यता दिलवाई और सभी को भाजपा का सदस्य बनकर पार्टी पर पुन: विश्वास बनाये रखने के लिये धन्यवाद दिया। इस अवसर पर नगर सचिन राठौर, राजकुमार राठौर, सुनील कुमार, अनिल, रामकरन, रूपराम आकाश, आदित्य, उत्कर्ष, रामदास, रामेश्वर दयाल, अनीता, मधुरी, कुमकुम, मीना आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बेनीगंज संवाददाता के अनुसार, रविवार को प्रसारित हुई प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को नगर पंचायत बेनीगंज कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रुपेश अंजाना, सभासदगण व नगर के अन्य सभ्रांत लोगों ने लाइव देखा। मन की बात कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम एक वृक्ष मां के नाम की शुरुआत की और सभी से अधिक से अधिक पौधा लगाने की अपील की, साथ ही प्रधानमंत्री ने बताया कि आगामी गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान के दस वर्ष पूर्ण हो रहे है, इस अवसर पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा, वही क्षेत्र को साफ सुथरा व स्वच्छ रखने के लिए रेडियो रिसाइकल व रियूज पद्धति अपनानी होगी।

### दुकान में घुसकर सेल्समैन को पीटा, वीडियो वायरल

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के बस अड्डा स्थित बीयर की दुकान पर सेल्समैन से युवकों ने मारपीट की, मारपीट का सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। स्थानीय पुलिस ने मामले में कार्रवाई करने की बात कही है। पाली थाना क्षेत्र के भाहपुर निवासी रमाकांत राजपूत पाली कस्बे के बस अड्डा स्थित बीयर की दुकान पर सेल्समैन का काम करता है। शनिवार शाम को दो युवक दुकान पर बीयर लेने आए, दोनों युवक जबरन दुकान के अंदर घुस गए। जिसका सेल्समैन रमाकांत ने विरोध किया तो, युवकों ने सेल्समैन से मारपीट की। मारपीट पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र पांडेय ने मामले में कार्रवाई करने की बात कही है।

# खबर छपी तो शौचालय किया चकाचक


पहले यह थी सामुदायिक शौचालय की दशा। अमृत विचार



दुरुस्त हुआ सामुदायिक शौचालय। अमृत विचार

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**खबर का असर**

**अमृत विचार।** विकास खंड भरावन की ग्राम पंचायत पिपरीनरायनपुर में बने सामुदायिक शौचालय की बदहाली की खबर अमृत विचार में प्रकाशित होने के बाद प्रशासन की नींद टूटी और एक सप्ताह के अंदर सार्वजनिक शौचालय को चकाचक कर संचालन शुरू कर दिया।

यहां ग्राम पंचायत के जुगराजपुर गांव में 15वें वित्त से तीन लाख 63 हजार रुपये की धनराशि खर्च कर सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। चार वर्ष से शौचालय बदहाल पड़ा था। अब शौचालय परिसर की झाड़ियां साफ कर भवन की रंगाई पुताई कर दी गई है। हैंडपंप दुरुस्त कर पानी की समुचित व्यवस्था भी कर दी गई है। सामुदायिक शौचालय दुरुस्त हुआ तो ग्रामीणों ने अमृत विचार को धन्यवाद दिया।

# तमाम चेतावनी के बाद भी नहीं सुधर रहे मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने जिले के भ्रमण के दौरान मेडिकल कालेज के हालातों को सुधारने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद यहां के चिकित्सकों पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। जब चिकित्सा मंत्री के जिले में चिकित्सकों का यह हाल है तब इनकी कार्यशैली का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है।

रविवार की सुबह चार बजे मोहल्ला सरायथोक पश्चिमी निवासी मनोज वर्मा की पत्नी को अचानक समस्या आ गई। हालत बिगड़ती देख परिजन उन्हें महिला चिकित्सालय ले गए, जहां पर चिकित्सक अपने कक्ष में सो रही थीं। मनोज के कहने पर अन्य स्टाफ कई बार उन्हें जगाने गया, लेकिन उन्होंने कहा कि भर्ती करो सुबह देखा जाएगा। चिकित्सक को आता न देख परिजन मरीज को एक निजी अस्पताल में ले गए। मनोज ने स्वास्थ्य मंत्री व मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर चिकित्सक की लापरवाही से अवगत कराया।


खाली पड़ी चिकित्सक की कुर्सी, इंतजार में बैठी महिला मरीज। अमृत विचार

**सोती रहीं डॉक्टर, मरीज को निजी अस्पताल ले गए परिजन**

**मंचन** | पठकाना रामलीला के मंच पर दी गई नाटक की प्रस्तुति

# कफन नाटक देखकर दर्शकों के निकले आंसू

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** श्री रामलीला मेला समिति मोहल्ला पठकाना द्वारा आयोजित "कफन" नामक नाटक का ऐसा सफल मंचन हुआ कि पूरी रात दर्शन बैठे रहे और उनके नेत्र सजल हो उठे।

स्थानीय कलाकारों समेत शाहजहांपुर के कलाकारों ने दर्शकों को मन्त्रमुग्ध कर देने बाली बेहतरीन कलाकारी दिखाई कि तमाम दर्शक भावुक हो गए। स्थानीय कलाकार मधुप मिश्रा की कलाकारी पर कहीं बच्चे किलकारी कर रहे थे तो कहीं महिलाएं गंभीर थीं, तो कहीं किसी के नयन अश्रुपूरित थे। कलाकार विजय, चंदा, बनवारी, संतो, काका, अभय महेंद्र की भूमिका पर कोई हंस रहा था तो कोई गंभीर था। यद्यपि प्यार मोहब्बत के बीच-बीच में हो रहे मंचन पर दर्शकगण भाव विभोर थे। हालांकि रामलीला मंच पर नाटक के कई दृश्य फूहड़तापूर्ण मंचन के रूप में चर्चित होकर रह गए हैं। इसी क्रम में जब मधुप मिश्रा मंच पर पड़े अपने नाटकरूपी बीमार मरणासन्न अबोध बच्चे हेतु अपनी नाटकीय पत्नी के करुण प्रलाप पर अत्यंत पीड़ित होकर प्रलाप करते हुए कभी झोली फैलाकर दवा के लिए भीख मांग रहे थे, तो कभी पलंग पर पड़े बच्चे के पास भूख प्यास से तड़प तड़पकर प्रलाप कर रही अपनी नाटकीय पत्नी की ओर देख देखकर "भूखे गरीब की ये ही दुआ है, औलाद वालों फूलो फलो" गाना गाते हुए दर्शकों से रोटी, रुपया मांग रहे थे और तमाम दर्शक भावुक होकर बढ़-बढ़कर उनकी झोली में रुपये व रोटी डाल भी रहे थे।

मौके पर मंच के सामने बैठे कुछ गरीब दर्शकगण नाटक पर टकटकी बांधे अपने एवं अपने बच्चों के भविष्य के बारे में भी सोच रहे थे। कुल मिलाकर रामलीला के मंच पर खेला गया नाटक कफन देखने के लिए दर्शन देर रात तक डटे रहे।


नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

# आज निकाली जाएगी श्री बाल रामलीला चौक की शिव बारात

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** श्री बाल रामलीला नाट्य कला मंदिर द्वारा संचालित श्री बाल रामलीला चौक की शिव बारात शोभा यात्रा आज नगर के प्रमुख मार्गों से गाजे-बाजे के साथ गुजरेगी। यह जानकारी देते हुए मेला कमेटी के अध्यक्ष चौधरी उमेश गुप्ता ने बताया शिव बारात शोभा यात्रा की शुरुआत नगर पालिका परिषद कार्यालय के समक्ष होगी। यहां पर आरती पूजन के साथ शोभा यात्रा को रवाना किया जाएगा। तत्पश्चात यह शिव बारात शोभायात्रा स्टेट बैंक, बड़ी बाजार, घास मंडी तिराहा, गुलाब बैंड चौराहा, आरपीएम इंटर कॉलेज, सदर बाजार, घंटाघर, सराफा बाजार, चौक, सरदारगंज होते हुए सीधे कटरा पहुंचेगी। जहां पर शोभा यात्रा का समापन किया जाएगा। मेला कमेटी अध्यक्ष ने बताया राजेंद्र रस्तोगी बाबा द्वारा शिव बारात शोभायात्रा में मनमोहक झांकियां तैयार की जा रही हैं। शिव बारात शोभायात्रा का जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया जाएगा। मेला कमेटी के अध्यक्ष ने अधिक से अधिक शहरवासियों से शिव बारात शोभा यात्रा में शामिल होने की अपील की।

## एक नजर

### विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने लिया हिस्सा

लहरपुर, सीतापुर : आदर्श कैलाश नाथ इंटर कॉलेज में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं के मध्य विकसित भारत 2047 विषय पर 6 से 8 के छात्र-छात्राओं में पेंटिंग प्रतियोगिता, 9 व 10 में निबंध प्रतियोगिता एवं कक्षा 11 व 12 में लोकल फॉर वोकल विषय पर संवाद और संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। निर्णायक मंडल द्वारा कक्षा 6 से 8 पेंटिंग प्रतियोगिता में अभय वर्मा, स्मृति गौर को प्रथम, लक्ष्मी मिश्रा द्वितीय, तथा ज्योति गोस्वामी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कक्षा 9 व 10 में अंश मिश्र प्रथम, सुधीर कुमार द्वितीय तथा सोनिया तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 11 व 12 में लोकल फॉर वोकल संवाद प्रतियोगिता में तनुष्का जायसवाल प्रथम, अन्नू विश्वकर्मा द्वितीय तथा कामिनी देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विजय कुमार निगम, विनोद शुक्ला, नीता सिंह, विनीत जायसवाल, रमेश मिश्र, संजीत मिश्र अंकित कुमार, क्षमां अवस्थी, शिवकुमार मिश्र ने प्रतियोगिता संचालन में सहयोग किया। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी ने सभी का आभार व्यक्त किया है।

# साइबर ठगी में सगे भाई गिरफ्तार

## आगरा में रहकर इंस्टाग्राम एकाउंट सस्पेंड कराकर नामचीन हस्तियों से करते थे वसूली

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

- शिकायत मिलने पर कोतवाली देहात पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** आगरा में बैठकर साइबर ठगी करने वाले मूलरूप से बिसवां इलाके के रहने वाले दो सगे भाइयों को कोतवाली देहात पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, दोनों भाई सोशल मीडिया के खातों को सस्पेंड कर नामचीन लोगों ने मोटी रकम वसूलते थे। दोनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस ने युवकों को जेल भेजा दिया है।

रविवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी चक्रेश मिश्र ने बताया कि कोतवाली देहात पुलिस को शिकायत मिली कि पीड़ित का इंस्टाग्राम खाता सस्पेंड कराया गया। इसके बाद पीड़ित से खाते को बहाल कराने के नाम पर रुपयों की मांग भी की गई। सूचना पर सक्रिय पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन की तो मामला सामने आया। एसपी के मुताबिक, रविवार को सीओ सदर संजीव त्यागी के नेतृत्व में कोतवाली देहात के प्रभारी विमल कुमार गौतम, एसआई बालेन्द्र सिंह और आरक्षी राहुल भदौरिया, विकास, शुभम, मनोज ने नेपालापुर के मलुहीपुल के पास से दोनों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने अपना नाम शादाब और महताब अंसारी पुत्र निजामुद्दीन निवासी तीहरा दरवाजा थाना फहेतपुर सीकरी जनपद आगरा बताया। इसके बाद जब साइबर सेल की टीम में आरक्षी अंकुर चौधरी और अमित कुमार ने पूछताछ की तो सामने आया। दोनों सीतापुर के ही बिसवां इलाके के मूल निवासी है।

**सोशल मीडिया के करीब 600 एकाउंट करा चुके हैं बंद**

एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया कि दोनों आरोपियों ने अपने जुर्म का इकबाल करते हुए जानकारी दी कि सोशल मीडिया के करीब 600 खातों को बंद करा चुके हैं। दोनों भाइयों ने इन खातों को इसलिए बदं कराया क्योंकि इन्होंने इन दोनों को पैसे नहीं दिए।



प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक व पकड़े गए आरोपी। अमृत विचार

**ऐसे बंद कराते थे इंस्टा एकाउंट:** एसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों ने बताया कि ये नामचीन लोगों को अपना निशाना बनाते थे, जिनके फालोअर ज्यादा हो। उनकी आईडी में जाकर ऐसी तस्वीरें चिन्हत करते जो मेटा के नियमों के मुताबिक न हों। इसके बाद इन आईडी की रिपोर्ट अन्य खातों से कराते, ताकि मेटा एकाउंट सस्पेंड कर दे। यदि इस दौरान यूजर पैसे दे देता तो सारी कंप्लेंट वापस ले लेते थे।

## विधायक ने अपने वाहन से जख्मी को भिजवाया अस्पताल

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर:** इमलिया सुल्तानपुर थाने की काजीकमालपुर चौकी क्षेत्र के कुसमा गांव निवासी रामचंद्र का पांच वर्षीय बेटा यश बाइक से गिरकर चोटिल हो गया था। जिसको लेकर बच्चे की मां काजीकमालपुर चौराहे पर एक निजी क्लीनिक पर आई थी, जहां पर हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सक द्वारा उसे सीएचसी ऐलिया रेफर कर दिया गया। वाहन की तलाश में बच्चे की मां अपने घायल बच्चे को लेकर सड़क पर लोगों से मदद की गुजारिश कर रही थी, तभी महोली की तरफ से अपने काफिले के साथ निकल रहे महोली से बीजेपी विधायक शशांक त्रिवेदी व ऐलिया ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह भीड़ देखकर वहां रुक गए और गाड़ी से उतरकर मामले को जाना। जिस पर विधायक शशांक त्रिवेदी ने अपने वाहन से बच्चे की मां को घायल बच्चे के साथ अस्पताल भिजवाया और खुद दूसरी गाड़ी में अस्पताल पहुंचे।

## मामूली विवाद में दो पक्ष भिड़े, चार लोग घायल

संवाददाता सदरपुर, सीतापुर

- सदरपुर थाना क्षेत्र का मामला पीड़ित पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ दी तहरीर

**अमृत विचार:** इलाके के दो अलग-अलग गांवों में हुई मारपीट में चार लोग घायल हुए। पुलिस ने घायलों को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां भेज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।




घायल ग्रामीण।

सदरपुर इलाके के ग्राम बकहुवां निवासी दिलीप कुमार मिश्रा पुत्र रामानुज और उसके बेटे कुलदीप के मध्य जमीन के बैनामा करवाने के संबंध में कहा सुनी हो गई। देखते ही देखते दिलीप पर उसका बेटा कुलदीप हमलावर हो गया और उसको डंडों से मार-पीटकर लहूलुहान कर दिया। जानलेवा हमला करने के बाद आरोपी फरार हो गया। वहीं दूसरा मामला तकिया मजरे बनबीरपुर का है, यहां छुट्टा मवेशी (गाय) को बांधने को लेकर एक ही परिवार के दो पक्ष आपस में भिड़ गए। गाली-गलौज के बाद दोनों पक्षों में लात घूंसे, लाठी और डंडे चलने लगे, जिसमें कल्लू पुत्र चुन्नू पक्ष से वह और उसकी पत्नी सुरैया जबकि दूसरे पक्ष मुन्नी पत्नी मन्नू को चोटें आई हैं।

दोनो पक्षों ने थाने में तहरीर देते हुए नसीर, कदीर, मन्नू, रुकसार, कल्लू, पप्पू, सुरैया पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी ने बताया है कि तहरीर मिली है,घायलों को स्वास्थ्य परीक्षण के लिया भेजा गया है,जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं







अमृत विचार (कुमाऊं संस्करण) के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

दि कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक लि0, नैनीताल

दि कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक लि0 उत्तराखण्ड राज्य का एक प्रमुख नगरीय सहकारी बैंक (Urban Cooperative Bank) विगत 42 वर्षों से उत्तराखण्ड राज्य की सम्मानित जनता की सेवा में समर्पित।

हमारी विशेषताएं :-

1. बचत खाते में प्रतिमाह ब्याज भुगतान। (Monthly payment of interest in Saving Bank A/c)
2. इंटरनेट बैंकिंग सुविधा युक्त उत्तराखण्ड का प्रथम नगरीय सहकारी बैंक।
3. सी०बी०एस० (CBS), आर०टी०जी०एस० (RTGS), एन०ई०एफ०टी० (NEFT), लॉकर, ए०टी०एम० व क्यूआर कोड (QR Code) सुविधा।
4. जमा योजनाओं में अन्य बैंकों से अधिक एवं आकर्षक ब्याज दरें।
5. व्यापारियों, स्वनियोजित/ पेशेवर व्यक्तियों, वेतनभोगियों व अन्य के लिए आकर्षक ब्याज दरों पर यातायात, वाहन, भवन, उपभोग ऋण, बैंक की सावधि जमा व अन्य तरल अमानतों एवं स्वर्ण आभूषणों के विरुद्ध तत्काल प्रोसेसिंग एवं शीघ्र ऋण/अग्रिम।
6. मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, वीर चन्द्र सिंह गढवाली पर्यटन स्वरोजगार योजना, दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास विकास योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं अन्य सरकारी योजनाओं में बैंक की भागीदारी।


विशेष आकर्षण :-

- 1 वर्ष से 2 वर्ष तक के मियादी जमा खाते में 7.25% (वरिष्ठ नागरिकों हेतु 7.75%) ब्याज दर।
- विशेष योजना सावधि जमा एकल निवेश में रु. 25 लाख व अधिक की धनराशि पर 8% ब्याज दर।

अधिक जानकारी के लिये कृपया हमारी वेब साईट www.kurmanchalbank.com देखें।

कृपया बैंक की निकटतम शाखा में संपर्क कर खाता खुलवाएं एवं आकर्षक ब्याज दरों के साथ इंटरनेट बैंकिंग सुविधा का लाभ उठाएं।


(अक्षय कुमार साह)
सचिव/ मुख्य कार्यकारी अधिकारी









## एक नजर

### मजदूरी करने गए युवक की लखनऊ में मौत

**सीतापुर :** लखनऊ में मजदूरी करने गए युवक की मौत हो गई। थानगांव इलाके के युवक की मौत को लेकर नशे का अत्यधिक सेवन करे जाने की बात कही गई है। थानगांव निवासी 30 वर्षीय मनोहर श्रमिक के रूप में 15 माह पूर्व लखनऊ गया था। बताते है कि वहां पर नशा सेवन का आदी हो गया। इसी के बाद वो वापस नहीं आया। शनिवार परिजनों को मनोज के मौत की खबर मिली। वे लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे पता चला कि मनोहर की तीन दिनों पूर्व ही मौत हो चुकी है। परिजन शव को लेकर घर पहुंचे और शव का अंतिम संस्कार किया।

### करंट की चपेट में आकर भैंस की मौत, दी तहरीर

**महमूदाबाद, सीतापुर :** महमूदाबाद कोतवाली इलाके के मोतीपुर मोहल्ला निवासी सहजराम का कहना है कि रविवार दोपहर करीब 1 बजे उनकी भैंस कस्बे के मोतीपुर मोहल्ला स्थित ओमविहार कॉलोनी के पास चर रही थी। पास में ही पुनीत का खेत है। खेत की देखरेख गुलरामाऊ मोहल्ला निवासी नसीम पुत्र मैकू करते थे। खेत में अवैध रूप से सुरक्षा के लिए ब्लेडनुमा तार लगा हुआ था। आरोप है कि खेत मालिक ने उसमे करंट दौड़ा रखा था। तभी भैंस की करंट लगने से मौत हो गई। पशुपालक का कहना है कि उसने जब उसे छुड़ाना चाहा, तो वह भी चिपक गया। गनीमत रही कि पास खड़ी महिला ने उसे डंडा मार छुड़ा लिया। पशुपालक ने कोतवाली में तहरीर दी है। वहीं कोतवाल अनिल सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### मोमिन अंसार सभा की बैठक आयोजित

**लहरपुर, सीतापुर :** मोमिन अंसार सभा को और संगठित और गतिशील बनाने के उद्देश्य से अधिक से शनिवार को जिलाध्यक्ष नसीमुद्दीन अंसारी के निर्देश पर एक बैठक का आयोजन मोहल्ला इंदिरा नगर में कमरुद्दीन अंसारी के निवास पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. मुख्तार अंसारी ने की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी सदस्य गण व्यापक जनसपर्क कर अधिक से अधिक लोगों को मोमिन अंसार सभा का सदस्य बनाएं। बैठक में प्रमुख रूप से मो. रफी अंसारी, मो. शोएब अंसारी, मो. सलीम अंसारी, इस्माईल सलमानी, मो. अली, मो. मुजम्मिल आदि लोग रहे।

# पूर्व मंत्री समेत 6 को नोटिस

## पीड़िता की पहचान उजागर करने के आरोप में कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**सख्ती**
- महमूदाबाद क्षेत्र में बच्ची से छेड़छाड़ का मामला
- पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज विवेचना जारी

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी सरकार में पूर्व मंत्री रहे नरेंद्र वर्मा समेत छह लोगों को पुलिस ने नोटिस भेजा है। एसपी चक्रेश के मुताबिक, इन सभी लोगों ने छेड़छाड़ पीड़िता की पहचान उजागर कर दिया था। नोटिस में यह साफ कर दिया गया है कि पूर्व मंत्री समेत इन सभी सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा। बीते 24 सितंबर को महमूदाबाद क्षेत्र के कक्षा छह की नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया था। इस संबंध में पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया और विवेचना भी जारी है। एसपी के मुताबिक सपा सरकार में रहे पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा समेत आधा दर्जन लोगों ने पीड़िता की ऐसी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं, जिससे पीड़िता की पहचान उजागर हुई है। भेजे गए नोटिस में बताया गया कि तय समय पर संतोषजनक जवाब न मिलने पर सभी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने यह भी अपील की है कि जिन लोगों के पास पीड़िता की पहचान उजागर करने संबंधी कोई फोटो या वीडियो हो तो वह भी डिलीट कर दें। सपा के पूर्व मंत्री नरेन्द्र वर्मा के अलावा महमूदाबाद थाना क्षेत्र के बेहटी गांव निवासी सोनू वर्मा पुत्र उत्तम, मोतीपुर चौराहा निवासी शिवेन्द्र यादव पुत्र रामकुमार, भुड़कुला सेमरा निवासी प्रशांत बंशवार उर्फ मंटू पुत्र वीरेन्द्र और रामपुर मथुरा थाना के बसावनपुर सेमरी निवासी शिक्षक शिवम वर्मा व सदरपुर थाना के भिटहरा निवासी संजय वर्मा पुत्र राम सिंह को नोटिस दिया गया है।

> पीड़िता के साथ घटित घटना अमानवीय है। दोषी शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, फिलहाल नोटिस मिला है। उसका विधि सम्मत जवाब दिया जाएगा।
> –नरेन्द्र वर्मा, पूर्व मंत्री।

## 20 हिस्ट्रीशीटरों ने अपराध नहीं करने की ली शपथ

**सीतापुर, अमृत विचार:** जिले के मानपुर थाना क्षेत्र से जुड़े 20 हिस्ट्रीशीटरों ने थाने पर आकर कसम खाई कि वे भविष्य में अपराध नहीं करेंगे। यदि कोई वारदात की जानकारी मिलती है तो सूचना देने में सहयोग करेंगे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से उनकी मदद करने को लेकर सहयोग की मांग की है। साथ ही उन्होंने नई उम्र के लोगों को अपराध करने से रोकने में मदद करने का आश्वासन दिया है। मानपुर थाने के हिस्ट्रीशीटर मनोहर, आशाराम, संजय वर्मा, चमन यादव, याकूब, मुन्ना, बाबू सहित कुल 20 लोगों ने थाने पर पहुंचकर शपथ ली। इस दौरान उनके हाथ में तख्ती भी थी। शपथ थानाध्यक्ष दिलीप कुमार चौबे द्वारा दिलाई गई।

# बारिश के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त

अमृत विचार टीम, सीतापुर


कमलापुर हाईवे से जुड़े संपर्क मार्ग पर जमा पानी के बीच से निकलता बाइक सवार।

- मुख्य और संपर्क मार्गों का तीन दिन की बारिश में बुरा हाल

**अमृत विचार:** तीन दिन की बारिश ने सड़कों की कलई खुल गई। कुछ स्थान पर तो गहरे गड्ढे बन गए। संपर्क और हाईवे से जुड़े कई मार्गों का खस्ताहाल और भीषण जलभराव के चलते लोगों की समस्या बढ़ गई है। ऐसे में अपने घरों से निकलने वाले लोगों का कहना है कि सड़क के गड्ढों और वहां जमा बारिश के पानी के चलते सड़क पर चलने में डर लगता है, क्योंकि जर्जर सड़क पर चलते समय कब कोई हादसा हो जाए इसकी आशंका बनी रहती है। इसलिए हमारे लिए सड़क पर बहुत संभलकर ही निकलना ही मुनासिब हो गया है।

कमलापुर संवाददाता के अनुसार कसमण्डा विकास खण्ड क्षेत्र में हाईवे से जुड़ी सड़क पताराकला, पताराखुर्द, पचकोहरा, जहसुनपुर, हमीरपुर, नवागांव, लालपुर सहित एक दर्जन गांव को जोड़ती है। तीन दिन की बारिश में इन सड़कों पर जगह-जगह बने गड्ढों में पानी भर गया है। जिसके चलते आए दिन लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं।

वहीं यहां निवासी दिलीप शुक्ला का कहना है कि इधर हो रही बारिश के चलते मुख्य मार्ग से निकला दूभर हो गया है। उधर विकास शर्मा का कहना है कि गड्ढों में पानी भरा होने के कारण ये पता नहीं चल पाता है कि कितनी गहराई है। ऐसे में बीते दिनों कई लोग घायल भी हुए हैं। इसी तरह अजय ने कहा-सड़क की मरम्मत को लेकर कई बार शिकायत भी की जा चुकी है। छह माह बीतने के बाद भी मार्ग दुरुस्तीकरण कार्य नहीं कराया गया है।

# कागजों पर ही बने रामीपुर गोड़वा के शौचालय

संवाददाता सीतापुर

- शपथ पत्र देकर ग्रामीणों ने की शिकायत

**अमृत विचार:** विकास खण्ड रेउसा की ग्राम पंचायत रामीपुर गोड़वा के लोगों ने शौचालय निर्माण में धांधली का आरोप लगाते हुए शिकायत की है।

प्रकरण वर्ष 2016 से 2020 से जुड़ा हुआ है। विकास खण्ड रेउसा की ग्राम पंचायत रामीपुर गोड़वा के लाभार्थियों ने तहसील में शपथपत्र बनवाकर आईजीआरएस के पोर्टल पर जिलाधिकारी एवं मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर वर्ष 2016 से 2020 के मध्य ग्राम सभा में आवंटित शौचालयों की निष्पक्ष जांच कर कराने की मांग की हैं। आरोप है कि जिम्मेदारों द्वारा बड़े घालमेल करते हुए कागजों पर ही शौचालय बना लिये गए। उन लोगों को पता तब चला जब वे लोग ब्लॉक पर गए। वहां बताया गया कि उनके शौचालय पहले ही बन चुके हैं। अब दोबारा नहीं बन सके। तब जबकि शिकायतकर्ताओं का दावा है कि उनको शौचालय ही नहीं मिले हैं। ऐसे में सभी ने मिलकर शिकायत की है। शपथ पत्र देकर शिकायत करने वालों में नरायन सिंह, सचीराम, देशराज, हरिनाम, संतोष, मोहन, सुरेश, नरेश, कौशल्या, दिवाकर, कुसमा, इस्लाम, लालता, हरद्वारी, रामसेवक, सुन्दर लाल, राम मिलन, हरी प्रसाद, सुन्दरता, बाबू आदि लाभार्थीगण शामिल हैं। मामले में पूर्व प्रधान हरेश ने बताया है कि ग्रामीणों द्वारा लगाए गए सारे आरोप निराधार है। उनके लिए आगामी चुनाव का माहौल बिगाड़ने को लेकर साजिश की जा रही है।

वहीं खण्ड विकास अधिकारी रेउसा धर्मेंद्र मौर्या का कहना है कि प्रकरण अभी तक संज्ञान में नहीं है, आते ही जांच कराई जाएगी।

# विद्यालय से हजारों का माल पार

संवाददाता, इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर

**अमृत विचार:** इमलिया सुल्तानपुर इलाके में चोरों का आतंक थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। एक बार फिर इमलिया थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों एक विद्यालय में घुसकर विद्यालय में लगे पंखे, साउंड मशीन व नकदी बटोर ले गए।

थाना इमलिया सुल्तानपुर इलाके के कस्बा इमलिया स्थित मां शारदे विद्यालय में देर रात अज्ञात चोर दाखिल हो गए और चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। विद्यालय के प्रबंधक खुर्शीद आलम के अनुसार, सुबह कोचिंग आए बच्चों व अध्यापकों ने स्कूल में सामान बिखरा पड़ा देखा। इसके बाद वो आगे बढ़े, तो देखा कि स्कूल के पंखे व साउंड मशीन गायब थी। ऑफिस का ताला टूटा हुआ था। इसमें रखी अलमारी भी खुली हुई पड़ी थी। जिसके बाद अध्यापक व बच्चों ने उन्हें चोरी की घटना की जानकारी दी। जिसके बाद वह विद्यालय पहुंचे तो उन्होंने देखा कि चोर विद्यालय में लगे छह पंखे, साउंड मशीन व दस हजार की नकदी उठा ले गए थे।



विद्यालय में जांच-पड़ताल करती फॉरेंसिक टीम। अमृत विचार

**दुस्साहस**
- मलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के इमलिया कस्बे का मामला
- पंखे, साउंड मशीन व नकदी बटोर ले गए चोर

विद्यालय प्रबंधक ने चोरी की घटना की सूचना डायल 112 व इमलिया पुलिस को दी। सूचना मिलने पर डायल 112 व इमलिया पुलिस मौके पर पहुंची और वहां पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर जांच- पड़ताल की। उधर, इमलिया पुलिस द्वारा सूचना पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट भी मौके पर पहुंचे और साक्ष्य संकलित कर जांच के लिए अपने साथ ले गए, कुछ संदिग्धों से पूछताछ भी की है।

# शीशम की लकड़ी बरामद काटे गए 7 पेड़

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार:** लहरपुर में वन विभाग की टीम ने चोरी से काटे गए सरकारी शीशम के पेड़ की लकड़ी लदी पिकअप को पकड़ते हुए दोषियों के विरुद्ध केस दर्ज किया। वहीं विकास खण्ड मिश्रिख की ग्राम पंचायत दधनामऊ में चिलवल के पेड़ों को काटे जाने का आरोप है।

लहरपुर संवाददाता के अनुसार, महराज नगर माइनर, निकट रानीपुरवा मजरा टकेली के पास कल्लू निवासी रानी पुरवा व वहीद निवासी भेलवां नहर पटरी पर लगे सरकारी शीशम के पेड़ को चोरी से काटकर पिकअप वाहन से ले जा रहे थे। वन क्षेत्राधिकारी हरीश श्रीवास्तव वन दरोगा राजकुमार, विष्णुपाल टीम पिकअप को पकड़कर केस दर्ज कराया। कुतुबनगर संवाददाता के अनुसार, विकास खण्ड मिश्रिख की ग्राम पंचायत दधनामऊ में बंजर जमीन पर खड़े चिलवल के 7 पेड़ अवैध तरीके से कटवाए गए।


दधनामऊ में कटी पड़ी लकड़ी।

- ग्राम लहरपुर और पिसावां इलाकों में हुईं घटनाएं

वहीं लेखपाल मयंक मलिक ने बताया कि अगर पेड़ बंजर जमीन में हुए, तो मूल्यांकन कर राजस्व के हवाले कर दिया जाएगा।

# दीक्षार्थी दीदी व ब्रह्मचारी भैया का स्वागत


हल्दी व गोद भराई के दौरान आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं महिलाएं।



दिव्य यात्रा रवानगी के दौरान श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता, रामपुर मथुरा

**अमृत विचार:** सकल जिनागम पंथी समाज द्वारा रामपुर मथुरा चौका नदी पुल के पास स्थित पेट्रोल पंप के पास बाल ब्रह्मचारी दीक्षार्थी दीदी व ब्रह्मचारी भैया का भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

प्रातः 9 बजे आचार्य 108 विमर्श सागर महाराज संघस्थ शिष्या विमर्शानुरागनी विशु दीदी व ब्रह्मचारी दीक्षार्थी दीदी व ब्रह्मचारी भैया का चौका नदी के पास स्थित पेट्रोल पंप पर ढोल नगाड़ों के साथ पुष्प वर्षा कर जैन समाज सहित अन्य लोगों द्वारा स्वागत किया गया। वहां से दीक्षार्थी दीदी को तीन विशेष रूप से सजाई गई बैलगाड़ियों पर सवार होकर रामपुर मथुरा दिगंबर जैन मंदिर के पास स्थित दीक्षार्थी प्रतीक्षा दीदी के घर के लिए प्रस्थान किया। दोपहर बाद दिगंबर जैन मंदिर में दीक्षार्थी दीदी की हल्दी व गोद भराई का कार्यक्रम में कलाकारों ने मनमहोक प्रस्तुति दी। दवा व्यापारी पुष्पेंद्र जैन की बेटी प्रतीक्षा जैन ने वर्ष 2021 में श्री विमर्श सागर के प्रवचन से प्रभावित होकर सन्यास ग्रहण किया था। उनका परिवार से पूर्ण रूप से पारिवारिक रिश्ता अलग हो गया। पिता पुष्पेंद्र जैन ने बताया कि वह पल बहुत भावुक रहे। इस मौके पर राजू जैन, पवन जैन, हरी जैन, प्रवीण जैन, अंकुर जैन आदि रहे।

### हिमाचल प्रदेश से दिव्य ज्योति लाने के लिए श्रद्धालुओं का जत्था कस्बे से रवाना

**संवाददाता पैंतेपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** पैंतेपुर के उदासीन बाबा संगत पर आयोजित होने वाले दुर्गा पूजन के लिए समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का श्रद्धालुओं एक जत्था हिमाचल प्रदेश में स्थित कांगड़ा देवी के दर्शन कर वहां से दिव्य ज्योति लाने के लिए कस्बे से प्रस्थान किया। कस्बा पैंतेपुर में आयोजित दुर्गा पूजन के 3 अक्टूबर से शुभारंभ के पूर्व रंजीत कश्यप, प्रदीप वर्मा सभासद विनय यादव सहित अन्य पदाधिकारियों का समूह हिमाचल स्थित कांगड़ा देवी के दर्शन एवं दिव्य ज्योति लाने ले लिया निकला है। समिति के रंजीत कश्यप ने बताया कि सभी पदाधिकारी कांगड़ा देवी से दिव्य ज्योति लाने के लिए प्रस्थान कर रहे हैं। ज्योति के पूजन अर्चन एवम भव्य चूनर यात्रा से महोत्सव शुरुआत होगी। उन्होंने बताया कि नवरात्र के प्रारंभ से ही पूजन अर्चना के साथ ही महोत्सव शुरू हो जाता है, इस महोत्सव में आसपास के जिलों से भी श्रद्धालुओं का आना होता है। लोग यहां पहुंचकर मातारानी के भव्य रूप का पूजना करते हैं।

# युवक को खंभे से बांधकर पीटने में 15 पर केस दर्ज

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार:** कुछ दिनों पूर्व नगर क्षेत्र के एक वार्ड में चोर समझकर मानसिक विक्षिप्त युवक को खंभे से बांधकर हुई पिटाई के मामले में पुलिस ने पीड़ित के बेटे की तहरीर के आधार पर छह नामजद सहित15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बीते दिनों पूर्व नई बाजार उत्तरी में चोरी के शक में भीड़ ने एक युवक को खंभे से बांधकर बुरी तरह से पीटा था। पिटाई का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वहीं पुलिस ने किसी तरह भीड़ से युवक को बचाकर इलाज कराया था। पीटे गये शख्स की पहचान शब्बीर पुत्र बिहारी निवासी जगदीशपुर हजरिया थाना थानगांव के रूप में हुई थी। पीड़ित के बेटे सलीम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पिता का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता है। 14 सितम्बर को पिता घर से चुपचाप निकल गये और महमूदाबाद पहुंच गये। जहां राजा पुत्र पिंटू, सचिन पुत्र पिन्टू, हेमू पुत्र रामलाल, पिन्टू, विनोद, हरेश सहित 15 अज्ञात लोगों ने पकड़कर उनकी बुरी तरह से पिटाई की थी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

**सूचना**
मेरे शैक्षणिक अंकपत्र सह प्रमाण पत्र हाई स्कूल रोल नंबर 1757363 वर्ष 2014, इण्टर मिडियट रोल नंबर 1313200 वर्ष 2016, बीएससी प्रथम वर्ष रोल नंबर 4101125 वर्ष 2017, बीएससी द्वितीय वर्ष रोल नंबर 2091294 वर्ष 2018, बीएससी तृतीय वर्ष रोल नंबर 6075253 वर्ष 2019 खो गये हैं। –ऋषभ कुमार दुबे पुत्र श्री सुशील कुमार दुबे निवासी– ग्राम आंटी, पोस्ट– मलिकापुर –कन्नौज, मोबाइल नंबर–8874236656

**सूचना**
सूचित हो कि मैं मोहम्मद साहिद पुत्र अहमद हुसैन, निवासी– जीवपुर, पोस्ट– रतकुण्ड तहसील सोहावल, जनपद– अयोध्या उ0प्र0, यह कि पहले मेरा नाम MOHD SHAHID पुत्र AHMAD HUSAIN था। मैंने अपना नाम बदलकर अब MOHAMMAD SAHID पुत्र अहमद हुसैन रख लिया है। भविष्य में MOHAMMAD SAHID के नाम से जाना व पहचाना जाये। सभी प्रयोजन के लिए। यह कि निवासी 125 वार्ड नं0 11 संत कबीर रैदास जीवपुर घर के पास मस्जिद नगर पंचायत भदरसा तहसील सोहावल जनपद अयोध्या।

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट में अंकित नाम जलालुद्दीन है जबकि सही नाम जलालुद्दीन मोहम्मद खलील अंसारी रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए पुत्र मोहम्मद खलील अंसारी ग्राम तिलखोरिया,पोस्ट, बनगवा ,जिला गोंडा उत्तर प्रदेश 271312

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्याय पंचायत अलियाबाद में नई मत्स्य जीवी सहकारी समिति गठन हेतु तृतीय बैठक दिनांक 03/10/2024 दिन गुरुवार सायं 4 बजे पंचायत भवन केन्हौरा, ब्लाक– दरियाबाद तहसील रामसनेही घाट, जनपद– बाराबंकी में आयोजित की जा रही है जिसमे सभी ग्रामवासी जन प्रतिनिधि ग्राम प्रधान बी डी सी जिला पंचायत व अधिकारीगण सादर आमंत्रित है मुख्य प्रवर्तक अब्दुल अली प्रस्तावित समिति 8127272752

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अत: वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है


डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

**आलमबाग**
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय–
सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय–
सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

## एक नजर

### देवीगंज में बारिश के चलते सड़क पर गिरा पेड़

बनीकोडर, अमृत विचार : असंद्रा थाना क्षेत्र के हैदरगढ़-भिटरिया मार्ग पर देवीगंज के निकट पूरे छविनाथ शुक्ला गांव के पास सड़क पर एक पेड़ के गिरने की वजह से लंबा जाम लग गया। पेड़ गिरने की वजह से सड़क पर आ रहे लोग भी बाल-बाल बचे। पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही बारिश और हवा के चलते यह पेड़ सड़क पर गिर गया था। इसके चलते देवीगंज चौराहे से भीखरपुर तक लंबा जाम लग गया। ऐसे में आवागमन करने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी होते ही समाजसेवी विवेकानंद शुक्ला मौके पर पहुंचे और सड़क पर गिरे पेड़ को लोगों की मदद से हटवाते हुए जाम खुलवाया। गनीमत रही कि पेड़ के गिरने के समय कोई वाहन उसके नीचे नहीं आया।

# सुहागिन बन 4600 विधवाएं हर माह ले रही थीं अनाज

## शासन से भेजी गई सूची में खुलासा, 2712 आयकरदाता व किसान सम्मान निधि पाने वाले भी उठा रहे थे लाभ

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** शासन से मिलने वाले मुफ्त का राशन का लाभ लेने के लिए जिले की एक नहीं करीब 4600 से अधिक विधवा महिलाएं राशनकार्ड में सुहागिन बनी हुई थीं जो अपने मृत पति का नाम राशनकार्ड से न हटवाकर कई महीनों से अनाज ले रही थीं। इसके अलावा ढाई हजार से अधिक आयकर दाता भी सरकार की इस योजना का लाभ उठा रहे थे। इनमें किसान सम्मान निधि का लाभ लेने वाले धरतीपुत्र भी पीछे नहीं हैं। इनकी भी संख्या करीब दो सौ के आसपास है। शासन से भेजी गई सूची में इसका खुलासा हुआ है। सूची आने के बाद आपूर्ति विभाग ने ऐसे राशनकार्डों के सत्यापन के बाद इनका राशनकार्ड निरस्त कर लाभार्थी सूची से बाहर किया है।



कोटेदार की दुकान पर राशन लेती महिला (सांकेतिक फोटो) अमृत विचार

> शासन स्तर से जिले के आयकरदाता, निराश्रित महिला पेंशन और किसान सम्मान निधि योजना के तहत लाभ पाने वालों का डाटा उपलब्ध कराया गया है। इनका सत्यापन किया जा रहा है। तीनों योजनाओं के डाटा मिलान में भारी संख्या में लोग अपात्र मिले हैं। सत्यापन अभी जारी है। अपात्रों के राशनकार्ड निरस्त किए जा रहे हैं।
> -डॉ. राकेश तिवारी, जिलापूर्ति अधिकारी

आपूर्ति विभाग शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए राशन को गरीबों में बांटता है। दो श्रेणियों अंत्योदय योजना एवं पात्र गृहस्थी के तहत योजना का लाभ दिए जाने की व्यवस्था है। योजना का लाभ लेने वाले परिवारों का इन दिनों सत्यापन कार्य चल रहा है। अपात्रों को योजना से बाहर करने के लिए ई-केवाईसी हो रहा है। प्रोबेशन विभाग से विधवा पेंशन लेने वाली महिलाओं के डाटा का मिलान आपूर्ति विभाग से कराया जा रहा है। इसमें जिले में करीब 60 हजार से अधिक महिलाएं विधवा पेंशन ले रही हैं। इनके डाटा मिलान में करीब 4600 के आसपास ऐसी महिलाएं पाई गई हैं जिनके राशनकार्ड में उनके पति के नाम भी दर्ज है। पेंशन लेने के साथ ही वे अपने पति के नाम का राशन भी ले रही हैं।

इसी तरह आपूर्ति विभाग को 5617 आयकर दाताओं का डाटा उपलब्ध कराया गया है। विभाग द्वारा इनका भी सत्यापन कराया गया जिसमें 2712 लोगों के नाम राशनकार्ड होने की बात सामने आई है। इसी कड़ी में साल में चार बार किसान सम्मान निधि पाने वाले ऐसे करीब 200 लोगों के राशनकार्ड पाए गए हैं जिनके नाम कृषि योग्य भूमि है। वे खेती करते हैं। और ये सभी अपात्र की श्रेणी में आते हैं। कृषि विभाग ने जिले के ऐसे 8314 लाभार्थियों का डाटा आपूर्ति विभाग को उपलब्ध कराया है।

# मिशन पहचान परीक्षा आज सीसीटीवी से होगी निगरानी

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** सोमवार को जिले में मिशन पहचान परीक्षा आयोजित होगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग का अभिनव प्रयोग मिशन पहचान बच्चों को शिक्षित करने के साथ ही उनके चौमुखी विकास में अहम भूमिका निभा रहा है। परीक्षा का उद्देश्य बच्चे का ज्ञान और गुरु की पहचान है।

डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य के साथ बैठक कर निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया परीक्षा में कक्षा छह से 12 तक के सभी बच्चे शामिल होंगे। परीक्षार्थी को दिए जाने वाले प्रश्न पत्र में कुल 50 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। मिशन पहचान पूरी तरह से बोर्ड परीक्षा की तरह होगी। इस दौरान कमरे में सीसीटीवी कैमरे से परीक्षा की रिकॉर्डिंग कराई जाएगी। जिसकी मॉनिटरिंग स्वयं जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में लगे सीसीटीवी कंट्रोल सिस्टम से करेंगे। मिशन पहचान परीक्षा में जो बच्चे बेहतर प्रदर्शन करके दिखाएंगे। उन्हें विभाग सम्मानित करने का काम करेगा। इसके लिए विभाग की टीम परीक्षा में अव्वल बच्चों के विद्यालयों में विजिट करेगी। परीक्षा में आने वाले ज्यादातर प्रश्न परीक्षार्थी की विगत कक्षा से होंगे। इसमें वर्तमान कक्षा के मात्र 20 प्रतिशत प्रश्न होंगे।

# बिहार बस हादसे में जिले के तीन लोगों की मौत

## कैमूर में नेशनल हाईवे पर हादसा, पितरों का पिंडदान कराने गए थे, शव लेने के लिए बिहार रवाना हुए परिजन

**हैदरगढ़, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** पितरों का पिंडदान कराने गए पंडा समेत तीन लोग खुद ही हादसे में जान गवां बैठे। यूपी वापस आ रही बस बिहार में ही सड़क हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में बाराबंकी से गए एक पंडा, क्लीनर समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया है। शव लेने के लिए परिजन बिहार रवाना हो गए।

बताते चलें कि कोतवाली हैदरगढ़ के सूबेदार का पुरवा के मूल निवासी और मानपुर के रहने वाले स्वामी दयाल पंडा हर वर्ष गया करने के लिए तीर्थ यात्रियों को बस के माध्यम से ले जाते हैं। इस बार भी गत 18 सितंबर को तीर्थ यात्रियों को लेकर वह बिहार के गया जिले के लिए रवाना हुए थे। गया में पिंडदान करने के बाद यात्रियों से भरी बस रविवार की सुबह बिहार से लौट रही थी, भोर लगभग साढ़े चार बजे यह बस बिहार के कैमूर जिला मोहनिया थाना क्षेत्र के बरहूली गांव के पास नेशनल हाईवे पर पहुंची और सड़क के किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसे में बस ले जाने वाले पंडा स्वामी दयाल 58, क्लीनर रामू 32 एवं थाना असंद्रा के धनौली जरौली गांव निवासी एक 60 वर्षीय वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 11 अन्य यात्री घायल हो गए। घायलों में तीन लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही। रविवार को दुर्घटना में स्वामी दयाल की मौत की सूचना के बाद उनके घर के साथ-साथ पूरे गांव में कोहराम मच गया। परिजन शव लेने के लिए बिहार के लिए रवाना हो गए।




### अलग-अलग हादसों में तीन लोगों ने गंवाई जान

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें एक की करंट व दूसरे की सड़क हादसे में मौत हो गयी। वहीं एक अज्ञात व्यक्ति ने बीमारी के बाद दम तोड़ दिया। **सिद्धौर प्रतिनिधि** के अनुसार नगर पंचायत सिद्धौर के उत्तरी अंसारी मोहल्ला की है। मध्यरात्रि के बाद घर के टीनशेड से जुड़े लोहे की पाइप में करंट उतरने से 22 वर्षीय रामप्रसाद इसकी चपेट में आ गए। घर में अकेले रहे युवक की मौत हो गई। सुबह जब मोहल्ले वालों को पता चला तो इसकी सूचना बिजली एवं पुलिस विभाग को दी गई। दूसरी घटना अयोध्या की है। अयोध्या जिले की इनायत नगर तहसील स्थित फाइनेंस कंपनी में राकेश गुप्ता (26) पुत्र शिव कुमार निवासी ग्राम जामताली थाना रानीगंज जिला प्रतापगढ़ फील्ड असिस्टेंट था। शनिवार की रात आठ बजे इनायत नगर में एसबीआई बैंक के सामने उसकी बाइक को बोलेरो ने सामने से टक्कर मार दी। घायल अवस्था में अयोध्या के जिला अस्पताल से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। लखनऊ ले जाते समय बाराबंकी के सफदरगंज थाना क्षेत्र में उसकी हालत और बिगड़ गई, अस्पताल लाये जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तीसरा मामला जिला अस्पताल का है। बीमारी के चलते एक 58 साल का अधेड़ कई दिनों से भर्ती था। शनिवार की देर रात उसकी मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त नहीं की जा सकी है।

# अब प्रधान वर्ग भी मैदान में उतरा

**दरियाबाद, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** विकास खंड के ग्राम प्रधान और सचिव के बीच उपजा विवाद धीरे-धीरे तूल पकड़ रहा है। कुछ दिन पहले प्रधान पर कार्रवाई को लेकर सचिवों ने थाने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद प्रधान संघ भी आरपार की लड़ाई के मूड में आ गया है।

बीते सोमवार को ग्राम पंचायत में खुली बैठक होनी थी। जिसमें पीएम आवास योजना सहित परिवार रजिस्टर नकल व अन्य विकास कार्यों को लेकर चर्चा होनी थी। इसमें सचिव विनोद कुमार सहायक विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह के साथ विलंब से पहुंचे थे। जिस पर प्रधान ने नाराजगी जताई तो ग्राम प्रधान और सचिव के बीच कहासुनी हुई। वहीं सचिव विनोद कुमार ने ग्राम प्रधान शोएब पर मारपीट करने व सरकारी अभिलेखों को फाड़ने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। ग्राम प्रधान ने पीएम आवास योजना में रुपये मांगने का आरोप लगाया था। इस मामले में सचिव संघ के जिलाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने डीएम से मिलकर ग्राम प्रधान की गिरफ्तारी और सचिवों की सुरक्षा को लेकर ज्ञापन सौंपा था। इस पर डीएम ने डीपीआरओ से पंद्रह दिन के अंदर जबाब मांगा है। साथ ही अधिकार सीज करने के लिए नोटिस जारी की थी। शनिवार को सचिव समेत विकासखंड के कर्मी रविवार को भी मांगों को लेकर धरने पर बैठे रहे। रविवार को दरियाबाद विकास खंड के ग्राम प्रधान संघ ने भी हुंकार भर दी है।



ब्लॉक परिसर में धरना-प्रदर्शन करते प्रधान। अमृत विचार

# सुबह रैली, शाम को निकला जुलूस

**सूरतगंज, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के मौके पर नपं बेलहरा के भटुवामऊ वार्ड में जुलूस-ए-मोहम्मदी व जुलूस मदहे सहाबा पूरी शानो शौकत व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा।

कमेटी अध्यक्ष मसरुर ख़ाँ की अध्यक्षता में निकली रैली मदरसा क़मरुल उलूम रमज़ानिया भटुवामऊ से अपने निर्धारित रास्तों से होता हुआ बेलहरा ईदगाह से वापस आकर मदरसे पर समाप्त हुआ। रैली में आगे आगे सजे धजे घोड़े ऊंट चल रहे थी जो आकर्षण का केंद्र बने हुए थे। पीछे सैकड़ों लोगों की भीड़ के बीच सरकार की आमद मरहबा जैसे नारों से इलाक़ा गूंजता रहा। इस बीच बेलहरा के लोगों ने जगह-जगह उनका स्वागत किया तथा जलपान की व्यवस्था की थी। शाम सात बजे जामा मस्जिद से मदहे सहाबा का जुलूस उठा। जिसमें क़रीब तीन दर्जन अंजुमनों ने शिरकत की। जिसमें सबने मोहम्मद साहब की शान में खूब नात पाक पढ़ी। अंत मे चेयरमैन प्रतिनिधि अयाज़ खां व कांग्रेसी नेता नसीर ख़ाँ ने जुलूस में आई हुई अंजुमनों को पुरस्कार वितरित किए। वहीं कमेटी अंजुमन शोहदाए इस्लाम की तरफ़ से कमेटी अध्यक्ष मसरूर खां ने जुलूस में आये मेहमानों व सभी अंजुमनों का शुक्रिया अदा किया।



कस्बे में रैली निकालते मुस्लिम समाज के लोग। अमृत विचार

# बच्चों में विकसित करें मानव कल्याण की भावना

## राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत प्रतिभा शिक्षा निकेतन में ब्लॉक स्तरीय क्विज स्पर्धा का आयोजन

**देवा, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को प्रतिभा शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज, नरैनी देवा में किया गया। मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडे ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने प्रतियोगिता में उपस्थित विकास खंड के 60 पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के 180 बच्चों एवं उनके अभिभावकों के साथ संबंधित विद्यालयों के विज्ञान शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान का मतलब है कि मानव कल्याण के लिए जो नई खोज होती है वही विज्ञान है। विज्ञान की खोज दो प्रकार से होती है एक विध्वंस के लिए और दूसरी मानव कल्याण के लिए। तो हमें बच्चों में मानव कल्याण की खोज की भावना विकसित करनी है। खंड शिक्षा अधिकारी राम नारायण यादव ने कहा कि बच्चों के अंदर विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करें तथा बच्चों को दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाली विज्ञान की बारीकियां से अवगत कराएं तथा दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व को बच्चे समझें। प्रतियोगिता में प्रबंधक इंद्र कुमार वर्मा का सराहनीय सहयोग रहा और उन्होंने बच्चों को संबोधित भी किया।

दो चरणों में संपन्न हुई प्रतियोगिता में 60 विद्यालयों के 180 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सर्वोच्च अंक प्राप्त 25 बच्चों का चयन किया गया। तत्पश्चात द्वित्तीय चरण में 10 बच्चों का चयन करते हुए विजेता बच्चों को विज्ञान किट, बायोलॉजिकल किट स्टेशनरी, प्रशस्ति पत्र तथा मेडल आदि देकर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन वरिष्ठ शिक्षक सीबी सिंह ने किया। कार्यक्रम में अनूप त्रिपाठी, जितेंद्र यादव, कमलेश वर्मा, राजेश श्रीवास्तव, मनीराम, ओमप्रकाश, पंखुड़ी, स्वाति त्रिवेदी, सुधा मिश्रा, अरुण वर्मा, विजय वर्मा, विवेक वर्मा, विकास वर्मा, नीरज श्रीवास्तव, आशीष शुक्ला, फिरदौस हियाज, सुरभि गुप्ता, डॉक्टर रुचि सिंह, नेहा रहमान, राकेश कौल, सैदुल हसन, मोहम्मद इस्माइल, सुभाष, ज्ञानेंद्र, मनोज यादव, अशोक वर्मा, प्रदीप मिश्रा आदि मौजूद रहे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

# बालक से अश्लील हरकत करने पर शिक्षक की पिटाई

**शर्मनाक**

**हैदरगढ़, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र स्थित एक घर में रविवार की दोपहर ट्यूशन पढ़ाने गया युवा टीचर बालक से अश्लील हरकतें करते हुए पकड़ा गया। रंगेहाथों पकड़े जाने के बाद परिजनों व मोहल्लावासियों ने आरोपी शिक्षक की जमकर पिटाई कर दी, वहीं बाद में माफी मांगने के बाद उसे छोड़ दिया गया।

जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर कस्बे का ही रहने वाला एक युवक हमेशा की तरह चार वर्ष के एक बालक को ट्यूशन पढ़ाने उसके घर गया। ट्यूशन पढ़ाने के दौरान अचानक कमरे में पहुंची उसकी मां ट्यूटर की अश्लील हरकत देख सन्न रह गई। महिला ने तुरंत इसकी सूचना अपने पति को दी। घर वालों के सामने ही आरोपी ने भागने का प्रयास किया तो उसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया। शोर सुनकर मोहल्लेवासी इकट्ठा हो गए। अन्य लोगों ने टीचर की अश्लील हरकत सुनीं तो लात-घूसों से पिटाई शुरू कर दी। टीचर के माफी मांगने के चलते सभी ने चेतावनी देकर उसे छोड़ दिया।

# पितृपक्ष में कारोबार ठप, नवरात्रि का इंतजार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** इन दिनों चल रहे पितृ पक्ष और दो दिनों से हो रही बारिश के चलते कारोबार पर काफी असर पड़ा है। देखा जाए तो दुकानों पर सबसे अधिक सन्नाटा पितृपक्ष के चलते हैं। दुकानदारों का कहना है कि अब नवंबर माह से शुरु होने मांगलिंक कार्यक्रमों के चलते लोग पितृ पक्ष समाप्त होने के बाद नवरात्रि के दिनों में कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स समेत अन्य सामानों की बुकिंग व खरीदारी शुरू करेंगे। लेकिन पिछले दस दिनों से बाजार पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है।

एक ओर जहां चार-पांच माह से शादी की सहालग नहीं हैं। इसके चलते जिस पर प्रकार दुकानदारी होने चाहिए वैसी रौनक नहीं दिख रही है। ऊपर से चल रहे पितृ पक्ष के चलते लोग भी कोई नया सामान नहीं खरीद रहे हैं। खानपान की वस्तुओं को छोड़ दिया जाए तो अन्य कोई नए सामानों की बिक्री नहीं हो रही है। फिर वह चाहे ऑटोमोबाइल सेक्टर हो या फिर मार्केटिंग का क्षेत्र हो। बाइक, कपड़े, सौंदर्य प्रसाधन के साथ अन्य सामानों की बिक्री पर ब्रेक लग गया है। दुकानदार अपने प्रतिष्ठान तो तय समय में खोल और बंद कर रहे हैं लेकिन आमदनी में गिरावट जारी है। कपड़ा प्रतिष्ठान के मालिक नीरज जैन व इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान के मालिकों का कहना है कि नवंबर से शुरू हो रही शादियों के साथ अन्य मांगलिक कार्यक्रमों के चलते अब लोग पितृपक्ष के बाद नवरात्रि में बाजार की ओर रुख करेंगे। शादियों के लिए कपड़े, वाहन समेत अन्य सामानों की खरीदारी और बुकिंग आदि कराएंगे। उधर, दूसरी ओर पिछले दो दिनों से हो रही बारिश से धनोखर, छाया चौराहा, सतरिख नाका समेत कई प्रमुख चौराहों पर रोज दिखने वाली भीड़ गायब है।



दुकान पर ग्राहकों का इंतजार करते कर्मचारी। अमृत विचार

### नवंबर माह में सहालग

पंडित अभय शास्त्री के अनुसार इस वर्ष के अंतिम दो माह में शादियों के कई मुहूर्त हैं। इनमें नवंबर में 12, 13, 16, 17, 18, 22, 23, 25, 26, 27, 28 और 29 तारीख में शादियां हैं। दिसंबर में 4, 5, 9, 10, 11, 14, 15, 16 तारीख में विवाह का शुभ मुहुर्त है।

## सार-संक्षेप

### अंबाला से आए रामभक्तों का किया स्वागत



रामभक्तों का स्वागत करते विहिप के पदाधिकारी। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** हरियाणा प्रदेश के अंबाला शहर स्थित दुर्गा नगर के सनातन धर्म मंदिर से 10 सितंबर को अयोध्या पद यात्रा प्रारंभ कर लगभग 700 किलोमीटर की अधिक दूरी तय कर रामनगर पहुंचे राम भक्तों का शनिवार देर रात विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। रामभक्त मुकुल सचदेवा एवं सचिन सचदेवा का विहिंप जिला मंत्री राहुल कुमार, नगर उपाध्यक्ष दिलीप सोनी, गुड्डू, अर्जुन, सोनी, निर्मल, मनीष, बबलू, विनय, रमाकांत, गोलू आदि ने अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया। पदयात्रा कर रहे राम भक्तों ने रामनगर के डिग्री कॉलेज के सामने स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर रात्रि भोजन व विश्राम के उपरांत 29 सितंबर को प्रात: अयोध्या धाम के लिए पदयात्रा प्रारम्भ किया।

### 243 स्थानों पर सजेगा मां का दरबार, तैयारियां जोरों पर



नवरात्रि में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना को लेकर तैयार हो रहा पंडाल। अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** पितृ पक्ष समाप्ति में अब कुछ ही दिन शेष बचे हैं। आदिशक्ति के भक्त बड़ी ही बेसब्री से माता की आराधना के विशेष पर्व नवरात्रि का इंतजार कर रहे हैं। बाजार धीरे-धीरे इस पर्व के लिए तैयार हो रहा है। शारदीय नवरात्रि होने की वजह से उत्साह चरम पर है। क्षेत्र में माता का दरबार सजाने का काम जोरों पर है। इस बार क्षेत्र में 243 स्थानों पर दरबार सजाने की तैयारी चल रही है। पितृपक्ष का विसर्जन होते ही मां की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। तहसील क्षेत्र में तीन अक्तूबर से शुरू हो रहे महापर्व को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। सीओ रामसनेहीघाट के अनुसार के सबसे अधिक पूजा पंडाल असंद्रा सर्किल में लगेंगे। दूसरे नंबर पर दरियाबाद व तीसरे पर रामसनेहीघाट और चौथे नंबर पर टिकैतनगर क्षेत्र है। हर थानों की पुलिस अपने स्तर से यह सुनिश्चित कराने में जुटी है कि कहीं कोई नई परंपरा न शुरू होने पाए। अयोध्या के मवई थाने में 55 मूर्तियां स्थापना होगी। जिसका विसर्जन रामसनेहीघाट कोतवाली अंतर्गत कल्याणी नदी में होगा।

**शख्सियत** 1978 में की थी गांधी जयंती ट्रस्ट की स्थापना, गांधी जयंती से सप्ताह भर तक होते हैं कार्यक्रम

# गांधीजी के विचारों को लोगों तक पहुंचा रहे राजनाथ

**श्रीनिवास त्रिपाठी, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** उम्र 70 के पार, आंखों में चश्मा और हाथ में छड़ी, आवाज में गर्मजोशी, धोती-कुर्ता और सदरी यह पहचान बन गई है वयोवृद्ध गांधीवादी पं.राजनाथ शर्मा की। पं. राजनाथ शर्मा लोकतंत्र सेनानी हैं और गांधी, लोहिया से प्रभावित होकर उन्होंने छात्र राजनीति से कई क्रान्तिकारी आन्दोलन का नेतृत्व किया। जय प्रकाश नारायण, पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर, जार्ज फर्नांडीस, मुलायम सिंह के करीबी रहे। उन्होंने राजनीति में सिद्धान्तों से समझौता कर सत्ता या सदन पहुंचने से बेहतर उसे ठोकर मारना ठीक समझा। 1978 से पहले राजनीति के उस दौर को उन्होंने देखा जहां में विचारों का पतन होने लगा तब गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट बनाकर गांधी जीवन- दर्शन व कुरीतियां दूर करने को आगे बढ़े। ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष दो अक्टूबर को कवि सम्मेलन और मुशायरे के साथ सप्ताह भर कार्यक्रम होते हैं।



पं.राजनाथ शर्मा।

पं. शर्मा ने बताया कि यह पहला ऐसा कार्यक्रम है जो देश में सबसे बड़े कार्यक्रम के रूप में जाना जाता है। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम में 1978 से निरंतर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन और मुशायरे के आयोजन के साथ सहभोज, गांधी जीवन-दर्शन, कौमी एकता, सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं से लोगों को गांधी जीवन दर्शन के प्रति प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि चाहता तो मैं भी भारतीय राजनीति की फलक पर होता। लेकिन समाजवादी आन्दोलन में लोहिया के साथ आया था। मुझे लगा पार्टियां वैचारिक दर्शन पर काम नहीं कर रहीं। ठेकेदार और विधायक पार्टी पर हावी हैं। लोहिया से वचनबद्धता की वजह से यहां आकर गांधी दर्शन पर काम करने लगा। यह 46 वां साल है। लगातार गांधीजी के विचारों को लेकर काम कर रहा हूं।

**समाप्त कर देना चाहिए आरक्षण:** पं. राजनाथ शर्मा ने कहा कि देश की आज़ादी के इतने वर्षों बाद भी आरक्षण खत्म नहीं किया गया। मेरा मत है कि आरक्षण खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारी कामकाज में हिन्दी का प्रयोग होना चाहिए।

**गांधी दर्शन से प्रभावित दलों को एक मंच पर आना चाहिए :** उन्होंने कहा कि कई दलों में गांधी दर्शन से लोग प्रभावित हैं। ऐसे लोगों को एक मंच पर आना चाहिए। पं. शर्मा ने कहा कि गांधीजी के हिन्दुस्तान आने की शताब्दी पूरी होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने का शताब्दी वर्ष मनाया। यह बेहद प्रशंसनीय पहल है।

# कमेटी गठित, उर्वरक बिक्री का होगा सत्यापन

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने पीसीएफ गोदाम, सहकारिता, निजी गोदाम के वेयर हाउस, थोक उर्वरक विक्रेताओं के गोदाम में आईएफएमएस पोर्टल में प्रदर्शित उर्वरक के अनुसार भौतिक सत्यापन के लिए उप जिलाधिकारी न्यायिक नवाबगंज, जिला कृषि अधिकारी एवं सहायक आयुक्त, सहायक निबन्धक सहकारिता की तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। इन्हे समस्त उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर पीओएस मशीन के अनुसार उपलब्ध उर्वरक का कृषि, सहकारिता के क्षेत्रीय कर्मचारियों को न्याय पंचायतवार बिक्री केन्द्रों का भौतिक सत्यापन किये जाने को नामित किया गया है। रबी फसलों की बुवाई विशेषकर, आलू, गेहूं एवं सरसों आदि बुवाई के दष्टिगत फास्फेटिक एवं पोटैशिक उर्वरकों की मांग के दृष्टिगत जनपद में सहकारिता, निजी क्षेत्र में प्राप्त होने वाली उर्वरकों का कृषकों में उनकी जोत एवं आवश्यकता के अनुरूप निर्धारित दर पर बिना किसी टैगिंग के वितरण सुनिश्चित कराये जाने व जांच के लिए कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों की तहसीलवार कमेटी गठित की गई है। एसडीएम को भी तहसील में भ्रमण कर जांच के लिए कहा गया है।

## एक नजर

### कोठी व दशहरा मैदान में रामलीला आज से

**हैदरगढ़, अमृत विचार :** कोठी और दशहरा मैदान में होने वाले रामलीला कार्यक्रम का शुभारंभ 30 सितंबर से होने जा रहा है। पहले दिन हनुमान जन्म एवं नारद मोह की लीला का नाट्य मंचन होगा। कार्यक्रम का समापन राज गद्दी भारत मिलाप की लीला और महा आरती के साथ होगा। इस रामलीला में अयोध्या धाम से पधारे बजरंग विजय आदर्श रामलीला मंडल के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन होगा। एक पखवाड़े तक चलने वाले रामलीला कार्यक्रम में पांच अक्टूबर को रामलीला कोठी से शाम चार बजे भव्य राम बारात नगर के प्रमुख मार्गों से विशेष झांकियों के साथ निकालेगी। 14 अक्टूबर तक रामलीला से जुड़े प्रसंगों का नाट्य मंचन होगा।

### सतरिख में मासिक कार्यशाला का आयोजन

**सतरिख, अमृत विचार :** ताराश्री फाउंडेशन की ओर से उदयन शालिनी फेलोशिप प्रोजेक्ट द्वारा एक अनूठी मासिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्वयं की बदलाव की कहानी, जिसमें फ़ेलोशिप प्रोग्राम से जुड़ी छात्राओं ने गत छह माह में प्रोग्राम के कारण स्वयं में आये बदलाव व प्रभाव की स्वलिखित 29 कहानियों में से सबसे महत्वपूर्ण छह कहानियों को क्वॉलिटेटिव मेथड के द्वारा चुना। छात्राओं ने बताया कि कहानी लिखने और चुनाव करने की इस प्रक्रिया में उनकी सोचने की क्षमता, विचार और भावनाएं, सवाल पूछने की क्षमता बढ़ी। कार्यशाला का संचालन विभा ने किया।

### शराब के साथ गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना देवा पुलिस टीम ने मनीष निवासी देवा को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 12 पाउच देसी शराब बरामद की गई। पुलिस ने उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की है।

# संजय सेतु के ज्वाइंटर में फिर आई दरार

## राजधानी लखनऊ से नेपाल को जोड़ने वाले पुल से प्रतिदिन होता है हजारों वाहनों का आवागमन

संवाददाता, रामनगर बाराबंकी



रामनगर के सरयू नदी पर बने संजय सेतु में आई दरार और दिखती सरिया।

**40** वर्ष पूर्व हुआ था पुल का निर्माण

**अमृत विचार :** सरयू नदी के संजय सेतु के ज्वॉइंट में फिर दरार आ गई है। पांच माह पूर्व ही पुल की दरारों की मरम्मत का कार्य किया गया था। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की देखरेख में कार्यदायी संस्था पीएनसी के कर्मचारियों ने संजय सेतु के अप्रोचों को भरने का कार्य पांच माह पूर्व किया था। इस दौरान दो दिनों तक यातायात वन साइड रहा। कुछ माह बीतते ही एक बार फिर संजय सेतु के अप्रोचों में दरार आ गयी है। स्थिति यह है कि इस बार जो दरार आई है उसमें सरिया तक बाहर आ गयी है। वाहन गुजरते है तो सरिया कुछ सेकेंड तक हवा में झूलती रहती है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि बाराबंकी-बहराइच जनपद की सीमा को जोड़ने वाला इकलौता पुल है। करीब 40 वर्ष पहले इसका निर्माण कराया गया था। उस समय सीमित वाहनों की संख्या थी लेकिन अब वाहनों की संख्या बढ़ गयी है। 24 घंटे इस पुल से वाहनों का आवागमन होता है। एनएचएआई के अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि ज्वॉइंटर को ठीक कराने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया है।

### बढ़ गया वाहनों का बोझ, कराह रहा संजय सेतु

**रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी, अमृत विचार।** लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर सरयू नदी पर सन् 1984 में बना संजय सेतु बढ़ते वाहनों के बोझ तले कराह रहा है। लोक निर्माण विभाग के जानकारों की मानें तो इस सेतु पर बीते दो दशक में कई गुना यातायात बढ़ा है। 9 अप्रैल 1981 को इस सेतु की आधारशिला तत्कालीन मुख्यमंत्री वीपी सिंह ने रखी थी। उस समय बाराबंकी लखनऊ समेत आसपास के करीब दर्जन भर जिलों में बनने वाला इतना लंबा पहला सेतु था। 18 वर्ष पहले यानी 2006 में इस मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ने के कारण इसे नेशनल हाईवे का दर्जा दे दिया गया था। राजधानी लखनऊ समेत दक्षिण यूपी को नेपाल और दर्जन भर जिलों को जोड़ने वाले इस राजमार्ग पर यातायात काफी बढ़ने से दो लेन सेतु पर अब फोर लेन राजमार्ग के यातायात का वजन यह सेतु झेल नहीं पा रहा है। वर्ष 2021 में 22 जनवरी, 20 अप्रैल और 27 जून को भी छह महीनों में तीन बार संजय सेतु के ज्वॉइंटरों में दरार आई थी। एक बार तो लगातार 48 घंटों तक मरम्मत का कार्य पीएनसी कंपनी द्वारा किया गया था।

**अब ली सुधि, 28 सौ करोड़ से बनेगा सेतु :** बाराबंकी-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 27 समेत सरयू नदी पर नए पुल की निर्माण 28 सौ करोड़ की लागत से एनएचएआई द्वारा कराया जाएगा। यह हाईवे बुढ़वल चौराहा के बाहर से बनाया जाएगा। हाईवे को ग्राम साधारणपुर के पास से मोड़कर बिछलखा, भरसवा मोड़ से ले जाकर नचना गांव के पास जोड़ा जाएगा।

# कार सवार लोगों ने युवक को पीटा, रिपोर्ट हुई दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बाइक से लखनऊ जा रहे युवक को ओवरटेक कर कार सवार युवकों ने लाठी से पीट दिया। यहीं नहीं उसकी बाइक में तोड़फोड़ कर धमकी देते हुए भाग गए। उधर से गुजरे एक व्यक्ति ने घायल युवक को निजी अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित की तहरीर पर बदमाशों पर रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

दरियाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सुरजवापुर के रहने वाले आर्यन अवस्थी पुत्र लक्ष्मीकांत ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि 27 सितंबर की दोपहर वह सत्य प्रेमी नगर स्थित आवास से बाइक से लखनऊ जा रहा था। कालिका हवेली से आगे सफेदाबाद फ्लाई ओवर पर पीछे से काले रंग की नयी बिना नंबर की विटारा ब्रेजा गाड़ी ने लगातार हार्न बजाना शुरू कर दिया जिस पर उसने उनको आगे जाने वाले के लिए पास दिया, कार चालक ने बाइक के आगे गाड़ी रोक दी। गाड़ी में से पांच अज्ञात व्यक्ति बाहर निकले जिसमें से दो के हाथ में लाठी और एक के हाथ में कोई असलहा था। इन लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुए उसको लाठियों से पीटना शुरू कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आयीं। बदमाशों के वार से मोबाइल व बाइक को भी नुकसान हुआ है।

# डॉक्टर हैं नहीं, अपना दिल आप ही संभालें

## जिला अस्पताल में नहीं है हृदय रोगों का इलाज, लखनऊ भेजे जाते मरीज

**विश्व हृदय दिवस**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सारे संसाधनों से लैस हर मर्ज के डॉक्टर की मौजूदगी के बावजूद जिला अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ की कमी बड़ा संकट है। दिल से जुड़ी कोई भी समस्या होने पर मरीज जिला अस्पताल का रुख करने के बजाए निजी क्षेत्र या फिर लखनऊ का सहारा लेना बेहतर समझता है। ऐसा नहीं कि यहां पर विशेषज्ञ कभी तैनात नहीं रहा पर कार्डियोलाजिस्ट का पद ही खत्म कर दिए जाने के बाद से मशीनें उपलब्ध हैं पर उन्हें चलाने वाला कोई नहीं। आज विश्व हृदय दिवस है। दिल शरीर में सबसे अहम स्थान रखता है। इसका ख्याल न रखा जाए और धड़कनों के उतार चढ़ाव पर गौर न किया जाए तो यही दिल शरीर को खतरे में डाल देता है। बदली जीवन शैली और खान पान का सबसे बड़ा असर हृदय पर पड़ा है। आलम यह कि चालीस पार युवा भी हृदय रोगों के शिकार हुए जा रहे। मधुमेह रक्तचाप तो एक वजह पहले से है। हृदय से जुड़ी कोई भी बीमारी रेड अलर्ट जारी करती है। इन हालात में समय रहते चिकित्सक से मिलना, परामर्श व दवाएं लेना जरूरी है लेकिन बाराबंकी में तस्वीर बदली हुई है।

यहां पर निजी क्षेत्र में भी हृदय रोगों से जुड़ा विशेषज्ञ नहीं है। बात जिला अस्पताल की करें तो यहां पर हर मर्ज का चिकित्सक है, आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक डाक्टर हैं पर हृदय से जुड़ा कोई चिकित्सक उपलब्ध नहीं है। दशकों पूर्व यहां बने हृदय रोग विभाग में डा डीआर सिंह दिल से जुड़े मरीजों का इलाज किया करते थे पर उनके लखनऊ जाते ही यह सीट खाली हो गई और अब तक खाली ही है। हालांकि ईसीजी व ईको की मशीनें अभी भी रखी हुई हैं पर इनका इस्तेमाल शून्य है। शासन के आदेश कि कार्डियोलाजिस्ट जिला अस्पतालों में तैनात नहीं होगा, के बाद इनका अभाव ही हो गया।

उधर, सीएमओ डॉ. अवधेश यादव कहते हैं कि जिला अस्पताल में कार्डियोलाजिस्ट का पद खत्म कर दिया गया है। यहां फिजिशियन हर तरह के मर्ज का इलाज करते हैं। यह चिकित्सक हृदय रोग से जुड़े सामान्य मामले देख सकते हैं।

# 42580 लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



सिरौलीगौसपुर के अमरा कटहरा गांव में लोगों को भाजपा का सदस्य बनाते एमएलसी।

**अमृत विचार:** भाजपा ने रविवार को सदस्यता महाअभियान में ताकत झोंकी। बूथ पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 114वां एपिसोड सुनने के बाद भाजपाइयों ने घर-घर जनसंपर्क करके सदस्यता दिलाई।

रविवार को ही भाजपाइयों ने 1805 बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को सुना तथा शाम तक 42 हजार 580 लोगो को भाजपा का प्राथमिक सदस्य बनाया। जिला प्रभारी अवनीश सिंह ने बंकी मंडल के बरौली गांव में बूथ संख्या 433 पर जबकि जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने सिरौलीगौसपुर मंडल के अमरा कटहरा बूथ 319 पर राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने देवी गंज मंडल के इब्राहिमाबाद गांव में बूथ संख्या 416 पर एवं विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने बड्डूपुर के मौलाबाद गांव में, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने निंदूरा मंडल के मदार पुर गांव में मन की बात कार्यक्रम को सुना और सदस्यता अभियान को गति प्रदान की। इसके अलावा पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, एमएलसी अंगद सिंह, विधायक दिनेश रावत, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई, डॉक्टर रामकुमार गिरि, राम सिंह चौहान, राजेश मिश्रा, गुरु शरण लोधी, रामेश्वरी त्रिवेदी, रचना श्रीवास्तव, शील रत्न मिहिर सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी सहित सैकड़ों की संख्या में विभिन्न कार्यकर्ताओं ने सदस्यता टोली संग घर घर संपर्क करके हजारों की संख्या में सदस्य बनाया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि ऑनलाइन सदस्यता का चरण संपन्न होने से पूर्व ही निर्धारित लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा।

# संविदाकर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार, बिजली आपूर्ति बाधित

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



शहर के घोसियाना स्थित बिजली उपकेंद्र पर प्रदर्शन करते संविदाकर्मी। अमृत विचार



देवा स्थित विद्युत उपकेंद्र पर प्रदर्शन करते संविदाकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** अगस्त माह का मानदेय न मिलने से नाराज संविदाकर्मियों का जिले भर में बेमियादी बहिष्कार जारी है। कर्मियों के काम पर न रहने से विद्युत आपूर्ति पर असर पड़ने लगा है। उपभोक्ता बिजली गड़बड़ी सही कराने के लिए इधर उधर चक्कर काटते रहे। रविवार को संगठन के बैनर तले जिले भर के उपकेन्द्रों पर विरोध सभा हुई और आंदोलन जारी रखने का संकल्प लिया गया।

बाराबंकी के विभिन्न खंडों में कार्यरत संविदा कार्मिकों को माह अगस्त का वेतन भुगतान न होने के विरोध में पूरे जिले के संविदा कर्मियों ने अपने-अपने तैनाती स्थल पर कार्य बहिष्कार करके विरोध सभाएं की और वेतन भुगतान न होने तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प लिया। विद्युत उपकेंद्र ओवरी एवं पल्हरी विद्युत उपकेंद्र पर संगठन के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष केके सिंह ने कहा कि माह अगस्त का वेतन भुगतान होने तक आंदोलन जारी रहेगा। वेतन भुगतान की मांग उच्च अधिकारियों से की जाएगी। ओबरी में विरोध सभा की अध्यक्षता विशाल वर्मा, ललित सिंह ने तो पल्हरी उपकेंद्र पर विरोध सभा की अध्यक्षता मध्यांचल संविदा अध्यक्ष रईस अहमद, अन्नू खान ने की। विरोध सभा में जिलाध्यक्ष सरोज कुमार, उपाध्यक्ष मनीराम, कोषाध्यक्ष शेष राम ने भी बात रखी। इस दौरान विशाल वर्मा, कुलदीप, धर्मेंद्र, विनोद यादव, आलोक विक्रम, विजय, फरहान, रामनरेश, गणेशी, शिवम, ललित कुमार मुकेश कुमार शर्मा मोहम्मद आरिफ आदि मौजूद रहे। **देवा प्रतिनिधि** के अनुसार संविदा कर्मियों ने बिजली उपकेंद्र देवा पर स्थित उप खण्ड अधिकारी कार्यालय प्रदर्शन किया संविदा कर्मियों ने बताया कि यदि जल्द वेतन नहीं मिला तो हम लोग कार्य बहिष्कार करने को मजबूर होंगे। जेई देवा शैलेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि संविदा कर्मियों को जल्द वेतन दिलाने के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। इस मौके पर ललित नरायन यादव, अमन वर्मा, मनीष कुमार, प्रवेश कुमार, अशोक यादव, अखिलेश यादव, धनीराम आदि संविदा कर्मी मौजूद रहे। सिरौलीगौसपुर प्रतिनिधि के अनुसार वेतन दिये जानें की मांग करने के बावजूद सुनवाई न होने से क्षुब्ध संविदा कर्मी पावर हाउस सिरौलीगौसपुर पर अनिश्चितकालीन बहिष्कार पर रहे। इस अवसर पर दीपक, धीरेन्द्र, जगत नाथ आदि मौजूद रहे।

# जांच में प्रधान समेत चार मिले भ्रष्टाचार के दोषी

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** डीएम के निर्देश पर ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों की जांच में तत्कालीन प्रधान, तकनीकी सहायक, पंचायत सचिव और अवर अभियंता दोषी पाए गए हैं। इन पर कार्रवाई के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी ने बीडीओ रामनगर को पत्र लिखकर अप्रैल 2021 से मार्च 2024 तक ग्रापं गर्री में तैनात रहे कर्मचारियों के बारे में जानकारी मांगी है। ग्राम टिहुरकी मजरे गर्री निवासी गोलू सिंह ने डीएम को पत्र देकर ग्रापं गर्री में कराए जा रहे विकास कार्यों में धांधली व भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। डीएम के निर्देश पर जांच को तीन सदस्यीय टीम गठित की गई थी। इसमें जिला समाज कल्याण अधिकारी, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी खंड 3 एवं नायब तहसीलदार रामसनेहीघाट को शामिल किया गया। टीम की जांच में प्रधान तकनीकी सहायक पंचायत सचिव एवं अवर अभियंता को दोषी पाया गया। इस पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने अप्रैल 2021 मार्च 2024 तक उपरोक्त पदों पर तैनात रहे तकनीकी सहायक पंचायत सचिव एवं और अभियंता के बारे में जानकारी मांगी है।

# संगठन कार्यों पर विहिप ने की चर्चा

**रामनगर, अमृत विचार:** विश्व हिंदू परिषद प्रखंड रामनगर की संगठनात्मक मासिक बैठक रविवार को बुढ़वल चौराहा स्थित विहिप कैंप कार्यालय पर हुई। जिलामंत्री व प्रखंड पालक राहुल कुमार ने आगामी कार्यक्रम दुर्गा अष्टमी, सेवा बस्ती में कन्या पूजन, महर्षि बाल्मीकि जयंती, कार्यकर्ता जिला अभ्यास वर्ग, संस्कार परीक्षा, धर्म रक्षा निधि संग्रह अभियान पर चर्चा की। बैठक से पूर्व विभाग मंत्री दिवंगत डॉ. राजेंद्र प्रसाद दुबे के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष विनय मिश्रा, जिला धर्म प्रसार प्रमुख कृष्ण श्रीवास्तव सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पिकअप व मवेशी बरामद

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** कोतवाली बदोसरांय पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी की पिकअप, एक मारुति कार व भैंस बरामद की है।

क्षेत्र के हाता पुरवा मजरे पजरौली निवासी कमलेश वर्मा ने सूचना दी गई कि अज्ञात व्यक्तियों ने उनकी भैंस चोरी कर ली है। सूचना के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज करते हुए घटना का खुलासा किया। मोहल्ला चटाई कस्बा किंतूर थाना बदोसरांय निवासी मोहम्मद रफी व मोहम्मद तकी ने बताया गया कि वह भैंस को दिन में खरीदने के बहाने जानवरों का सौदा करते हैं। यदि कोई ज्यादा रकम मांगता है तो उसका जानवर रात में चोरी कर लेते हैं। शुक्रवार की रात उन्होंने हाता पुरवा मजरे पंजरौली से भैंस चोरी की थी। जिसे अपनी पिकअप पर लादकर व साथ में मारुति कार से जुबेरगंज बाजार जिला अयोध्या बेचने जा रहे थे। तब तक बदोसरांय पुलिस ने दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए कब्जे से चोरी की गई एक भैंस बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि हाता पुरवा से चोरी हुई भैंस को बरामद कर अभियुक्त के विरुद्ध विधि कार्रवाई की गई है।

# शहर में दो स्थानों से बाइक चोरी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शहर में बाइक चोरों का गिरोह सक्रिय हैं। चोर एक अधिवक्ता समेत दो लोगों की बाइक चुरा कर ले गए। मोहल्ला कानून गोयान की फोटो वाली गली में रहने वाले अधिवक्ता संघ के सदस्य विजय रस्तोगी की बाइक उनके घर के बाहर खड़ी थी। 16 अगस्त को चोर बाइक ले उड़े। इसी प्रकार सुनील कुमार निवासी जैदपुर ने बताया 26 सितंबर को वह अस्पताल में दवाई लेने बाइक से आए थे। अस्पताल परिसर के भीतर बाइक बाहर खड़ी कर पर्चा बनवाने के लिए लाइन में लगे। दोपहर में जब बाहर आए तो बाइक अपनी जगह नहीं मिली। काफी तलाश करने पर भी पता नहीं चला।




एससीसीटी आयोग के अध्यक्ष का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

### एससीएसटी आयोग के अध्यक्ष का स्वागत

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बनाए गए पूर्व विधायक पूर्व सांसद बैजनाथ रावत के स्वागत का सिलसिला लगातार जारी है। रविवार को हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के शायपुर गांव में प्रधान प्रतिनिधि रामनिवास त्रिवेदी के बुलावे पर पहुंचे श्री रावत का प्रधान एवं उनके समर्थकों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। लोगों ने आशा जताई है कि उनके चयन से जहां भारतीय जनता पार्टी क्षेत्र में मजबूत होगी। वहीं अनुसूचित जाति एवं जनजातियों को सुलभ न्याय हासिल हो सकेगा।

## सार-संक्षेप

### जेई बनकर दीपक वर्मा ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार:** ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर खाला के गढ़चप्पा गांव के किसान परमानंद वर्मा के पुत्र दीपक वर्मा ने सिंचाई विभाग में 74वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वहीं जेई के पद पर हुए चयन का श्रेय उसने अपने माता-पिता व गुरु को दिया है। परिवारीजनों को बधाई देने वालों का तांता लगा है। उधर, भाकियू अराजनैतिक तहसील महासचिव अभिषेक बाजपेई के नेतृत्व में ब्लॉक सूरतगंज की टीम बधाई देने के लिए दीपक वर्मा के घर पहुंची। इस मौके पर विजय वर्मा, बाबू राम, चेतराम आदि शामिल रहे।

### फंदे से लटकता मिला छह दिन से लापता युवक का शव

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** असंद्रा थाना क्षेत्र में छह दिन पहले लापता हुए एक युवक का शव रविवार की सुबह फांसी के फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के संगौरा सैदखान निवासी जीशान हैदर का पुत्र शुजा अब्बास (18) बीते शनिवार की सुबह बिना बताए घर से कहीं चला गया था। देर शाम तक घर न लौटने पर चिंतित परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी तलाश के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। रविवार की सुबह शुजा अब्बास का शव गांव के बाहर एक पेड़ में रस्सी से लटकता मिला। खेत गए ग्रामीणों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### एससीएसटी आयोग के अध्यक्ष ने कराया ब्राह्मण भोज

**सिद्धौर, बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर पंचायत क्षेत्र स्थित प्रज्ञा पीठ सिद्धौर परिसर पर पितृ पक्ष के द्वादशी श्राद्ध के दिन रविवार को एससीएसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने हवन के साथ ब्राह्मणों को भोज कराया। सभी लोगों ने पीला वस्त्र धारण कर अपने-अपने पूर्वजों का ध्यान करते हुए उनके नाम से यज्ञ में आहुति दी। इस दौरान उन्होंने पूर्वजों का पिंडदान भी किया। गायत्री परिवार के पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। इस मौके पर गायत्री शक्तपीठ के प्रमुख दयाशंकर वर्मा, पूर्वी दिन वर्मा, कृष्ण वर्मा, राम निवास, मुख्य संयोजक, अखिलेश यादव, कमलेश चंद्र और सरिता मौर्य आदि मौजूद रहीं।

### सॉफ्टवेयर संचालन का दिया प्रशिक्षण

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्मार्ट ई-बीट एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर के संबंध में हिंद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस तथा रिजर्व पुलिस लाइंस में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस एप्लीकेशन के प्रयोग से यूपी पुलिस की कार्यप्रणाली में उपयोगी सुधार के दृष्टिगत प्रूफ ऑफ कांसेप्ट के लिए बाराबंकी को पायलट टेस्टिंग के लिए चयनित किया गया है। एसपी दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व व एएसपी दक्षिणी के निर्देशन में पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।

### दर्ज मामलों में तीन वांछित गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना कुर्सी पुलिस टीम ने वांछित इमरान पुत्र अनीस, साहबे आलम पुत्र अनीस निवासी टिकैतगंज थाना कुर्सी को गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से आलाकत्ल एक अदद पाइप बरामद किया। वहीं थाना फतेहपुर पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त जगदम्बा प्रसाद पुत्र रामफल निवासी ग्राम रौजा थाना फतेहपुर को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से चोरी के 2780 रुपये बरामद किये। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि अभियुक्त द्वारा अपनी भाभी का चेकबुक चोरी कर स्वंय फर्जी हस्ताक्षर बनाकर खाते से साढ़े चार लाख रूपये निकाल लिये गये।

# नहीं पहुंच सकी एंबुलेंस युवक ने गंवाई जान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** स्थानीय अनुबंधित बस अड्डे पर एक युवक अचानक गिर पड़ा। वहां मौजूद लोगों ने एंबुलेंस को कॉल की पर काफी देर इंतजार करने के बाद भी एबुलेंस नहीं आई। इस बीच सिर में चोट लगने व तबीयत अधिक बिगड़ने से युवक ने दम तोड़ दिया। मृतक के आधारकार्ड के अनुसार वह बिहार का रहने वाला बताया जा रहा है।

हादसा पटेल तिराहे से कुछ दूरी पर स्थित अनुबंधित बस स्टेशन पर हुआ। रविवार को एक युवक यहां आई बस से नीचे उतरा और परिसर में बने शेड में जाकर खड़ा हो गया। यहां आवाजाही लगी ही थी कि लोगों ने युवक को अचानक जमीन पर गिरते देखा, गिरने से उसके सिर पर चोट भी आई। यह देख यात्री उसके पास एकत्र हो गए। इनमें से किसी एक ने आपात स्थिति देखते हुए एंबुलेंस को कई बार कॉल की पर संपर्क नहीं हो सका। इधर, अचेत पड़े युवक ने समय रहते एंबुलेंस न आने पर दम तोड़ दिया। इसके बावजूद लोगों की कोशिश जारी थी लेकिन मौके पर एंबुलेंस का पहुंचना बेकार गया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। युवक बिहार का रहने वाला बताया जा रहा है।

# दहेज नहीं मिलने पर घर से भगाया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता की ससुराल में पिटाई की गई और गला दबाकर जान लेने का प्रयास किया गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के नूरपुर मजरे बस्ती के इम्तियाज अली की पुत्री हुस्नतारा ने बताया कि उसका निकाह तौफीक अहमद से हुआ था। दिए गए दहेज से पति तौफीक अहमद, ससुर रहीश अहमद, सास हसरतुल निशा, ननद आफरीन बानो, जेठ लईक अहमद, देवर मेराज अहमद संतुष्ट नहीं थे। इन लोगों ने ढाई लाख नकद व चेन की मांग शुरू कर दी। बाद में दहेज नहीं मिलने पर घर से मार-पीटकर भगा दिया।

# प्रोफेसर राजकुमार जैन को मिलेगा महात्मा गांधी शांति पुरस्कार

## सामाजिक सहभागिता सम्मान से सम्मानित होंगी 25 विभूतियां

कार्यालय बाराबंकी



प्रोफेसर राजकुमार जैन। अमृत विचार

**अमृत विचार:** गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट की ओर से आयोजित होने वाले महात्मा गांधी सप्ताह की शुरुआत एक अक्टूबर से होगी। यह आयोजन देवा रोड स्थित गांधी भवन में पूर्वाह्न साढ़े दस बजे शुरू होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता विरोधी दल रामगोबिंद चौधरी होंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में गोरखपुर से एमएलसी सीपी चंद्र, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप तथा पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा होंगे। रविवार को यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक राजनाथ शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि सम्मान समारोह के अंतर्गत 25 विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह सम्मान स्वतंत्रता आन्दोलन, समाजवादी आन्दोलन और सामाजिक आन्दोलन में शामिल रहे विभूतियों की स्मृति में प्रदान किया जाता है।

कार्यक्रम संयोजक राजनाथ शर्मा ने बताया कि दिल्ली के प्रख्यात गांधीवादी अध्येता और दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर राजकुमार जैन को भी इस समारोह में महात्मा गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

उपदेशो हि मूर्खाणां प्रकोपाय न शान्तये।
पय :पानं भुजंगानां केवलं विषवर्द्धनम्॥

मूर्खों को दिया हुआ उपदेश उनके क्रोध को बढ़ाता ही है शांत नहीं करता। जिस प्रकार सांपों को पिलाया हुआ दूध हमेशा उनका विष ही बढ़ाता है।

## संपादकीय

# सुधारों की ओर

मेक इन इंडिया अभियान से देश की अर्थव्यवस्था में ऐतिहासिक बढ़ोतरी हो रही है। भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए इस पहल ने ऐतिहासिक दशक पूरा कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अभियान जनांदोलन बना है। देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का लगातार बढ़ना भी हमारे मेक इन इंडिया की सफलता की गाथा कह रहा है। वास्तव में देश को मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन का केंद्र बनाना देशवासियों के सामूहिक संकल्प को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस कार्यक्रम ने घरेलू निर्माण को बढ़ावा देने, नवाचार को बढ़ावा देने, कौशल विकास को बढ़ाने और विदेशी निवेश को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रविवार को मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने मेक इन इंडिया अभियान के 10 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए कहा कि अभियान की सफलता में देश के बड़े उद्योगों से लेकर छोटे दुकानदारों तक का योगदान शामिल है। अभियान के तहत अब जिन दो चीजों पर फोकस किया जा रहा है, उसमें पहला गुणवत्ता यानि देश में बनी चीजें वैश्विक मानकों की हों। दूसरा है 'वोकल फॉर लोकल यानी, स्थानीय चीजों को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा मिले। विभिन्न क्षेत्रों पर मेक इन इंडिया पहल के सकारात्मक प्रभाव नजर आते हैं। विश्व बैंक की ईज आफ डूइंग बिजनेस रिपोर्ट में वर्ष 2014 में 142वें स्थान से वर्ष 2019 में 63वें स्थान पर पहुंचने से व्यापार की स्थिति में सुधार के लिए भारत की प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है। अभियान का ही असर है कि पिछले दस साल में भारत में हर घंटे एक स्टार्टअप लांच हुआ। सरकार के निरंतर प्रयासों से 30 जून तक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या बढ़कर 1,40,803 हो गई है, जिससे 15.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। 2014 से 2024 तक 667.4 अरब अमेरिकी डॉलर का संचयी प्रवाह आकर्षित किया है, जो पिछले एक दशक (2004-14) की तुलना में 119 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। पिछले एक दशक में विनिर्माण क्षेत्र में एफडीआई इक्विटी प्रवाह 165.1 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है, जो पिछले एक दशक (2004-14) की तुलना में 69 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है, जिसमें 97.7 अरब अमेरिकी डॉलर का प्रवाह देखा गया था। भारत लगातार सुधारों की दिशा में आगे बढ़ रहा है। परंतु देश में निर्मित वस्तुओं की प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि जैसी चुनौतियों के चलते अभियान के तहत सफलता के साथ ही कुछ कमियां भी देखी गईं। अभियान का उद्देश्य आयात को कम करके निर्यात को बढ़ावा देना था, लेकिन निर्यात को बढ़ावा देने में अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सके। इसके लिए देश में व्यापार के लिए स्वस्थ वातावरण का निर्माण जरूरी है।

# जन भागीदारी से ही साकार होगा विकसित भारत का सपना



महेश चंद गुप्ता
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, दिल्ली

भारत में आर्थिक असमानता एक बड़ी बाधा है। अमीर और गरीब के बीच की खाई तेजी से बढ़ रही है। एक ओर जहां कुछ क्षेत्रों में लोगों की आय और जीवन स्तर में वृद्धि हुई है, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में लोग गरीबी झेल रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आर्थिक असमानता भी स्पष्ट है। विकसित भारत के लिए हम जितना करें, उतना ही कम है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लंबे समय से विकसित भारत की बात कर रहे हैं। हाल के अमेरिका दौरे में भी प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात को दोहराया है। देश का सपना एक विकसित राष्ट्र बनने का है और इसके लिए चलाए जा रहे अभियान के पीछे भारत की आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी प्रगति को तेज गति देने का उद्देश्य निहित है। इसमें कोई दो राय नहीं कि विकसित भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य देश की समग्र प्रगति को सुनिश्चित करना है, जिससे सभी नागरिकों को समान अवसर और सुविधाएं मिल मिलना संभव हो सके। अभियान के तहत बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि कई प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री बार-बार भारत को विकसित बनाने के अपने संकल्प को दोहराते हैं, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या देश की जनता इस सपने को साकार करने में मन से जुड़ी हुई है? सरकार की कोशिश अपनी जगह है, पर हम लोग इस सपने को साकार करने के लिए क्या योगदान दे रहे हैं? क्या सचमुच इस अभियान से हमारा उतना जुड़ाव है, जिसकी जरूरत महसूस की जा रही है? इन सवालों पर गहन चिंतन करने की जरूरत है। कोई भी काम जनता की भागीदारी के बिना पूरा नहीं किया जा सकता है। हमारे लिए विकसित भारत का सपना केवल सिर्फ आर्थिक दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इस सपने को तभी साकार किया जा सकता है, जब इसमें जन-जन का जुड़ाव हो।

विकसित भारत के लिए जन आंदोलन की आवश्यकता है। जन आंदोलन बनने पर ही इसमें हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित कर पाना संभव है। अगर हम अतीत पर नजर डालते हैं तो हमें जन भागीदारी के सफल उदाहरण दिखाई पड़ते हैं। एक समय ऐसा था, जब हमारे देश में लोगों का पेट भरने के लिए भी अनाज उत्पादन नहीं होता था। देशवासियों का पेट भरने के लिए अनाज का आयात अपरिहार्य था, मगर याद कीजिए, जब देश ने अन्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की ठान ली तो जन-जन की भागीदारी इसमें हुई तो वह सपना साकार होने में देर न लगी। दुग्ध क्रांति का सपना

विकसित भारत सामाजिक न्याय और समानता की नींव पर ही खड़ा हो सकता है। जातिवाद, भेदभाव और असमानता के खिलाफ जन आंदोलन आवश्यक हैं। ऐसे आंदोलनों में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से जरूरी होगी।

भी ऐसा ही एक उदाहरण है। अन्न व दूध उत्पादन में सफलता के पीछे व्यापक जन जुड़ाव रहा है। देश को विकसित बनाने के लिए जन-जन को जागरूक करना ही होगा। नागरिकों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। विकसित भारत सामाजिक न्याय और समानता की नींव पर ही खड़ा हो सकता है। जातिवाद, भेदभाव और असमानता के खिलाफ जन आंदोलन आवश्यक हैं। ऐसे आंदोलनों में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से जरूरी होगी। इसके साथ-साथ शिक्षा और रोजगार के अवसरों में समानता सुनिश्चित करना भी आवश्यक है।

इसके लिए शिक्षा प्रणाली में सुधार की दरकार है ताकि सभी वर्गों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके। रोजगार के अवसरों को बढ़ाना भी उतना ही जरूरी होगा। शिक्षा प्रत्येक देश के विकास का आधार होती है, लेकिन भारत की शिक्षा प्रणाली में अभी बहुत से सुधारों की दरकार है। हालांकि सरकार ने नई शिक्षा नीति बनाकर इस दिशा में काम शुरू किया है, मगर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच शिक्षा का असंतुलन, उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षकों की कमी और बुनियादी ढांचे की कमी एक बड़ी समस्या है, जिसका समाधान करने की जरूरत है। वहीं, स्कूली शिक्षा के साथ ही व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा तथा श्रम शक्ति के कौशल विकास पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा। हमारे विश्वविद्यालयों की वैश्विक रैंकिंग में सुधार करना सबसे जरूरी काम है, जिसे विशेष अभियान के रूप में लिया जाना चाहिए। विकसित भारत के एक महत्वपूर्ण पहलू के रूप में पर्यावरण को भी देखना चाहिए। औद्योगिक क्रांति के बिना विकसित भारत की कल्पना कर पाना बेहद मुश्किल है। अब छोटे-बड़े उद्योगों की स्थापना के लिए कदम बढ़ाने होंगे। आधुनिक तकनीक का सही उपयोग विकसित भारत की भावना को मजबूत करेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव और शहरी क्षेत्रों में बेहतर सेवाओं की ऊंची कीमतें एक बड़ी समस्या है। भारत की बड़ी आबादी के लिए पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना एक चुनौती है।

भारत में आर्थिक असमानता एक बड़ी बाधा है। अमीर और गरीब के बीच की खाई तेजी से बढ़ रही है। एक ओर जहां कुछ क्षेत्रों में लोगों की आय और जीवन स्तर में वृद्धि हुई है, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में लोग गरीबी झेल रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आर्थिक असमानता भी स्पष्ट है। विकसित भारत के लिए हम जितना करें, उतना ही कम है। एक मजबूत और विकसित राष्ट्र बनने के लिए बुनियादी ढांचा आवश्यक है, लेकिन भारत इस क्षेत्र में अभी भी काफी पीछे है। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए देश के प्रशासनिक ढांचे में भी सुधार अपेक्षित है, क्योंकि भ्रष्टाचार, नौकरशाही और निर्णय लेने में देरी से विकास परियोजनाओं में बाधाएं आती हैं। सरकार की विभिन्न नीतियों और योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन न होने से भी विकास दर पर असर पड़ता है। अगर राजनीतिक और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाई जाए तो यह देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। हमारे देश की बड़ी आबादी खेती पर निर्भर है, इसलिए यह सुनिश्चित बनाना होगा कि किसानों की आय को बढ़ाया और उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से लैस किया जाए। कृषि उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार के लिए कृषि क्षेत्र में नवाचार और वैज्ञानिक शोध को प्रोत्साहित करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार कर ग्रामीण विकास को गति देना भी उतना ही जरूरी है।

भारत की तेजी से बढ़ती जनसंख्या देश के विकास के समक्ष एक प्रमुख चुनौती और बाधा है। बढ़ती जनसंख्या के कारण देश के संसाधनों पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है। वर्तमान में देश की जनसंख्या 140 करोड़ है, यूनाइटेड नेशन के अनुसार, जिसके 2050 में 167 करोड़ हो जाने का अनुमान है। इसके विपरीत चीन की जनसंख्या 130 करोड़ रह जाएगी, क्योंकि चीन अपनी जनसंख्या पर तेजी से नियंत्रण कर रहा है। इसके विपरीत हम जनसंख्या के मुकाबले में चीन को पीछे छोड़ आए हैं। जनसंख्या के दबाव में स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, रोजगार और अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग में वृद्धि हो रही है, लेकिन उपलब्ध संसाधन बढ़ती जनसंख्या के मुकाबले अपेक्षित गति से नहीं बढ़ पा रहे हैं। जनसंख्या के दबाव के कारण हमें अनेक समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं। किसी भी विकसित देश में उच्च प्रति व्यक्ति आय, क्वालिटी ऑफ लाइफ, बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य, स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग महत्वपूर्ण हैं, लेकिन हमारे देश की जीडीपी अभी पांच ट्रिलियन भी नहीं है, जबकि अमेरिका की 30 ट्रिलियन और चीन की 20 ट्रिलियन है। अमेरिका में प्रति व्यक्ति आय 77 हजार डॉलर और चीन में 13 हजार डॉलर है जबकि भारत में प्रति व्यक्ति आय 2400 डॉलर यानी करीब नब्बे हजार रुपये ही है। आने वाले सालों में भारत में प्रति व्यक्ति आय 15 से 20 हजार डॉलर हो, तभी हम स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग की बात कर सकते हैं। अभी तो हमारे यहां क्वालिटी ऑफ लाइफ कमजोर है। स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग नहीं है। ह्यूमन डवलपमेंट इंडेक्स में 193 देशों में भारत 134 वें नंबर पर है। अगर जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो हम कभी भी विकसित भारत नहीं बन पाएंगे।

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हमारी जीडीपी में आठ से नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी आवश्यक है। पिछले दस सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से ऊपर लाने में सफलता मिली है, लेकिन अभी बहुत बड़ी तादाद में लोग गरीबी की रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे हैं। विकसित भारत बनने की राह में जो भी बाधाएं हैं, उन्हें दूर करना होगा। नीतिगत सुधार जरूरी हों, वहां सरकार को आगे आना होगा, जहां जनता के काम करने की जरूरत हो, वहां जनता को स्वतः स्फूर्त खड़ा होना होगा। ऐसा होने पर ही भारत विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो सकेगा और अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकेगा। विकसित भारत का सपना भारत के लोगों द्वारा भारत के लोगों के लिए ही देखा जा रहा है, यह अहसास हर किसी को होना चाहिए।

## प्रसंगवश

# वेश्याएं : हेय नहीं प्रेय भी

सामान्यतया समाज में वेश्याएं हेय मानी जाती हैं, लेकिन आदि काल से हर सभ्यता में इनका अस्तित्व रहा है। हम अपने देश और समाज की ही बात करते हैं। यह वर्ग पूरी तरह हेय या घृणास्पद नहीं था। इनका सम्मान भी होता रहा है।

वैदिक काल में इन्हें सद्वर्णी कहते थे और ये लाल रंग के परिधान और आभूषण धारण करती थीं। इन्हें शुल्क वसूल करके जीविकोपार्जन की अनुमति थी, उसके पहले इनका विवाह देवता से कर दिया जाता था। ये देव दासियां भी कही गईं। शुल्क लेकर रति न करने पर दोगुना अर्थ दंड देना होता था और ऐसा ही पुरुष के बारे में भी था। यदि वह रमणोत्तर शुल्क न दे, तो दूना अर्थदंड देय होता था। वाल्मीकि रामायण में श्रीराम की वन से अयोध्या वापसी पर भरत ने शत्रुघ्न को उनके स्वागतार्थ पुर वासियों को एकत्र करने का निर्देश दिया है, जिसमें कहा गया है कि 'सूत, बैताल, राज महिषियां, गणिकाएं, ब्राह्मण आदि एकत्र किए जाएं। यही भरत जब वन में राम को मनाने के लिए गए और भारद्वाज आश्रम पर दल-बल के साथ रुके, तो ऋषि ने ब्रह्मा और कुबेर से कहकर बड़ी संख्या में सुंदरियां वहां बुलवाईं और चार रूपसियां सिर्फ भरत की सेवा में लगाईं, जिन्होंने नाच-गान आदि से उन्हें प्रसन्न किया। गणिकाओं के संघ भी थे। महाभारत में युद्ध के पहले जब श्रीकृष्ण समझौता प्रयास हेतु हस्तिनापुर गए तो कौरव पक्ष ने उनके स्वागतार्थ बहुत सी वेश्याएं भी भेजीं। उद्योग पर्व में युधिष्ठिर ने कौरवों को जो संदेश भेजा उसमें वेश्याओं के लिए भी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

गांधारी के दीर्घकालिक गर्भ धारण काल में धृतराष्ट्र की सेवा एक वेश्या ने की, जिससे युयुत्सु नामक पुत्र भी उत्पन्न हुआ। उसका पालन-पोषण शिक्षा अन्य कौरवों की भांति ही रहा। वह धर्मात्मा भी था। पुराणों में भगवान द्वारा एक गणिका के उद्धार की भी कथा है। बौद्धकाल में वैशाली की आम्रपाली वेश्या जितनी श्लाघनीय थी, उतनी ही सम्मानिता भी। तथागत भी उसे 'आर्या अम्बा' कहते थे। तत्सयय स्त्रियों को भिक्षुणी न बनाने का प्रचलन था, किंतु भगवान बुद्ध ने उसे बनाया। शारदीय नवरात्र निकट हैं और दुर्गा जी की मूर्तियां निर्मित करने के लिए वेश्यालय की मिट्टी का भी समावेश किया जाएगा।

# बिना वर्दी की नौकरी बनाम वर्दी वाली नौकरी

प्रदेश सरकार ने पिछले सप्ताह निर्णय लिया है कि राजस्व विभाग के लेखपाल, भूलेख निरीक्षक तथा नायब तहसीलदार अब निर्धारित पोशाक पहनेंगे ताकि भीड़ के मध्य उनकी पहचान सुनिश्चित हो सके तथा अवैध कब्जा अतिक्रमण आदि हटाने जैसे राजस्व कार्यों के निर्वहन के दौरान घटाने वाली अप्रिय घटनाओं में उनका बचाव सुनिश्चित किया जा सके। यूं तो प्रत्येक काल में वर्दी वाली सेवा के प्रति राज्य के नागरिकों में विशेष लगाव रहा है, परंतु बिना वर्दी के राज्य की सेवा करने और वर्दी पहन कर राज्य की सेवा करने की परिस्थियां सर्वथा भिन्न होती हैं। सामान्यतः वर्दी वाले सेवाओं में आम आदमी का सबका पुलिस की वर्दी वाली सेवा से अधिक पड़ता है। हालांकि देश के कुछ राज्यों में सेना और अर्धसैनिक बलों वाली वर्दी के व्यवहार आदि से भी आम नागरिक परिचित होते रहे हैं।

यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा को पास करने के बाद भारत की सर्वोच्च प्रशासनिक सेवा में जाने का सौभाग्य जिन्हें मिला उन्हें आईएएस के रूप में बिना वर्दी की सर्वोच्च सेवा में शामिल होने का अवसर मिलता है। इसी परीक्षा के माध्यम से जिन्हें आईपीएस अथवा आईआरएस के रूप तैनाती मिलती है, वह वर्दी वाली सेवा होती है। ठीक इसी प्रकार राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा के माध्यम से सफल अभ्यर्थियों को राज्य प्रशासनिक सेवा पीसीएस के रूप में बिना वर्दी की सेवा करने का अवसर प्राप्त होता है तथा इसी परीक्षा के माध्यम से पीपीएस, एआरटीओ, एक्साइज आदि विभाग की वर्दी के साथ सेवा का अवसर प्राप्त होता है। अखिल भारतीय सेवाओं तथा राज्याधीन सेवाओं में वर्दी और बिना वर्दी की सेवा के रूप में विभाजन तत्कालीन नीति नियंताओं की दूरदर्शिता



डॉ.अशोक कुमार शुक्ला
सहायक भूमि व्यवस्था आयुक्त, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश

वास्तव में आम जनता के मध्य जब एक वर्दी धारण करने वाला अधिकारी और बिना वर्दी धारण किए कोई अधिकारी जाता है तो जनता बिना वर्दी वाले अधिकारी के प्रति अधिक सहज होती है।

का परिणाम था। पौराणिक काल का संदर्भ लें तो राजा रामचंद्र से लेकर अनेक शासकों के द्वारा अपना राजसी चोला उतारकर आम नागरिक के रूप में जनता के बीच पहुंचकर उनके दुख दर्द जानने के अनेकानेक उदाहरण मिलते हैं। यह उदाहरण इस तथ्य को समझने के लिए पर्याप्त हैं कि आमजन शासन की पहचान धारित करने वाली पोशाक की तुलना में सामान्य वेशभूषा में उनसे मिलने वालों के प्रति अधिक सहज अनुभव करते रहे हैं।

वास्तव में आम जनता के मध्य जब एक वर्दी धारण करने वाला अधिकारी और बिना वर्दी धारण किए कोई अधिकारी जाता है तो जनता बिना वर्दी वाले अधिकारी के प्रति अधिक सहज होती है। उत्तर प्रदेश एक ऐसे राज्य के रूप में मान्यता प्राप्त है, जिसमें आजादी के बाद रियासतों के विलय के उपरांत नवाबों और जमींदारों के अधिकार में विद्यमान भूमि के अधिकारों को बिना किसी रक्तिम क्रांति के अत्यंत सहजता के साथ नागरिकों के मध्य स्वामित्व स्थानांतरण के रूप में जमीदारी कानून बनाकर लागू कर दिया गया। हालांकि इसकी पृष्ठभूमि में संत विनोबा द्वारा समूचे प्रदेश में की गई भूदान यात्रा के द्वारा दस्यु हृदय परिवर्तन और भूदान हेतु बनाए गए वातावरण की महती भूमिका रही है। कालांतर में भूदान के अंतर्गत दान में प्राप्त समस्त भूमि को ग्राम सभा के नियंत्रण में देकर स्वयं ग्राम सभा द्वारा उसके व्यवस्थापन की नीति बनाई गई। स्थानीय भूमि के व्यवस्थापन की इस नई नीति ने लेखपाल को ग्राम भूमि प्रबंधक समिति के सचिव के रूप में प्रतिष्ठा प्रदान की तो उसके पर्यवेक्षक अधिकारी भूलेख निरीक्षक और नायब तहसीलदार को ग्राम सभा की भूमि के समुचित व्यक्तियों के मध्य वितरण और उचित प्रबंधन की धुरी में स्थापित किया।

महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के अनुरूप विकास की धुरी ग्राम में केंद्रित रखने की मुहिम के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को अपनाने वाले प्रदेश में बढ़ती हुई आबादी और सीमित भूमि की उपलब्धता के साथ स्थानीय राजनैतिक स्वार्थों के मध्य राजस्व विभाग के मुलाजिमों को ऐसी स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया कि उनकी निष्ठाएं ग्राम स्वराज और शासन के प्रति न होकर सत्ताधारी राजनैतिक दलों के अनुरूप होती चली गई। कदाचित इसी परिस्थिति के चलते राजस्व विभाग के कर्मचारी जनता से कटते चले गए और आज ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं कि गांव के लेखपाल को अपने तैनाती स्थल पर जाकर भूमि की नाप जैसे मूलभूत कार्य करने के दौरान भी विरोध का सामना करना पड़ता है।

ऐसे में शासन का यह निर्णय इस विभाग के कार्मिकों के लिए एक नई पहचान स्थापित करने में मील का पत्थर साबित होगा। बशर्ते कार्मिक पोशाक की गरिमा को बरकरार रखकर सावधानी और निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे अन्यथा कई अन्य बदनाम वर्दियों में एक और नई वर्दी का नाम भी शामिल हो सकता है।

## सोशल फोरम

# संक्षिप्तीकरण के संकट

आजकल एआई (कृत्रिम बुद्धिमता) का उपयोग अक्सर दिखता है। जब कोई घटना होती है, जैसे हवाई दुर्घटना या पायलटों की हड़ताल, तब वही एआई एयर इंडिया हो जाता है। एआई के जमाने में एआई ने खबरों में धमाका कर दिया।

अमेरिका जाने वाली उड़ान में खाने के पैक में कॉकरोच निकला। इतना कार्रवाई के लिए काफी था, क्योंकि यह लापरवाही की हद है, लेकिन शिकायतकर्ता ने भी नाटक में दृश्य जोड़ दिया कि खाने से बच्चा बीमार हो गया। यह सब तो जांच से मालूम होगा कि कॉकरोच पहले दिखा या थोड़ा बहुत खाने के बाद, लेकिन एक घटना याद आती है।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

एक दमा का मरीज गंभीर हालत में वैद्य जी के पास गया। पल भर भी खांसी रुक नहीं रही थी। वैद्य जी अंदर घर में गए। वैद्य जी ने पत्नी से थोड़ा-सा गुड़ मांगा, हथेली पर रखकर उसे चूरा किया। कपड़ों वाला लकड़ी का बड़ा संदूक खोला। उसमें से तीन-चार कॉकरोच पकड़े, उनके पंख उखाड़कर फेंके और कॉकरोचों को गुड़ में मिलाकर मसल दिया। उस सामग्री से चार-पांच छोटी-छोटी

आज सोशल मीडिया है, जहाज की घटना का सोशल मीडिया से ही सब जगह प्रचार हुआ। माध्यम खुद बुरा नहीं होता, उपयोग अच्छा या बुरा होता है।

गोलियां बनाईं। बाहर आए और एक-एक करके दस-पंद्रह मिनट के फासले से मरीज को वे गोलियां खिला दीं। आधा घंटा बीतते-बीतते मरीज की खांसी के साथ बलगम निकलने लगा। घंटे भर में उसे राहत मिल गई और उसके परिजन उसे लेकर वापस चले गए।

एक ओर गांव से बनारस तक की यात्रा में कॉकरोच की वजह बीमार आदमी को राहत मिल गई और दिल्ली से न्यूयॉर्क तक की यात्रा में कॉकरोच से बच्चा बीमार हो गया। तब सोशल मीडिया नहीं था। वैद्य जी के जादुई असर का व्यापक प्रचार नहीं हुआ। आज सोशल मीडिया है, जहाज की घटना का सोशल मीडिया से ही सब जगह प्रचार हुआ। माध्यम खुद बुरा नहीं होता, उपयोग अच्छा या बुरा होता है।

– फेसबुक वॉल से

# माइक्रोप्लास्टिक : पर्यावरण से मानव मस्तिष्क तक

हाल ही में मानव मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक के मौजूद होने की पुष्टि हुई है। अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ की ओर से प्रस्तुत किए गए एक शोध के अनुसार इंसानी दिमाग के ऊतकों में शरीर के अन्य अंगों की अपेक्षा बीस गुना अधिक माइक्रोप्लास्टिक पाया गया। यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू मैक्सिको, ओक्लाहोमा स्टेट यूनिवर्सिटी एवं न्यू मैक्सिको ऑफिस ऑफ द मेडिकल इन्वेस्टिगेटर से जुड़े शोधकर्ताओं के द्वारा किया गया है। मानव शरीर में प्लास्टिक की मौजूदगी निस्संदेह गंभीर चिंता का विषय है।

आखिरकार हमारे शरीर में प्लास्टिक का प्रवेश कैसे संभव हुआ? इसका सीधा सा उत्तर है कि हमारे द्वारा अंतर्ग्रहण की जाने वाली वस्तुओं के माध्यम से ही प्लास्टिक का जहर हमारे भीतरी अंगों तक पहुंचा है। अब इन पदार्थों में भोजन, पानी एवं हवा तीनों शामिल हैं। शोध में यह पाया गया कि वर्ष 2016 एवं 2024 के बीच उपलब्ध नमूनों में समय के साथ माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा में तीव्र दर से वृद्धि हुई है। ऐसा पाया गया है कि वर्ष 2024 के नमूनों में वर्ष 2016 के नमूनों की तुलना में पचास प्रतिशत तक अधिक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी पाई गई। स्पष्ट है कि समय के साथ मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा लगातार बढ़ती ही जा रही है। गौरतलब है कि मानव शरीर के अन्य अंगों जैसे रक्त, नसों, फेफड़े, किडनी, लीवर, अस्थि मज्जा, घुटने एवं कोहनी के जोड़ तथा प्रजनन अंगों में भी माइक्रोप्लास्टिक की



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। इंसानी शरीर में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी इसी का दुष्परिणाम है।

मौजूदगी के सबूत मिल चुके हैं। हालिया शोध में मनुष्य के मूत्र, वीर्य एवं स्तन के दूध तक में भी माइक्रोप्लास्टिक की उपस्थिति को प्रमाणित किया गया है। सर्वाधिक चिंताजनक बात यह है कि मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी शरीर के अन्य अंगों की अपेक्षा बीस प्रतिशत तक अधिक पाई गई है। इस बढ़ते प्लास्टिक प्रदूषण के पीछे कहीं न कहीं मानवीय गतिविधियां ही जिम्मेदार हैं।


हम अपने दैनिक जीवन पर गौर करें तो यह पाएंगे कि शायद ही कोई क्षेत्र अथवा पहलू ऐसा हो जो प्लास्टिक से अछूता रह गया हो। खाने-पीने, लिखने-पढ़ने, उठने-बैठने से लेकर घूमने-फिरने तक प्रत्येक गतिविधि में किसी न किसी रूप में प्लास्टिक शामिल है, बल्कि अगर यह कहा जाए कि हमारा जीवन ही प्लास्टिकयुक्त हो चुका है तो इसमें कुछ भी गलत न होगा। प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। इंसानी शरीर में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी इसी का दुष्परिणाम है। प्लास्टिक आज के समय में भूमि, जल एवं वायु को प्रदूषित करने वाला सबसे बड़ा कारक है। महासागरों की सतह पर भी प्लास्टिक का ढेर जमा हो चुका है। भूमि पर तो जहां-तहां प्लास्टिक बिखरा ही हुआ है। मानव के द्वारा निष्कासित कचरे की कुल मात्रा का लगभग दस प्रतिशत प्लास्टिक कचरा है। प्लास्टिक का यह कचरा पर्यावरण, पारिस्थितिकी तंत्र एवं अंतिम रूप से मानव शरीर के लिए पूर्णतया घातक है। वर्तमान में माइक्रोप्लास्टिक की समस्या एक वैश्विक संकट का रूप ले चुकी है।

संयुक्त राष्ट्र की पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के द्वारा वर्ष 2011 में प्लास्टिक का श्रेणी विभाजन किया गया था। इसमें 20 मिलीमीटर से अधिक आकार वाले प्लास्टिक को मैक्रोप्लास्टिक, 5 से 20 मिलीमीटर आकार वाले प्लास्टिक को मध्यम प्लास्टिक एवं 5 मिलीमीटर से कम आकार वाले प्लास्टिक को माइक्रोप्लास्टिक के अंतर्गत रखा गया है। आकार की सूक्ष्मता ही माइक्रोप्लास्टिक के खतरे को और अधिक गंभीर रूप दे देती है। दरअसल माइक्रोप्लास्टिक के कण हवा, भोजन एवं पानी के माध्यम से बेहद सरलतापूर्वक मानव शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। शरीर के अंदर पहुंचकर ये कण रक्त के माध्यम से मानव मस्तिष्क तक पहुंच जाते हैं। शरीर में पहुंचने के उपरांत माइक्रोप्लास्टिक कोशिकाओं की कार्यप्रणाली को बुरी तरह प्रभावित करता है। नतीजतन कैंसर जैसे रोग शरीर पर बड़ी तेजी से आक्रमण करते हैं। आज माइक्रोप्लास्टिक के कण विश्व में हर जगह मौजूद हैं। आखिरकार इस विकट समस्या का समाधान क्या है? इतना तो निश्चित है कि यदि समस्या को गंभीरतापूर्वक लेते हुए इसके निवारण पर विचार न किया गया तो भविष्य में यह समस्या मानव शरीर के लिए एक नितांत खतरनाक संकट उत्पन्न करेगी। आंकड़े बताते हैं कि प्रत्येक वर्ष अनेकों मिलियन मीट्रिक टन प्लास्टिक महासागरों में प्रवाहित कर दिया जाता है। इसमें से अधिकांश मात्रा सूक्ष्म प्लास्टिक की होती है। महासागरों में दिन प्रतिदिन लगने वाला माइक्रोप्लास्टिक का ढेर महासागरीय तापमान में वृद्धि का एक प्रमुख कारण है।

माइक्रोप्लास्टिक के कारण जन्म लेती समस्याओं एवं चुनौतियों के निस्तारण हेतु व्यक्ति से लेकर विश्व तक प्रत्येक स्तर पर ठोस सुरक्षात्मक कदम उठाए जाने की महती आवश्यकता है। दरअसल माइक्रोप्लास्टिक जीवन की लगभग सभी प्रक्रियाओं से उत्पन्न हो रहा है। कपड़े धोने, गाड़ी चलाने से लेकर जटिल औद्योगिक गतिविधियों एवं प्लास्टिक की रीसाइक्लिंग तक से माइक्रोप्लास्टिक के कणों का जन्म हो रहा है। समुद्र की गहराइयों से लेकर पर्वत की चोटियों तक माइक्रोप्लास्टिक के कण पहुंच चुके हैं। यदि हम सब ने अभी से इस समस्या के निवारण हेतु ठोस कदम नहीं उठाए तो भविष्य में हमारी आने वाली पीढियों इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

# मानसिक तनाव मुक्त जीवन महत्वपूर्ण

जो खोल लेते दिल अपना यारों के साथ/ तो आज खोलना न पड़ता औजारों के साथ। एक ओपन हार्ट सर्जरी ऑपरेशन थिएटर के बाहर लिखी हुई ये पंक्तियां हृदय के स्वास्थ्य के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण कारक की ओर संकेत करती हैं। ये बताती हैं कि एक मानसिक तनाव-मुक्त जीवन हमारे हृदय के स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण बिंदु है। यदि हम मित्रों के साथ हंसते-बोलते रहेंगे, अपनी मानसिक परेशानियों को ऐसे लोगों के साथ साझा करते रहेंगे जो उन्हें समझ सकते हैं और हमें कुछ राहत पहुंचा सकते हैं, तो हमारा मानसिक तनाव कम रहेगा और इस बात का अच्छा प्रभाव हमारे हृदय पर पड़ेगा।



मानसिक तनाव से मुक्त रहने पर हमारा रक्तचाप कम रहता है। रक्तचाप कम रहने से हमारे दिल पर बोझ कम पड़ता है। अधिक रक्तचाप का अर्थ होता है - खून की नलियों का प्रतिरोध अधिक है और हृदय को अधिक दबाव के साथ खून को आगे फेंकना पड़ रहा है। लंबे समय तक ऐसा होने पर हृदय ढीला हो कर बढ़ जाता है और अपना कार्य अच्छी तरह से नहीं कर पता है। तब कन्जेस्टिव हार्ट फैलियर नामक बीमारी हो सकती है। रक्तचाप बढ़ने से दिमाग, आंखों, फेफड़ों अथवा किसी अन्य महत्वपूर्ण स्थान की नस फट सकती है और व्यक्ति को गंभीर हानि पहुंच सकती है।



डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

विश्व हृदय दिवस पर मैं यह संदेश देना चाहता हूं कि हम स्वास्थ्य के सामान्य नियमों का पालन करते रहें, हम अपने मन में क्षोभ, क्रोध, असंतोष, हठ न रखें, हम अपने मन में प्रेम-भाव रखें। जीवन बहुत छोटा है यह प्रेम बांटने के लिए ही पर्याप्त नहीं है तो फिर हम मन की खराब भावनाओं के लिए समय कैसे निकाल सकते हैं? हमें नहीं मालूम है कि हमारी इस जीवन-यात्रा में हमारा पड़ाव कब आ जाए।

अभी कुछ दिन पहले लखनऊ मेडिकल कॉलेज के मुझसे अनेक वर्ष जूनियर -जो अब एसजीपीजीआई में हृदय रोग विशेषज्ञ थे - की मृत्यु हो गई। क्या हम जानते हैं कि हम यहां पर कब तक के लिए हैं? तो हम यहां जब तक के लिए हैं, तब तक प्रेम, स्नेह और सेवा जैसे भावों से मन को आप्यायित रखें। जहां यह चीज अन्य लोगों को सुख पहुंचाएगी, वहीं यह हमारे अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत लाभदायक होगी। जीवन में जहां अन्य अनेक बातें महत्वपूर्ण हैं, वहीं ये बातें भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में इस बात को ऐसे कहा गया है ...क्रोधाद्भवति संमोहः संमोहात्स्मृतिविभ्रमः/ स्मृतिभ्रंशाद बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति।

## एक नजर

### पांच वर्ष में बने अंत्येष्टि स्थलों की मांगी रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने सभी जिलों में पांच वर्ष में बने अंत्येष्टि स्थलों की सत्यापन रिपोर्ट मांगी है। इस क्रम में भदोही, इटावा, औरैया, चंदौली, शाहजहांपुर व झांसी ने रिपोर्ट उपलब्ध कराई है, जबकि शेष जिलों को दोबारा पत्र जारी किया गया है। प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक आवंटित अन्त्येष्टि स्थलों के निर्माण व प्रयोग की स्थिति का स्थलीय सत्यापन के लिए पंचायती राज निदेशक अटल कुमार राय ने सभी जिलों के जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र जारी किया था।

### आयुष पीजी की ऑनलाइन काउंसिलिंग आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयुष कॉलेज में परास्नातक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए यूपी आयुष पीजी की सोमवार 30 सितंबर से ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। 3 अक्टूबर तक पंजीकरण क साथ ही शुल्क व दस्तावेज जमा करने होंगे। यूनानी विभाग के निदेशक एवं नोडल अधिकारी प्रो. जमाल अख्तर ने बताया कि 04 अक्टूबर को मेरिट सूची जारी होगी। अभ्यर्थियों को 07 अक्टूबर तक कॉलेज की प्राथमिकताएं देनी होगी। उसी दिन रात को सीट आवंटन सूची जारी होगी और अगले दिन से नोडल सेंटर पर मूल दस्तावेज जमा कर कॉलेज में दाखिले की प्रक्रिया 16 अक्टूबर तक पूरी करनी होगी।

### आयुष यूजी में प्रथम चरण की मेरिट सूची जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी आयुष यूजी की पहले चरण की मेरिट सूची रविवार देर शाम जारी कर दी गई है। होम्योपैथिक निदेशक एवं काउंसिलिंग के नोडल अधिकारी डॉ.अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि इन्हें कल से मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होगी। इसके बाद कॉलेजों में शुल्क जमाकर दाखिले की प्रक्रिया शुरू होगी। स्नातक की 7,414 सीटों के लिए करीब नौ हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है।

### मनरेगा कर्मियों को मिला एक माह का वेतन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्राम्य विकास विभाग ने मनरेगा कर्मियों का बकाया वेतन देना शुरू कर दिया है। जिला व ब्लॉक मुख्यालय पर तैनात कर्मियों को जून का वेतन उनके खातों में भेजा गया है। प्रदेश में संविदा और आउटसोर्स पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकरी, लेखा सहायक, तकनीकी सहायक, कम्प्यूटर ऑपरेटर व ग्राम रोजगार सेवक समेत 42 हजार से अधिक कर्मचारी तैनात हैं। ज्यादातर को जून से वेतन नहीं मिला है। बरेली, बदायूं, कानपुर, वाराणसी, सहारनपुर समेत 40 जिलों में 20 से 24 माह से वेतन बकाया है। अमृत विचार ने 18 सितंबर को यह मुद्दा प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसका संज्ञान लेकर ग्राम्य विकास विभाग ने वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शनिवार को कर्मियों के खातों में जून का वेतन भेजा गया है।

# बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सशक्त करेगी सरकार

## अक्टूबर से शुरू होगा मिशन शक्ति का 5वां चरण , 10 लाख बालिकाओं को आत्मरक्षा और जीवन कौशल का मिलेगा प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार अक्टूबर 2024 से मिशन शक्ति के पांचवें चरण की शुरुआत करने जा रही है। मई 2025 तक चलने वाले इस चरण में जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस दौरान 10 लाख बालिकाओं को आत्मरक्षा और जीवन कौशल का प्रशिक्षण मिलेगा। पीएम श्री योजना के तहत चयनित 167 विद्यालयों में में करियर काउंसलिंग के सत्र भी चलेंगे। इतना ही नहीं, योगी सरकार के निर्देश पर होने वाले कार्यक्रमों और गतिविधियों के दौरान 36,772 बालिकाओं में सेनेटरी पैड वितरित कर उनके स्वास्थ्य और विद्यालय पहुंचकर नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण करने की राह आसान की जाएगी। साथ ही बालिका शिक्षा और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे।

**167** विद्यालयों में लगेगा मीना मेला

### बाल अधिकार, घरेलू हिंसा, गुड-टच बैड-टच से परिचित होंगी बेटियां

प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों के नेतृत्व में 3 से 10 अक्टूबर तक विद्यालयों में बाल अधिकार, घरेलू हिंसा, यौन शोषण, छेड़छाड़ और गुड-टच, बैड-टच जैसे मुद्दों पर बच्चों को जागरूक किया जाएगा। बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही रैलियों और रोचक गतिविधियों के माध्यम से हेल्पलाइन नंबर और बाल विवाह के खतरों की जानकारी भी दी जाएगी।

### माहवारी स्वच्छता और जलवायु परिवर्तन के बारे में किया जाएगा जागरूक

बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता और जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूक किया जाएगा। केजीबीवी की 79,000 बालिकाओं के लिए जलवायु परिवर्तन पर विशेष सत्र आयोजित होंगे और 36,772 बालिकाओं में सेनेटरी पैड वितरित किए जाएंगे। अप्रैल-मई 2025 के दौरान बच्चों को से शिक्षा का अधिकार, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह और घरेलू हिंसा से संबंधित कानूनों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

# पाठशाला में खेती की विधि बताएंगी कृषि सखी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में दीनदयाल अन्त्योदय योजना के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह की सदस्य महिलाएं कृषि सखी के रूप में जैविक व कृषि पारिस्थितिकी खेती को बढ़ावा देंगी। विभाग ने किसानों की मदद के लिए 269 कार्यक्रमों के माध्यम से 7634 कृषि सखी को विशेष प्रशिक्षण दिया है। इनके कार्य रबी फसल से शुरू होंगे। यह साथ किसान पाठशाला में प्रतिभाग करके किसानों को खेती की विधि व योजनाएं बताएंगी। साथ ही प्रक्रिया कराकर लाभ दिलाएंगी। कृषि सखी फसलों का डिजिटल क्रॉप सर्वे करेंगी। मिट्टी के नमूने लेकर परीक्षण कराकर किसानों को स्वास्थ्य रिपोर्ट कार्ड भी बांटेंगी। इससे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय दोनों के उद्देश्य की पूर्ति होगी। शासन ने कृषि सखी के कार्य व मानदेय निर्धारित करके जिलों में आवंटित करने के निर्देश जारी किए हैं।

**सर्वे में प्रति खसरा पांच रुपये व गोष्ठी में मिलेंगे 500 रुपये :** कृषि सखी को किसान पाठशाला, गोष्ठी व अन्य कार्यक्रमों में संबोधन पर 500 रुपये प्रति सत्र मिलेंगे। जबकि डिजिटल क्रॉप सर्वे में प्रति खसरा पांच रुपये व मिट्टी का नमूना एकत्र करना व परीक्षण के बाद स्वास्थ्य रिपोर्ट कार्ड बांटने पर 15 रुपये प्रति नमूना दिया जाएगा। एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत संरक्षित खेती, जीरो जुताई, वर्मी कंपोस्ट पर प्रशिक्षण करने पर 400 रुपये प्रति पाठशाला प्रतिमाह दिया जाएगा।

**7634** कृषि सखी तैयार, तय हुए कार्य व मानदेय

### सम्मान निधि की कराएंगी ई-केवाईसी, फसल बीमा भी

कृषि सखी कृषि, उद्यान, पशुपालन, रेशम, भूगर्भ जल आदि विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगी। जो अब प्रधानमंत्री फसल बीमा का प्रचार प्रसार करके कराएंगी। इसी तरह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पंजीकरण और ई-केवाईसी कराएंगी। किसान क्रेडिट कार्ड के लाभ बताकर बनवाएंगी। उपज का मूल्यांकन भी करेंगी।

# मंडल और जिला स्तर पर भी आयोजित होंगे ट्रेड शो

**5.5** लाख विजिटर्स का बना रिकॉर्ड

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 का समापन, उद्यमियों को मिले करोड़ों के ऑर्डर

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 की सफलता से खुश राज्य सरकार अब मंडल और जिला स्तर पर भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करेगी। इंडिया एक्सपो मार्ट में रविवार को ट्रेड शो के रंगारंग समापन समारोह में एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग, हैंडलूम व टेक्सटाइल मंत्री राकेश सचान ने विभिन्न वर्गों में पुरस्कार जीतने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। कहा कि यह ट्रेड शो न केवल भारत बल्कि विश्व स्तर पर भी अपनी छाप छोड़ रहा है।

पिछले साल के 3 लाख के मुकाबले इस साल ट्रेड शो में साढ़े 5 लाख से अधिक लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराकर नया रिकॉर्ड बनाया। देशी और विदेशी बायर्स से मिले करोड़ों के ऑर्डर और बिक्री ने सरकार और उद्यमियों दोनों का उत्साह बढ़ाया। अंत में पलाश सेन और यूफोरिया बैंड द्वारा एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति ने लोगों में रोमांच भर दिया। अगले वर्ष एक बार फिर 25 से 29 सितंबर को इसके तीसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा।

### सर्वश्रेष्ठ स्टॉल को किया गया पुरस्कार

अंतिम दिन इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रत्येक हॉल में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल को पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार पाने वालों में अमेजन क्राफ्ट (संभल), मुगल ओवरसीज़ (मुरादाबाद), आरोग्य (गौतमबुद्ध नगर) प्रमुख रहे। इसके अतिरिक्त छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया। प्रोजेक्ट प्रतियोगिता ने प्रतिभागियों की नवाचार भावना को और भी उजागर किया। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के अध्यक्ष राकेश कुमार ने इवेंट को सफल बनाने में शामिल सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

ट्रेड शो के आखिरी दिन हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रीति तिवारी ने कत्थक नृत्य नाटिका, जितेंद्र चौरसिया व टीम ने बुंदेली लोक गायन, देवेन्द्री शर्मा मंगलामुखी ने कथक नृत्य का प्रस्तुतिकरण किया।




ट्रेड शो में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल की संचालिका को सम्मानित करते एमएसएमई मंत्री।

### बिरला एयरकॉन को 100, गुलाबी मीनाकारी को 5 करोड़ का ऑर्डर

**अमृत विचार , ग्रेटर नोएडा :** इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 में करोड़ों के ऑर्डर पाकर एक्सपोर्ट कंपनियां बागबाग हैं। वाटर कूलर, डीप फ्रीजर, कॉमर्शियल रेफरेजेटर व इससे संबंधित उत्पादों का कारोबार करने वाली बिरला एयरकॉन को 100 करोड़ का ऑर्डर मिला। कंपनी के प्रबंध निदेशक पीके जैन ने कहा, हमने पिछले साल भी ट्रेड शो में अपना स्टॉल लगाया था, जब हमें 50 करोड़ के ऑर्डर मिले थे। बनारस की गुलाबी मीनाकारी को इस ट्रेड शो में पांच करोड़ का ऑर्डर मिला है। कारोबारी रोशन विश्व कर्मा ने बताया कि पिछले पांच दिनों के दौरान उन्हें पांच करोड़ के ऑर्डर मिल चुके हैं, इसमें एक रानी हार बनाने का भी ऑर्डर शामिल है, जिसकी कीमत करीब सवा करोड़ है। मुरादाबाद में डैजल ग्लोलबल के प्रमुख अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि सरकार की यह शानदार पहल है। उन्होंने कहा कि शायद ही देश के दूसरे हिस्सों में इस तरह के ट्रेड शो आयोजित होते होंगे। उन्होंने कहा, ऐसे आयोजन से नए एन्टेरप्रिन्योर्स को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने कहा, हमें यहां ग्राहक भी मिल रहे हैं और बड़े स्तर पर ऑर्डर भी मिल रहे हैं।

### गली ब्वाय से ग्लोबल हुए उद्यमी उम्मीद से अधिक मिले आर्डर

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** बरेली की अंजू की शिल्पकारी से सजे हैंडीक्राफ्ट और अपनी बुआ और बेटे के साथ लखनऊ से आई पल्लवी शर्मा की चिकनकारी विदेशियों को भा गई। ये पहली बार किसी ट्रेड शो में स्टाल लगाने आईं और उन्हें भूटान, श्रीलंका और दुबई से आर्डर मिल गए। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2024) में गली ब्वाय से ग्लोबल होने की कहानी सिर्फ अंजू व पल्लवी की नहीं है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सैंकड़ों छोटे उद्यमियों के सपनों को नई उड़ान मिली है। बांस बरेली की पहचान को कायम रखने वाली बरेली की पिंकी दूसरी बार भी विदेशी खरीदार मिले हैं, लखनऊ के मो, फहीम और अकील की चिकनकारी इस बार भी विदेशियों को भाई। यही हाल पीलीभीत के के रिजवान की बांसुरी की रही, संभल के सहादत हुसैन का होर्न क्राफ्ट खूब पसंद आया। 2500 एग्जीबिटर्स और 350 विदेशी बायर्स के साथ ट्रेड शो में आए करीब पांच लाख आगंतुकों ने पांच दिनों में सैंकड़ों छोटे उद्यमियों के काम को न सिर्फ सराहा, बल्कि खरीदारी से उत्साह भी बढ़ाया। मुरादाबाद के कारोबारी वीरेश गोस्वामी कहते हैं कि उनका होम डिकोर और फर्नीचर का कारोबार को ट्रेड शो में आने से बहुत फायदा हुआ। 6 लाख तक के ऑर्डर मिल चुके हैं। 15 लाख तक की बुकिंग हुई है, जिसे आगे चर्चा कर अंतिम रूप दिया जाएगा। फिरोजाबाद के ग्लास वेयर उद्यमी प्रतीश कुमार को पिछले ट्रेड शो के मुकाबले इस बार अधिक ऑर्डर मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं है। कहते हैं कि पांच दिनों में स्टॉल पर देशी-विदेशी कारोबारी आए। ऑर्डर बहुत ज्यादा मिला है, जबकि हमारा प्रोडक्शन उतना नहीं है। इस वजह से डिलीवरी में भी देरी होने की संभावना है। पहली बार यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आईं ग्रेटर नोएडा की उद्यमी गुरिंदर कौर ने बताया कि एक ही छत के नीचे उत्पाद बेचने की जगह तो मिली ही देशी-विदेशी कारोबारियों संग साझेदारी का भी मौका मिला।

### बलिया में रेल पलटाने की साजिश की जांच करेगी एटीएस

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलिया में पटरियों के बीच पत्थर रखकर ट्रेन पलटाने की साजिश की जांच बलिया पुलिस, राजकीय रेलवे पुलिस के साथ अब एटीएस भी करेगी। एटीएस के पास कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश की जांच भी है।

बतादें कि शनिवार को बलिया जिले के बकुलहा-मांझी रेलवे स्टेशन के बीच पत्थर के बड़े टुकड़े से लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस का इंजन टकराया था। हालांकि लोको पायलट की सूझबूझ हादसा टल गया।

# त्योहारों से पहले प्रदेश की 92 सड़कों की होगी मरम्मत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोक निर्माण विभाग ने मरम्मत की नजर से उत्तर प्रदेश की 627 ऐसी सड़कों को चिन्हित किया है जो पर्व व त्यौहार के दौरान महत्वपूर्ण होती हैं। इन सड़कों की लंबाई 8861 किमी. है। इसमें से 912 किमी में 92 सड़कें ऐसी हैं, जिनकी स्थिति संतोषजनक नहीं है।

चिन्हित सड़कें ऐसी हैं जिन पर प्रमुख मंदिर, आस्था के स्थल हैं। प्रमुख बाजार वाले मार्ग हैं जहां पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ होती है। दरअसल, हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र. की क्षतिग्रस्त सड़कों को गड्ढामुक्त करने की समीक्षा की थी। मुख्यमंत्री ने हिदायत दी थी कि त्योहारों से पूर्व सभी क्षतिग्रस्त सड़कें ठीक हो जाएं। इसके बाद निर्माण विभाग सड़कों की मरम्मत करने के अभियान में जुटा है।

### आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस व भाजपा से रहें सावधान : मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस व भाजपा से सावधान रहने की जरूरत है। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि कांग्रेस में जब अभी सब कुछ ठीक नहीं है तो आगे क्या होगा। ऐसे में अनुसूचित वर्ग कांग्रेस व भाजपा को अपना वोट देकर इसे खराब न करें। मतदाताओं को बहकावे आदि में नहीं आना चाहिए।

# कोर्ट में पेश करें अभियुक्त का त्रुटिहीन आपराधिक इतिहास

## सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद डीजीपी ने फिर जारी की गाइड लाइन. अधिकारियों को लिखा पत्र

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी के बाद उप्र पुलिस ने अभियुक्तों का त्रुटिहीन आपराधिक इतिहास न्यायालयों के समक्ष उपलब्ध कराने को लेकर डीजीपी ने गाइडलाइन जारी की है। डीजीपी ने एडीजी, आईजी, डीआईजी और एसपी को पत्र लिखते हुए कहा कि 2015 से 2024 तक इस सिलसिले में कई दिशानिर्देश जारी किए जा चुके हैं, लेकिन इसका पालन नहीं किया गया। डीजीपी ने यह गाइडलाइन सुप्रीम कोर्ट में डीएसपी के व्यक्तिगत रूप से तलब होकर माफी मांगने बाद लिखा।

बता दें कि विशेष अनुज्ञा याचिका अश्वनी कुमार बनाम उप्र राज्य मामले में अभियुक्त अश्वनी कुमार के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पुलिस द्वारा 05 आपराधिक प्रकरण दर्शाते हुए आपराधिक इतिहास प्रस्तुत किया गया था। इसमें उल्लिखित चार अभियोगों में पुलिस द्वारा ही अंतिम रिपोर्ट लगाई जा चुकी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे प्रकरण जिनमें अंतिम रिपोर्ट लगाई जा चुकी हो, को आपराधिक इतिहास के रूप में कैसे प्रस्तुत किया जा सकता है? नाराजगी के बाद संबंधित पुलिस उपाधीक्षक को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर माफी मांगनी पड़ी।

न्यायालय ने मौखिक रूप से देखा कि उप्र. के कई मामलों में पुलिस अधिकारियों द्वारा राज्य के हलफनामे पर वर्तमान स्थिति का खुलासा किए बिना आपराधिक पृष्ठभूमि दे दी गई है। न्यायालय ने राज्य से सवाल पूछा था, कि क्या यूपी राज्य द्वारा बनाए गए डिजिटल रिकॉर्ड में किसी अपराधी के आपराधिक इतिहास को दिखाने की व्यवस्था है ?

राज्य पोर्टल पर ऐसे अपराधों की स्थिति नियमित रूप से अपडेट की जाती है अथवा नहीं ? क्या पुलिस स्टेशनों को कोई निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत किसी भी मामले में न्यायालयों के समक्ष कोई हलफनामा दाखिल करने वाले अधिकारियों को अद्यतन स्थिति के साथ अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास को रिकॉर्ड पर रखा गया हो।

### बसे घरों को गिराकर भाजपाइयों को सुख मिलता है : अखिलेश

**अमृत विचार,लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि बसे-बसाये घरों को गिराकर भाजपाईयों को सुख मिलता है। हर गिरते घर के साथ भाजपा और भी नीचे गिरती जा रही है।

सपा प्रमुख ने रविवार को फर्रूखाबाद के ग्राम उखरा में वर्षों से रह रहे 25 गरीब परिवारों के घरों पर बुलडोजर चलाने पर कहा कि गरीब परिवारों को उजाड़ने की भाजपा सरकार की यह कार्रवाई बेहद निन्दनीय है।

## वर्ग पहेली-207

**बाएं से दाएं**

2.1. बढ़िया और महीन कपड़ा 2. सन या तीसी के रेशे से बना कपड़ा; क्षौम-वस्त्र 3. उत्तरीय, दुपट्टा।

3.1. युग का निर्माता 2. युग का सूत्रपात करने वाला।

4. लखनऊ का, लखनऊ से संबंधित।

6.1. नायक 2. गणेश।


**ऊपर से नीचे**

1.1. जमोगने अर्थात स्वीकार करने की क्रिया 2. किसी दूसरे की बात का किसी तीसरे के द्वारा समर्थन 3. चित्रकला में बेल-बूटे आदि को एक-दूसरे से नियत दूरी और अपने-अपने ठीक स्थान पर बैठाने की क्रिया या भाव 4. सामने का निश्चय, तसदीक 5. ऋण चुकाने की एक प्रथा जिसमें ऋणी व्यक्ति अपने ऋण का भार किसी और पर डाल देता है।

2. जो दुविधा रहित हो, जिसे कोई दुविधा न हो, असमंजस न हो।

4.1. दो व्यक्तियों या दलों का परस्पर झगड़ा या घात-प्रतिघात करना 2. बहस या तकरार करना 3. कुश्ती या खेल-कूद में मुकाबला करना 4. दो व्यक्तियों या वस्तुओं का आपस में टकराना।

5.1. पंक्ति, कतार 2. रास्ता, मार्ग, सड़क 3. बाज़ार, हाट 4. सूर्य के भ्रमण का मार्ग 5. (पुरातत्व) भवन में आने-जाने के लिए लता।




### वर्ग पहेली -206 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 पु | ड़ा | ■ | ■ | 2 वि | ■ |
| ■ | ■ | 3 ह | ठ | यो | ग |
| 4 पा | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| 5 षा | ण् | 6 मा | सि | क | ■ |
| ण | ■ | ल | ■ | ■ | 7 रे |
| म | ■ | 8 वि | ला | य | त |
| णि | ■ | का | ■ | ■ | ना |

## सुडोकू -120

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 4 | 1 | | | |
| | 3 | | | | 2 | | 7 | 4 |
| | | | | 3 | | 8 | | |
| | 9 | | | 7 | | | 1 | |
| 8 | | 1 | | | | 7 | | 3 |
| | 2 | | | 5 | | | 6 | |
| | | 3 | | 6 | | | | |
| 5 | 1 | | 7 | | | | 9 | |
| | | | 4 | 1 | | 3 | 2 | 7 |

### सुडोकू - 119 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 3 | 2 | 9 | 6 | 5 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 3 | 5 | 8 | 6 | 1 | 7 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 9 | 5 | 3 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 |
| 5 | 7 | 2 | 1 | 8 | 6 | 4 | 9 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 सितंबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 19 .06 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**मेष** – आज आप दोस्तों के साथ गेम्स में काफी रुचि ले सकते हैं। रचनात्मक विचारों के कारण लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता में वृद्धि हो सकती है। साझेदारों के साथ के मतभेद दूर होंगे। कार्यक्षेत्र में अचानक धन लाभ हो सकता है। संतान के करियर की चिंता दूर होगी।

**वृष** – आज अपने निजी कार्य दूसरों के विश्वास में न छोड़ें। संपत्ति के क्रय-विक्रय को लेकर विवाद हो सकता है। धन को लेकर किसी से वायदा न करें। यदि काम पर आप एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं तो आपको कुछ नया सीखने का प्रयास करना चाहिए।

**मिथुन** – आज व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। निजी संबंधों की समस्या को सुलझा लेंगे। समाज सेवा में आप काफी सहभागी रहेंगे। आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। यदि आप जॉब बदलना चाह रहे हैं तो दिन विशेष रूप से अनुकूल है।

**कर्क** – आज आप अपनी ही बातों में उलझ जाते हैं। काम समय पर होने के कारण आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के कारण आपके काम में कुछ परेशानियां आ सकती है। अपरिचित लोगों से अपनी निजी बातें शेयर न करें।

**सिंह** – आज अनुसंधान संबंधी प्रोजेक्ट्स से जुड़े हुए लोगों को बहुत बड़ी सफलता मिल सकती है। परिवार को भी आप पर्याप्त समय देंगे। छोटे कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यकलापों और मंत्र आदि में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**कन्या** – आज अपने शत्रुओं को कमजोर समझने की गलती न करें। घर में किसी बात के कारण आपके ऊपर दबाव बन सकता है। किसी अपने के व्यवहार से आपका हृदय दुखी होगा। छात्र अपने करियर को लेकर थोड़े भ्रमित हो सकते हैं।

**तुला** – आज नई पॉलिसी में धन निवेशित कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन प्रेम और रोमांस से भरपूर रहने वाला है। होटल और पर्यटन से जुड़े कारोबार में आय काफी तेजी से बढ़ने की संभावना है। नौकरी में स्थान-परिवर्तन करने के लिए दिन शुभ है।

**वृश्चिक** – आज आप अपने सहकर्मियों और विरोधियों के ऊपर काफी हावी रहेंगे। कई दिनों से चला आ रहा तनाव दूर होगा। समाज और कार्यक्षेत्र में लोग आपका काफी सम्मान करेंगे। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।


**धनु** – आज सरकारी अधिकारियों के लिए सुकून दायक हो सकता है। आपके सुझावों से बांकी लोगों को काफी अच्छा लाभ होगा। बच्चों के साथ खेलकूद का आनंद लेंगे। शत्रु आपका मनोबल तोड़ने का प्रयास करेंगे पर सफल नहीं होंगे।

**मकर** – आज अत्यधिक मेहनत वाले कार्यों से बचना चाहिए। आपको अपनी छवि की काफी चिंता रहेगी। यात्रा के दौरान सावधानी रखें। अपनी कमजोरियों पर पर्दा न डालें। कार्यक्षेत्र में आपकी इच्छानुसार काम नहीं हो रहे हैं।

**कुंभ** – आज शुभचिंतक आपको अच्छी सलाह देने का प्रयास करेंगे। कारोबार में विस्तार करने के लिए अच्छा समय है। प्रेम संबंधों में परस्पर विश्वास और मजबूती बढ़ेगी। आप अपने लक्ष्य को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

**मीन** – आज जॉब में आपके ऊपर जिम्मेदारी का दबाव बढ़ेगा,लेकिन आप सब आसानी से संभाल लेंगे। विरोधी आपके हितैषियों से आपकी आलोचना कर सकते हैं। अति आत्मविश्वासी रवैये से आपको बचना चाहिए।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मघा 06 .19 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
कुदरत का कानून – सुबह : 09 .55
सर्कस – रात : 07 .45

**&pictures**
खूंखार – सुबह : 11.06
वेलकम बैक – रात : 08 .00

**Sony Pix**
रैमपेज – दोपहर : 12 .01
वंडर वूमैन – रात : 08 .45

**Zee Cinema**
एनकाउंटर शंकर – सुबह : 11 .29
दबंग – रात : 08 .00

**Zee Action**
खिलाड़ी – सुबह : 10 .54
विश्वात्मा – रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मुझे लाटरी लगी तो तुम क्या करोगी?
पत्नी- आधे पैसे लेकर हमेशा के लिए मायके चली जाउंगी। मैं भी खुश और आप भी खुश।
पति- 100 रुपये की लगी है, ये ले 50 और निकल ले।

चंपकलाल दारू पीकर अपने घर गया और दरवाजा खटखटाया।
पत्नी ने दरवाजा खोला।
चंपकलाल ने पूछा- तू कौन है और मेरे घर में क्या कर रही है?
पत्नी ने कहा - मुझे ही भूल गए?
चंपकलाल बोला - दारू पीकर आदमी हर गम भूल जाता है।

## एक नजर

### जनपद में 65 धान क्रय केन्द्र स्थापित

**रायबरेली, अमृत विचार।** जिले में किसानों की सुविधा के लिए 65 धान क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। साथ ही सभी केंद्र प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए किसानों से सीधे धान क्रय किये जाने हेतु जनपद में क्रय एजेंसी खाद्य विभाग की विपणन शाखा एवं भारतीय खाद्य निगम द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के क्रम में 28 धान क्रय केन्द्र अनुमोदित किये जा चुके है। उन्होंने इसके अलावा क्रय एजेंसी पीसीएफ के 42, पीसीयू के 14, यूपीएसएस के 06, भारतीय खाद्य निगम का एक और मण्डी परिषद के दो धान क्रय केंद्र खोले जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### पांच बदमाश गिरफ्तार

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** मोबाइल छिनैती करने वाले पांच बदमाशों को पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए बदमाशों के पास से दो मोबाइल और दो मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पिलखा गांव निवासी राजू यादव पुत्र राम प्रसाद ने बाइक सवार तीन लोगों के खिलाफ मोबाइल छीनने के आरोप में मामला दर्ज कराया था। राजू यादव से बाइक सवार बदमाशों ने टोल प्लाजा के पास से दो दिन पहले मोबाइल छीना था। वहीं एक अन्य मोबाइल छीनने की घटना दुकनहा के पास हुई थी। दोनों घटनाओं में लिप्त बदमाश खीरो थाना के निवासी हैं। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों में ग्राम अतरी निवासी बिंदेश लोधी पुत्र शिवराम, नितेश पुत्र नरेंद्र और ग्राम रायपुर निवासी अजय लोधी पुत्र पवन लोधी, बलबीर लोधी पुत्र रामसेवक सहित दुकनहा निवासी देवा पासी पुत्र देशराज को मोबाइल छिनैती के आरोप में जेल भेजा गया है। देवा पासी ने अपने अन्य सभी साथियों के साथ मिलकर दुकनहा के पास मोबाइल छीना था।

### घर में बेकाबू ट्रक घुसा

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के सेमरपहा गांव में शनिवार रात उस समय हड़कंप मच गया। जब प्रेम शंकर मिश्रा के घर में एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर घुस गया। प्रेम शंकर मिश्रा का घर लालगंज गेगासो नेशनल हाईवे पर सेमरपहा गांव में रोड पर ही स्थित है। ट्रक की भीषण टक्कर और तेज आवाज होने के चलते आसपास के लोग हड़बड़ा कर घरों से बाहर निकल आए। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, लेकिन तब तक ट्रक चालक फरार हो गया था। हालांकि दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है लेकिन प्रेम शंकर मिश्रा का लाखों का नुकसान हुआ है। प्रेम शंकर मिश्रा की बाउंड्री वॉल टूट गई है और मकान भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके साथ ही एक स्कूटी और अन्य काफी सामान भी टूट गया है। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रक की टक्कर इतनी तेज थी कि आसपास के मकान भी हिल गये।

# संदिग्ध परिस्थितियों में गर्भवती महिला की मौत

## भाई ने खीरों पुलिस से की शिकायत, जांच शुरू

संवाददाता, सेमरी, रायबरेली

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव खरगापुर में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने खीरों पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर शव का पोस्टमार्टम कराकर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

अमेठी जिले के थाना क्षेत्र इन्हौना के गांव डांगी बरवलिया निवासी सुर कुमार तिवारी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी बहन संगीता की शादी खीरों क्षेत्र के गांव खरगापुर निवासी बुद्धिचन्द्र शुक्ला पुत्र कृपा शंकर शुक्ला के साथ नवंबर वर्ष 2023 में हुई थी। उसकी बहन संगीता गर्भवती थी। रविवार को दोपहर बाद लगभग दो बजे उसके बहनोई बुद्धिचन्द्र शुक्ला ने फोन पर सूचना दी कि उसकी बहन संगीता अधिक बीमार है। उसे लेकर अस्पताल जा रहे हैं। वह अपने रिश्तेदारों और परिजनों के साथ बहन की ससुराल खरगापुर पहुंचा तो देखा कि बहन का शव दरवाजे रखा है। बहनोई ने बताया कि अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई है। सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर शव का पोस्टमार्टम कराकर घटना की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि मृतका के भाई के शिकायती पत्र के आधार पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच की जा रही है।

### जहरीले जंतु के काटने से युवक की मौत



सूर्य प्रसाद (फाइल)।

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** बीती शाम को खेत की मेड़ पर बांस गाड़ रहे युवक की जहरीले जन्तु के काटने से मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के बरुआ बाग मजरे रमईपुर कला गांव के रहने वाले सूर्य प्रसाद उर्फ आशीष (22) पुत्र रवि शंकर बीती शाम फसल की सुरक्षा के लिए खेत की मेड़ में बांस गाड़ने गया था और जब काफी देर तक वह नहीं लौटा तो परिजनों खेत पहुंचे, जहां वह अचेत अवस्था में पड़ा था। इसके बाद ग्रामीणों ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सक बीपी उपाध्याय ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# संदिग्ध युवक और महिला को किया पुलिस के हवाले

संवाददाता, सेमरी, रायबरेली

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन रघुराज सिंह के पास स्थित गांव चकफेरशाह मजरे चकगजराज में शनिवार को देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में ग्रामीणों ने एक महिला और एक युवक सहित दो लोगों को चोर समझकर पकड़ लिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस ने दोनों आरोपियों को थाने पहुंचाया, जहां पुलिस की पूछताछ में दोनों आरोपियों ने खुद को भटक कर पहुंचने की बात बताई। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

पीआरबी पुलिस ने पहुंचकर दोनों आरोपियों से पूछताछ की तो महिला ने खुद को आरती पुत्री अशोक निवासी गांव बरई प्रतापगढ़ और युवक ने खुद को शैलेंद्र निवासी गदागंज का बताया। पीआरबी पुलिस ने दोनों आरोपियों को थाने पहुंचाया। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि दोनों आरोपी भूल भटक कर रघुराज सिंह रेलवे स्टेशन पर उतर कर गांव पहुंच गए थे। जांच की जा रही है। दोनों के परिजनों को सूचना दी गई है।

### मारपीट का आरोप, लगाई न्याय की गुहार

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** नहर किनारे बकरी चरा रही एक दंपति पर गांव के ही कुछ लोगों ने हमला कर दिया। जिसमें दोनों घायल हो गए। प्रार्थी ने कोतवाली डलमऊ में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के दीनगंज गांव निवासी नवरंग लाल पुत्र प्रसादी ने तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी शिवकली रविवार को दोपहर गांव किनारे नहर पर बकरी चरा रही थी तभी विपक्षियों ने एक राय होकर लाठी डंडा एवं भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए पुरानी रंजिश के चलते जान से मारने की नीयत से जमकर मारा पीटा जिससे दंपति व बचाव में रीता देवी को गंभीर चोटें आई हैं। कोतवाली प्रभारी डलमऊ पवन कुमार सोनकर ने बताया कि तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## तर्पण

### पिता ने सदैव धर्म व सत्य के मार्ग पर चलने की दी सीख




स्व. दु:खहरण तिवारी।

मेरे पिता स्व. दुखहरण तिवारी धार्मिक विचारधारा और बाबा बाल्हेश्वर के भक्त थे। सदैव धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की शिक्षा देते थे। वे कहते थे कि गरीबों की मदद और बुजुर्गों का सहारा बनने से परमात्मा भी प्रसन्न होता है। उनका कहना था कि जरूरतमंदों की मदद सभी को करना चाहिए। पूज्य पिता के आशीर्वाद से आज पूरा परिवार खुशहाल है। हमारा परिवार पूज्य पिता के बताए हुए रास्ते पर चल रहा है।



**विकास तिवारी, ऐहार लालगंज।**

### माता-पिता से मिली सभी की सेवा करने की शिक्षा



स्व. कुंज बिहारी श्रीवास्तव।

मेरे पिता स्व. कुंजबिहारी श्रीवास्तव का निधन तीन अक्टूबर 2013 में हो गया था। जबकि माता शान्ती श्रीवास्तव की मृत्यु 25 दिसम्बर 2020 में हुई थी। दोनों ने हम सभी भाइयों व परिवार के सदस्यों को मेहनत से काम करने की सीख दी थी। उनकी मेहनत व ईमानदारी से जीने व सभी की सेवा करने की सीख ने मुझे जीवन में हमेशा सफलताएं दिलाने में मदद की। इन दोनों के आशीष से आज मैं, मेरी पत्नी शशि श्रीवास्तव सभी खुशहाल हैं। मैं हमेशा पितृपक्ष में तर्पण कर उनके आशीर्वाद की कामना करता हूं।



**नागेन्द्र श्रीवास्तव, रानानगर, रायबरेली।**

# अक्टूबर में आयोजित ग्राम चौपाल के लिए अधिकारी नामित

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने माह अक्टूबर के प्रत्येक शुक्रवार को समस्त विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली 'ग्राम चौपाल' के लिए विकास खण्डवार रोस्टर निर्धारित किया है। परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त, श्रम रोजगार एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार द्वारा ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले ग्राम चौपाल में से किसी एक विकासखंड की ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण होगा। 4 अक्टूबर को परियोजना निदेशक, डीआरडीए विकासखंड सलोन, खीरों, उपायुक्त, श्रम रोजगार विकास खंड हरचंदपुर और विकासखंड राही में उपायुक्त, स्वतः रोजगार की अध्यक्षता में किसी एक विकास खण्ड के ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण करेंगे। 11 को परियोजना निदेशक डीआरडीए बछरावां, जिला विकास अधिकारी सरेनी, उपायुक्त, श्रम रोजगार छतोह में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार लालगंज, 18 अक्टूबर को परियोजना निदेशक डीआरडीए रोहनियां, जिला विकास अधिकारी डलमऊ, उपायुक्त, श्रम रोजगार शिवगढ़ में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार ऊंचाहार, 25 को परियोजना निदेशक डीआरडीए महराजगंज, जिला विकास अधिकारी दीनशाहगौरा, उपायुक्त श्रम रोजगार सतांव और उपायुक्त, स्वतः रोजगार डीह के किसी एक ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण करायेंगे।

### जंगली जानवर की आहट पर वन विभाग ने की खोजबीन

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव मथुराखेड़ा मजरे खीरों में रविवार को गांव से बाहर खेतों में किसी संदिग्ध जंगली पशु ने एक नीलगाय के बच्चे को अपना शिकार बना लिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से पास जंगलों में हांका लगाकर काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

## सार-संक्षेप

### फेलोशिप सम्मान से नवाजे गए चिकित्सक



समारोह में फेलोशिप सम्मान से सम्मानित चिकित्सक। अमृत विचार

**रायबरेली, अमृत विचार।** चिकित्सा क्षेत्र में सराहनीय कार्यों के लिए इंडियन एसोसिएशन ऑफ क्लीनिकल मेडिसिन की ओर से छह चिकित्सकों को फेलोशिप सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उदयपुर में आयोजित आईएसीएम संस्था की तीसवीं वार्षिक कांफ्रेंस में एक समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में डॉ. केपी वर्मा, डॉ. एआर त्रिपाठी, डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. डीआर मौर्य, डॉ. बृजेश सिंह एवं डॉ. अशोक कुमार गुप्ता को फेलोशिप सम्मान से सम्मानित किए जाने पर आईएमए के पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर की है। आईएमए ने उपरोक्त सभी सम्मानित डॉक्टरों के कार्यों की प्रशंसा की। यह भी कहा गया कि इन सभी चिकित्सको ने चिकित्सा रिसर्च के क्षेत्र में विशेष योगदान दिया है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात



प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनते भाजपा कार्यकर्ता।

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** पार्टी संगठन के निर्देश के अनुसार लालगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग बूथो पर जाकर जहां प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सुना। वही लोगों को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता भी दिलाई। इस मौके पर श्याम दीक्षित, सुशील शुक्ला, अनन्त पांडेय, संतोष बाजपेई, मनोज अवस्थी, राजेश निर्मल, उदय नारायण बाजपेई, उमेश सिंह, चंदन त्रिवेदी, जगन्नाथ पांडेय, दिवाकर मिश्रा, गोविंद सविता, महेंद्र पटेल, आशुतोष दीक्षित, प्रकाश चंद्र बाजपेई, राजेश प्रताप सिंह, राम शंकर, जितेंद्र प्रजापति, राजेंद्र, गौरव उमेश, शिवम आदि कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### प्रशिक्षण के साथ छात्रों को दी जाएगी छात्रवृत्ति : प्रवीण



न्यू एक्सेल कम्प्यूटर कोचिंग सेंटर में परीक्षा देते छात्र। अमृत विचार

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** संजय गांधी कम्प्यूटर साक्षरता मिशन द्वारा संचालित न्यू एक्सेल कम्प्यूटर कोचिंग में ग्रामीण अंचल के पांच सौ से अधिक बच्चों को नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण देने के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया। संस्थान के प्रबंधक प्रवीण मिश्रा ने बताया कि इस परीक्षा में 90 फीसदी से अधिक अंक पाने वाले समस्त छात्रों को निशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण के साथ छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। इस मौके पर आयोजित परीक्षा में एक हजार से अधिक स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी। इस मौके पर दामिनी, माही, मीना, अंकित, सुमित, आकांक्षा, समृद्धि, संरक्षक अभय पांडेय, दीपक वर्मा, लक्ष्मी कांत द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# पुणे में ग्लास उतार रहे जिले के चार श्रमिकों की मौत

**रायबरेली, अमृत विचार।** पुणे में ग्लास फ़ैक्ट्री में काम के दौरान रायबरेली के चार मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई है। यह हादसा रविवार को उस समय हुआ जब मजदूर ग्लास की खेप उतार रहे थे और ग़लती से उसके नीचे आ गए। सभी को गंभीर अवस्था मे अस्पताल के जाया गया, जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

महाराष्ट्र के पुणे के येलवेवाड़ी में स्थित ग्लास इंडिया कंपनी में रायबरेली जिले के ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के मरियानी निवासी विकास कुमार, पूरे बिछियन निवासी अमित कुमार समेत अन्य युवक काम करते थे। रविवार कुछ मजदूर ट्रक से कांच से भरे हुए बॉक्स उतार रहे थे। इसी दौरान अचानक शीशे के बॉक्स गिर गए। इन बक्सों का वजन बहुत ज्यादा था जिसकी वजह से इनके नीचे 6 मजदूर दब गए। वहां मौजूद अन्य मजदूरों ने दमकल को पूरे मामले की सूचना दी। जिसके बाद दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। काफी मशक्कत के बाद बॉक्स के नीचे से 6 मजदूरों को बाहर निकाला गया। इसमें चार की मौत हो गई। सभी मृतक रायबरेली के रहने वाले बताए जा रहे, जिसमे दो की शिनाख्त हो गई। हादसे की सूचना मृतकों के परिजनों को मिलने पर कोहराम मच गया है। दो अन्य सलोन क्षेत्र के बताए जा रहे हैं।

# विज्ञान क्विज से बढ़ता है छात्रों में उत्साह

संवाददाता, सरेनी, रायबरेली



विज्ञान क्विज प्रतियोगिता के विजेता को पुरस्कृत करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार:** छात्रों में क्रिटिकल थिंकिंग, टीम वर्क, प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास व सकारात्मक वातावरण के सृजन के लिए राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय में विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें 42 विद्यालयों के 126 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। यह प्रतियोगिता दो चरणों मे आयोजित की गई, जिसमें द्वितीय चरण के लिए 25 छात्रों का चयन हुआ। उच्च प्राथमिक विद्यालय देवपुर के छात्र प्रकाश वर्मा व नितिन, उच्च प्राथमिक कन्या रायपुर के अंशिका व शिवानी छात्र व उच्च प्राथमिक दूलापुर के छात्र पंकज का चयन हुआ। बीईओ सरेनी राजीव कुमार ओझा द्वारा चयनित पांच छात्रों को पुरस्कृत किया गया। टॉप 10 में चयनित छात्रों को भी विज्ञान किट, प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। बीईओ सरेनी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न होती है व उत्साह मिलता है। एकेडमिक रिसोर्स पर्सन आनंद प्रकाश तिवारी, डॉ. यज्ञदत्त शुक्ल, विमल किशोर विक्रम व जितेंद्र कुमार द्वारा क्विज प्रतियोगिता के लिए प्रश्न पत्र निर्माण व क्विज के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया गया। इस अवसर पर राकेश द्विवेदी, हिमांशु कुमार, संतोष कुमार, अमरेश सिंह, सीमा सिंह, पूजा सिंह, दीपिका बाजपेई, प्रगति मिश्रा, आरती शर्मा, अनुराग मिश्रा, राम बहादुर, शिवम सिंह, पुष्पेंद्र तिवारी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# खेल किट पाकर चहक उठे खो-खो के खिलाड़ी

संवाददाता, रायबरेली



उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरे मौहारी में खो-खो बालक व बालिका टीम के खिलाड़ियों के साथ समाजसेवी डॉ. अरुणेश पटेल व शिक्षक।

**अमृत विचार:** परिषदीय विद्यालयों के उत्थान के लिए नित्य कार्य करने वाले देदौर निवासी समाज सेवी डॉ. अरुणेश पटेल ने बच्चों को खेल किट व स्टेशनरी वितरित की। खेल किट पाकर खो-खो के खिलाड़ी खुशी से झूम उठे। वहीं स्टेशनरी पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे भी खिले रहे।

समाजसेवी डॉ. अरुणेश पटेल अपनी टीम के साथ हरचंदपुर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरे मौहारी पहुंचे। उन्होंने खो-खो के क्षेत्र में राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक पर विद्यालय व जिले का नाम रोशन वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खो-खो बालक व बालिका टीम के खिलाड़ियों को खेल किट व साथ में सभी छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी और फल वितरित किया। कई बार राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग व उत्तर प्रदेश टीम का नेतृत्व करने वाली खिलाड़ी उषा और विद्यालय के अध्यापकों व रसोईयों को भी सम्मानित किया।

समाजसेवी डॉ. अरुणेश पटेल ने कहा कि हमें जानकर बहुत खुशी हो रही है कि विद्यालय की खो-खो टीम राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अच्छी छाप बनाए हुए है। हमारे क्षेत्र के इस उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राएं खो-खो खेल में राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य सारिका पटेल ने कहा कि इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक बधाई के पात्र हैं, जो इन बच्चों को ऐसा तराश कर बनाया है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक एवं जिला स्काउट मास्टर शिव शरण सिंह ने किया। इस मौके पर विद्यालय प्रधानाध्यापक कौशल किशोर शर्मा, रुबीना बानो, खेल अनुदेशक सत्य प्रकाश तिवारी, आशुतोष मोहन, किरन, कमलेश, सुखदेवी आदि मौजूद रहे।

# हरे पेड़ों पर धड़ल्ले से चल रहा आरा, जिम्मेदार मौन

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र में हरियाली पर अंधाधुंध आरे चलाये जा रहे हैं, जबकि जिम्मेदार मौन हैं। क्षेत्र में हो रही बारिश का आड़ में हरे पेड़ काट कर गिराए जा रहे हैं। सरेनी-रानीखेड़ा मार्ग पर प्रतापपुर गांव के पास आधा दर्जन महुए के पेड़ गिरा दिये गये। शिकायत पर पहुंचे फारेस्ट गार्ड आशीष कुमार ने बताया कि सिर्फ एक पेड़ काटा गया है, जिस पर उन्होंने जुर्माना कर दिया है। तीन पेड़ों के बारे में बताया कि वे पहले काटे गए थे, लेकिन उन तीनों काटे गये पेड़ों की रसीद नहीं दिखा पाये। सूत्र बताते हैं कि पुलिस व वन विभाग की लकड़ी माफियों से सांठगांठ है, जिसके चलते वे कटान के काम को बेखौफ अंजाम दे रहे हैं।लोगों का कहना है कि एक तरफ सरकार अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए लोगों को जागरूक कर रही है। वहीं दूसरी तरफ जिम्मेदार अधिकारी पेड़ों को धराधायी कराने में लगे हैं। स्थानीय नागरिकों ने जांचकर कार्यवाही की मांग की है।



प्रतापपुर नहर के पास काटा जा रहा पेड़।

# सत्संग सुन भाव विभोर हुए भक्त



संत निरंकारी भवन में सत्संग सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** संत निरंकारी सत्संग भवन में रविवार को सत्संग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महात्मा बृजेश कुमार वर्मा ने की साथ संगत को संबोधित करते हुए महात्मा ने कहा है कि प्रभु जानने योग्य उसे सद्गुरु की कृपा से जाना जा सकता है परमात्मा की जानकारी करने के बाद ही भक्ति पूरी होती है। राम कबीर एक भाई कोई न जानी पहचानी यह अवस्था इस परमात्मा की कृपा से ही संभव है यह हमेशा समय-समय पर भक्तों का कल्याण करने हेतु धरा पर प्रकट होते हैं। ज्ञान प्रचारक बसंत लाल ने आए हुए साथ संकटों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विजय बहादुर सिंह, बसंत सिंह, राम लखन, संजय सिंह, अमर प्रताप सिंह, हरबंस लाल, मनमोहन, ऊषा, कमला आदि लोग मौजूद रहे।

**तैयारी** | नवरात्र में माता रानी के दर्शन के लिए लगता है भक्तों का तांता

# श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केंद्र है मां सिद्धिदात्री शक्तिपीठ मंदिर

संवाददाता, शिवगढ़,रायबरेली



मंदिर में विराजमान मां सिद्धिदात्री।

**अमृत विचार:** क्षेत्र के शिवगढ़ नगर पंचायत अन्तर्गत बांदा-बहराइच हाईवे पर गीता फिलिंग स्टेशन अहलादगढ़ प्रांगण में स्थित मां सिद्धिदात्री शक्तिपीठ मंदिर पिछले 20 वर्षों से श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केंद्र बना हुआ है। मां सिद्धिदात्री शक्तिपीठ मंदिर में ऐसे तो प्रतिदिन सुबह शाम माता रानी के दर्शन के लिए आने वाले भक्तों का तांता लगा रहता है। खासकर नवरात्र के दिनों में माता रानी के दर्शन के लिए दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं भीड़ देखते नहीं बनती। नवरात्रि में घंटों की घनघनाहट एवं माता रानी के जयकारों से दिनभर मंदिर प्रांगण गूंजता रहता है। हवन कुण्ड पर पत्थर के तराशे हुए 24 खम्भों पर बना विशाल बरामदा मंदिर की खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। बरामदे के निर्माण में अत्याधुनिक तकनीकी एवं सुंदर शिल्पकला का प्रयोग किया गया है। मां सिद्धीदात्री शक्तिपीठ मंदिर समूचे क्षेत्र में आस्था के साथ ही भव्यता एवं आकर्षण का केंद्र बन हुआ है।

**स्वप्न में देवी मां ने प्रकट की थी मंदिर निर्माण की इच्छा:** बताते हैं कि गीता फिलिंग स्टेशन अहलादगढ़ पेट्रोल पम्प के मालिक सुशील कुमार वैश्य ने आज से 20 वर्ष पूर्व जब पेट्रोल पम्प का निर्माण कराया तो उनके स्वप्न में एक दिन कन्या के रूप में देवी मां आई। उन्होंने पेट्रोल पम्प प्रांगण में मां सिद्धिदात्री शक्तिपीठ मन्दिर के निर्माण की इच्छा प्रकट की। स्वप्न की बात सुशील कुमार वैश्य ने अपने पुरोहितों से बताई से बताई तो उन्होंने देवी मां की इच्छा के मुताबिक पेट्रोल पम्प प्रांगण में मंदिर का निर्माण कराने की बात कही। जिसके बाद पेट्रोल पम्प के मालिक द्वारा माता रानी के एक भव्य मन्दिर का निर्माण कराया गया। मंदिर स्थापना दिवस पर शरद नवरात्रि में जागरण एवं जवाबी कीर्तन का भव्य आयोजन किया जाता है।

### श्रद्धालु बोले



संगीत मिश्रा।



विनय वर्मा।



दिनेश शुक्ला।



राजेश पाण्डेय।



रामकिशोर मौर्य।

विनय वर्मा जिला पंचायत सदस्य, शिवगढ़ तृतीय कहते है कि मां सिद्धिदात्री की सच्चे मन से पूजा अर्चना करने से भक्तों के हर बिगड़े काम बन जाते हैं। उनके दरबार से कोई निराश होकर नहीं लौटता है। दिनेश शुक्ला मैनेजर उत्कर्ष ऑटोमोबाइल एजेंसी भवानीगढ़ कहते है कि मां सिद्धिदात्री के प्रति भक्तों की अटूट आस्था है। नवरात्रि में माता रानी के दरबार में आस्था का सैलाब उमड़ता है। क्षेत्र ही नहीं दूरदराज से हजारों श्रद्धालु मातारानी के दर्शन के लिए आते हैं। राजेश पांडेय मैनेजर गीता फिलिंग स्टेशन बताते है कि दिन-ब-दिन मां सिद्धिदात्री के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था बढ़ती जा रही है। कसना पूर्व प्रधान रामकिशोर कहते है कि मां के दरबार में जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से आता है उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है। संगीत मिश्रा बताते है कि शक्ति स्वरूपा मां सिद्धिदात्री की महिमा ही है कि उनके स्मरण मात्र से आधे संकट दूर हो जाते हैं।


जवाहर विहार कॉलोनी में भरा पानी। अमृत विचार


सदर तहसील के सामने जलभराव के बीच आते-जाते लोग। अमृत विचार


जिला अस्पताल चौराहा के सामने भरा बरसात का पानी। अमृत विचार

# मूसलाधार बारिश से बिगड़े हालात, धंसी सड़कें, ढहे मकान

## शहरी क्षेत्र के प्रमुख चौराहों से लेकर कई बस्तियों में दो से तीन फीट तक हुआ जलभराव, घरों में कैद रहे लोग

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचारः** जिले में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश से हालत काफी बिगड़ गए हैं। शनिवार देर रात से शुरू हुई बरसात रविवार दोपहर तक होती रही। इस दौरान वज्रपात से एक किसान की मौत हो गई। वहीं शहर में कई जगह सड़कें धंस गई। वहीं, कच्चे मकान ढहने से काफी नुकसान हुआ है। हालांकि इसमें किसी तरह की जनहानि नहीं होने से पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है।

शहर के निचले इलाके सोनिया नगर, नयापुरवा, शक्ति नगर, सर्वोदय नगर समेत दर्जन से अधिक मुहल्लों की करीब 50 हजार आबादी पूरे दिन घरों में कैद रही। इसकी वजह इन मुहल्लों में दो से तीन फीट तक पानी भर जाना। सबसे खराब स्थिति शक्तिनगर मुहल्ले की रही। यहां पर हालात टापू जैसा हो गया। बगल में तालाब होने के कारण जहरीले जंतुओं के आने के खतरे से हर कोई भयभीत है। इतना ही नहीं अस्पताल चौराहा, सुपर मार्केट, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, कैपरगंज, सब्जी मंडी, कहारो का अड़डा आदि सार्वजनिक स्थानों पर जलभराव की स्थिति रही। प्रमुख चौराहे से लेकर कई बस्तियों में दो से तीन फीट तक जलभराव हो गया है। हालांकि नगर पालिका की टीम सुबह से जलभराव वाले स्थलों पर दौड़ती रही। जेट पंप तो कहीं मडपंप से पानी निकालने का प्रयास कर्मचारी करते रहे।

**अमृत योजना की खुली पोल, कई जगह सड़कें धंसीः** बारिश ने एक बार अमृत योजना की पोल खोल दी है। सीवर लाइन बिछाने के बाद बनाई गई सड़कें धंस गई। इतना ही नहीं तीन से चार फीट तक गहरा गड्ढा हो गया है। मनिका रोड, जेल रोड, घोसियाना रोड, राजकीय कालोनी समेत कई जगह सड़कें धंस गई। इससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। इतना ही नहीं सड़क धंसी होने के बाद कुछ लोगों ने वहीं पर भाजपा का झंडा लगा दिया, जो चर्चा का विषय बना रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिम्मेदारों की मिलीभगत के कारण निर्माण कार्यों में जमकर मनमानी हो रही है। इसकी जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

### खेत में चारा काट रहे किसान की वज्रपात से मौत

**ऊंचाहार, रायबरेली।** रोहनिया विकास खंड के गांव पूरे फकीर मजरे उसरैना निवासी रतिपाल पाल (55) अपने गांव के पास स्थित खेत में मवेशियों के लिए चा रा काटने गए थे। उस समय पास के खेतों में अन्य किसान भी काम कर रहे थे। वह दौड़कर उनके पास पहुंचे और उठाकर पास के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। किसान के मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर गांव पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


भारी बारिश के चलते लालगंज नगर की खराब हुई सड़क। अमृत विचार

### लालगंज नगर की सड़के तालाब में तब्दील

**लालगंज, अमृत विचार।** लगातार बारिश होने के चलते लालगंज की सड़के तालाब नुमा गड्ढो में तब्दील हो गई है। सड़के तो पहले से ही खराब थी, अब बरसात हो जाने से और अधिक खराब हो गई हैं। अब तो सड़कों से निकलना जान जोखिम में डालने के बराबर है।लालगंज नगर के अटल चौक गांधी चौराहा, बीरापासी तिराहा, करुणा बाजार चौराहा, सेमरपहा से लेकर बाईपास होते हुए गोविंदपुर वलौली तक सड़क पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने पीडब्ल्यूडी विभाग के प्रति आक्रोश जताते हुए कहा है कि आज तक इसके पहले लालगंज की सड़के कभी भी इतनी ज्यादा खराब नहीं हुई थी। यह पहली बार है कि पीडब्ल्यूडी विभाग ने लालगंज की ध्वस्त हो गई। जिलाध्यक्ष रोहित सोनी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी जी के सख्त आदेश है कि सड़के ठीक की जाए, लेकिन आलाधिकारी अपने मुख्यमंत्री का भी कहना नहीं मानते हैं।


सुपर मार्केट में भरा हुआ जलभराव। अमृत विचार


मनिका रोड पर सड़क पर हुए गड्ढे में लगे भाजपा के झंडे को दिखाते लोग। अमृत विचार

## एक नजर

### विद्युत कटौती से नागरिकों में आक्रोश, लिखा पत्र

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** जगतपुर से जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने सांयकालीन कटौती को लेकर अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर कटौती न किए जाने के संबंध में मांग की है। रविवार को जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने अधिशासी अभियंता को पत्र लिखते हुए बताया कि विद्युत उपकेंद्र जगतपुर ग्रामीण अंचलों को विद्युत आपूर्ति की जाती है। वर्तमान समय में शाम की कटौती से नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बाबत अधिशासी अभियंता धीरेंद्र सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों से इस संबंध में वार्ता की जाएगी।

### आरोग्य मेले में 58 मरीज का हुआ उपचार

**जगतपुर, रायबरेली,अमृत विचार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदी टीकर में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 58 मरीज का उपचार किया गया। रविवार को जगतपुर विकास क्षेत्र के हरदी टीकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डॉ. सुफैल अहमद ने की आरोग्य मेले में 58 मरीज ने पंजीकरण कराया। जिसमें 32 महिलाएं 21 बच्चे पांच पुरुषों ने अपना उपचार करवाया। यह जानकारी पीएचसी के डॉ. सुफैल अहमद ने दी।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन घायल

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां पर उपचार किया जा रहा है। रविवार को पूरे डम्मर निवासी विनय बहादुर सिंह बाइक से नवाबगंज जा रहे थे, तभी बच्ची को बचाने में बाइक का अनियंत्रित हो गई और सड़क पर गिर गए जिससे वह घायल हो गए। दूसरी घटना लवकुश व नीरज तिवारीपुर दोनों लोग बाइक से जगतपुर जा रहे थो अचानक छुट्टा मवेशी से टकरा गये और दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी के डॉ. मनीष मिश्रा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल अवस्था में आए थे, सभी का उपचार किया जा रहा है।

### ट्रैक्टर की बैटरी और साइकिल चोरी

**शिवगढ़, रायबरेली।** बीती रात थाना क्षेत्र की खुशियालगंज मजरे कोटवा में बेखौफ चोरों ने ट्रैक्टर की बैटरी व उसके पास खड़ी साइकिल पार कर दी। खुशियालगंज के रहने वाले सुरेश कुमार लोधी ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सुरेश कुमार लोधी ने बताया कि रोज की तरह उनका ट्रैक्टर व उसके पास में साइकिल खड़ी थी। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि जांच की जा रही है।



## पेड़ गिरा, आवागमन बाधित

**सतांव, रायबरेली।** रविवार की सुबह बांदा-बहराइच राजमार्ग पर स्थित बाबू भीषम सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ हॉयर एजूकेशन के समीप शीशम का एक विशाल वृक्ष राजमार्ग पर धराशायी हो गया। जिस वजह से करीब दो घण्टे आवागमन प्रभावित हुआ। रविवार को ही क्षेत्र के पोरई गांव में एक मकान से सटकर एक विशाल बरगद का वृक्ष धराशायी हो गया।यदि वृक्ष के गिरने की दिशा जरा सा भी बदल जाती तो एक बड़ी घटना घट जाती। इसके अलावां कोरिहर गांव में रविवार की सुबह करीब 10 बजे श्रीकांत गौतम के दरवाजे स्थित गूलर के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरने से जहां पेड़ बुरी तरह झुलस गया। गनीमत यह रही की किसी प्रकार की जनहानि होनें से ग्रामीण बच गए।

# आधा दर्जन कच्चे मकान ढहे, बाल-बाल बचे परिजन

## बारिश से बढ़ीं मुश्किलें, पीड़ित परिवारों की मदद के लिए नहीं पहुंचा कोई जिम्मेदार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचारः** बारिश से कच्चे घरों का ढहना शुरू हो गया है। रविवार को करीब आधा दर्जन घर ढह गए। हालांकि जनहानि नहीं हुई।

डलमऊ तहसील क्षेत्र के बडेरवा गांव में सुबह कच्चा घर बारिश के कारण टपक रहा था। रामप्यारी पत्नी देवता उसे ठीक करने पहुंची। इसी बीच वह चार-पांच धन्नी के साथ नीचे गिर गई। जिसके मलबे में दब गई। चीख पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। किसी तरह बाहर निकाला। बछरावां क्षेत्र के ग्राम मेहरबान खेड़ा मजरे शेखपुर समोधा के रहने वाले वीरेंद्र कुमार पुत्र दुर्गाप्रसाद का लगातार हो रही बारिश से शनिवार की उनका मकान ढह गया। गनीमत रही की इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। परिजनों ने किसी तरह से बाहर निकल कर अपनी जान बचाई। इसी तरह से दूसरी घटना गजियापुर मजरे शेखपुर समोधा की है, जहां जगदीश पुत्र चिरंजीवी अपनी पत्नी सोनी व तीन बच्चों के साथ मकान के पिछले हिस्से में थे। बारिश से रविवार की सुबह उनके मकान का आगे का हिस्सा भरभराकर ढह गया। हालांकि इस हादसे में भी कोई जनहानि नही हुई है। दोनों ग्राम सभा के प्रधानों ने बताया है कि पीड़ित व्यक्तियों के हुए नुकसान का जायजा लिया जा रहा है।

खीरों क्षेत्र के गांव नुनैरा निवासी अंजनी कुमार पुत्र स्व. रामराज के पुराने मकान की दीवारें बारिश के कारण गिर गईं। शनिवार की रात वह उसकी पत्नी नीलम, बेटा शिवांश, बेटी अनुवी, बुजुर्ग मां राजरानी, भाई धर्मराज और अलोक रोज की तरह शनिवार की रात खाना खाने के बाद सो गए थे। इसी दौरान देर रात अचानक मकान की दीवार ढह गई, जिससे गृहस्थी का सामान मलबे के नीचे दबकर नष्ट हो गया। गनीमत रही कि परिवार के लोग दूसरे कमरे में सोए हुए थे। ग्राम प्रधान शिवाकांत गुप्ता ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल को घटना से अवगत करा दिया गया है। क्षेत्रीय लेखपाल मनीष कुमार ने बताया कि उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजकर पीड़ित को शीघ्र ही सरकारी सहायता दिलाई जाएगी।


कच्ची कोठरी के मलबे में दबी वृद्धा को बाहर निकालते परिजन। अमृत विचार


बछरावां में बारिश से गिरी कच्ची कोठरी।


नुनैरा गांव में गिरी मकान की दीवार।

# एनटीपीसी आवासीय परिसर में हुई लाखों की चोरी

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचारः** रात दिन केंद्रीय सुरक्षा बल की कड़ी चौकसी में रहने वाली एनटीपीसी कालोनी में चोरों ने लगातार दूसरी रात बड़ी घटना को अंजाम देकर पूरी सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। दूसरी रात भी ताला तोड़कर चोरों ने एक आवास से लाखों रुपए कीमत का सामान और नगदी को पार कर दिया है। घटना के समय गृह स्वामी नाइट ड्यूटी पर था।

यह घटना एनटीपीसी के आवासीय परिसर स्थित आवास संख्या टाइप द्वतीय 462 में हुई है। इससे पहले शुक्रवार की रात आवास संख्या टाइप तृतीय 146 में ताला तोड़कर चोरों ने लाखों का माल पार किया था। इस घर से चोर पानी की टोटी तक खोल ले गए थे। उसके बाद शनिवार की एनटीपीसी के अस्पताल में स्टाफ नर्स के पद पर तैनात सतीश कुमार के घर को निशाना बनाया। सतीश रात में ड्यूटी पर थे। रविवार की सुबह सात बजे जब वह ड्यूटी समाप्त करके अपने आवास पहुंचे तो घर का ताला टूटा हुआ देखकर दंग रह गए। चोरों ने ताला तोड़कर उनके घर के सारे लाकर तोड़ डाले और घर से करीब 17 हजार रुपए नगद , सोने की दो अंगूठी और अन्य कीमती सामान उठा ले गए है। चोरी गए कुल समान की कीमत करीब तीन लाख रुपए बताई जाती है। लगातार दूसरी रात हुई चोरी की वारदात से एनटीपीसी आवासीय परिसर में सनसनी फैल गई है। चोरी की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है।


चोरी के बाद खुली पड़ी अलमारी।

### एक दिन पहले भी हुई थी वारदात

**अमृत विचार :** इससे पहले शुक्रवार की रात चोरों ने एनटीपीसी के आवास संख्या तृतीय 146 को निशाना बनाया था। इसमें रहने वाले नागेंद्र सिंह विभागीय काम से बाहर गए हुए हैं। चोरों ने इनके आवास का ताला तोड़ डाला और घर का सामान समान उठा ले गए। चोर घर में लगी पानी की टोटी तक खोल ले गए। शनिवार की सुबह जब खुली टोटी से पानी बहकर बाहर आया तब आसपास के लोगों को घटना की जानकारी हुई। नागेंद्र इस समय बाहर है, इसलिए उनके आवास से चोरी हुए सामान की जानकारी नहीं हो पाई है।

## पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

**सरेनी, अमृत विचार।** शनिवार को पुलिस ने एक वांछित को थाना क्षेत्र के भोजपुर तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त का लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास है। अभियुक्त के खिलाफ रायबरेली, उन्नाव ,कानपुर नगर व फतेहपुर जनपद में लगभग एक दर्जन मुकदमें दर्ज हैं। कोतवाल शिव शंकर सिंह ने बताया कि तारा उर्फ शकील पुत्र मोहम्मद जब्बार (42) निवासी ग्राम तारा बैंड आनंद महल मार्केट लाल बंगला थाना चकेरी जनपद कानपुर नगर अर्से से वांछित था। मुखबिर सूचना मिली कि आरोपी भोजपुर तिराहे में मौजूद है। चौकी प्रभारी भोजपुर सुनील कुमार वर्मा, आरक्षी नीरज कुमार व अवधेश कुमार ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## सात जुआरी गिरफ्तार


किरण हालत में प्रेस कांफ्रेंस करते एएसपी, पुलिस गिरफ्त में जुआरी। अमृत विचार

**रायबरेली, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश में चलाए जा रहे अभियान से पुलिसिंग व्यवस्था ढर्रे पर आ रही है। बीती शनिवार को ऊंचाहार पुलिस ने सात जुआरियों को पकड़कर जेल भेज दिया। रविवार को किरण हाल में अपर पुलिस अधीक्षक ने खुलासा करते हुए बताया कि बीती शनिवार को गंगा की कटरी में बाबा कोट मंदिर के पास मुखबिर की सूचना पर पहुंची ऊंचाहार पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेल रहे सात लोगों में से प्रतापगढ़ के अंकित साहू, रामबाबू, कमलेन्द्र, अरविंद कुमार, महेश उर्फ पिंटू और रायबरेली के शोएब, रामू वर्मा को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। पकड़े गए लोगों के पास से 55 हजार रुपये नगदी, तीन मोटर साइकिल और सात मोबाइल फोन बरामद हुए है।

# अब दिव्यांग विद्यार्थियों को पढ़ाई में होगी आसानी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचारः** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा समेकित शिक्षा इकाई द्वारा आयोजित किए जाने वाले शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद भर के दिव्यांग विद्यार्थियों के विशेष शिक्षकों को जिला स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में जिला प्रशिक्षक विशेष शिक्षक अभय प्रकाश श्रीवास्तव, विशेषज्ञ मानसिक मन्दता विशेष शिक्षक जितेंद्र कुमार, विशेषज्ञ श्रवण बाधिता एवं विशेष शिक्षक अजय कुमार विशेषज्ञ दृष्टिबाधित्ता ने उपस्थित विशेष शिक्षकों को विशेष शिक्षा की आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया। विशेष शिक्षक अभय प्रकाश श्रीवास्तव ने समस्या व्यवहार, व्यवहार परिमार्जन की विभिन्न मनोवैज्ञानिक तकनीकों पर विस्तृत चर्चा की। विशेष शिक्षक जितेंद्र कुमार ने साइन लैंग्वेज के विषय में अनुभव साझा किए। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित किए जाने वाले चार दिवसीय प्रशिक्षण में इन विशेष शिक्षकों को विशेष शिक्षा की आधुनिक तकनीकों सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण में राजेश शुक्ला, अभय श्रीवास्तव नरेश सक्सेना, प्रवीश भारती ने गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

# बारिश के कहर से गिरी धान की फसल, चिंता में किसान

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचारः** क्षेत्र में चार दिन से लगातार हो रही बारिश से धान की फसल को भारी नुकसान पहुंच रहा है। एडीओ एग्रीकल्चर दिलीप सोनी का कहना है कि इस समय अधिकांशतः धान की फसल मोटे गाले में है, कुछ जगह तो धान की फसल कटने लगी है। इसके साथ ही धान की बालियां निकल रही है। ऐसे में हो रही बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान उन खेतों में होगा जिन खेतों में धान की बालियां निकल रही है। बारिश से मेल-फीमेल बूर झड़ने से ठीक तरह से निषेचन क्रिया नहीं हो पायेगी। जिससे बालियों में धान खोखले रह जाएंगे, चावल के दाने कमजोर हो जाएंगे इस प्रकार से उत्पादन काफी कम हो जाएगा। इसके साथ ही खेतों में धान की फसल गिरने से गलन रोग लगने की संभावना बढ़ गयी है। यदि पानी में बालियां 2-3 दिन पड़ी रही तो उस पर धब्बे आ सकते हैं। इसलिए जितनी जल्दी हो सके जल निकासी कर दें, जिससे पौधे हवा में उठ सकें। दिलीप सोनी ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि पोषक तत्व प्रबंधन में इस समय धान की फसल में अधिसूचित मात्रा में ही उर्वरक का प्रयोग करें,लालच में आकर ज्यादा यूरिया का प्रयोग ना करें नहीं तो फसल ज्यादा लम्बी हो जाएगी जिससे फसल गिरने की संभावना बढ़ जाएगी। फसल गिरने पर किसान भाइयों का भारी नुकसान हो सकता है। फसल को गलन एवं गिरने से बचाने के लिए अतिरिक्त पानी निकालते रहे।


बारिश से खेत में गिरी धान की फसल। अमृत विचार

### बोले किसान

**अमृत विचार :** प्रगतिशील कृषक एवं पूर्व गूढा प्रधान रामहेत रावत का कहना है कि लगातार हो रही बारिश से निगर रही धान के फूल झड़ गए है। इससे उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। लक्ष्मनपुर के रहने वाले ओम प्रकाश का कहना है कि बारिश-हवा से धान की फसल गिरने से किसानों का भारी नुकसान हुआ है। जगदीशपुर के रहने वाले प्रगतिशील कृषक अंजनी अग्निहोत्री का कहना कि किसानों के खेतों में अगेती धान की फसल पककर तैयार है बारिश के चलते श्रमिक फसल काटने को तैयार नही है। पूर्व दहिगवां प्रधान प्रतिनिधि पवन शुक्ला व बैंती के रहने वाले गौरव मिश्रा का कहना है कि लगातार हो रही बारिश से धान की फसल के साथ ही सब्जियों की फसल को भी नुकसान पहुंचा है, बारिश से खेतों में पानी भर गया है तेज हवा चलते ही धान की फसल गिरकर चौपट हो जाएगी।


दिलीप सोनी।


रामहेत रावत।


ओम प्रकाश।


अंजनी अग्निहोत्री।


गौरव मिश्रा।


पवन शुक्ला।

# पहले राम मंदिर में दीप प्रज्ज्वलन फिर राम की पैड़ी पर जलेंगे दीपक

## दीपोत्सव ठीक एक माह बाद, राम मंदिर परिसर में एक लाख दीप जलाने की है योजना

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** रामनगरी में ठीक एक माह के बाद दीपोत्सव का आयोजन होगा। इस बार दीपोत्सव के दौरान सबसे पहले राम मंदिर में एक लाख दीप जलाए जाने की योजना है। उसके बाद राम की पैड़ी पर 25 लाख दीपों को जलाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जायेगा। इसमें देश-विदेश से आये अतिथि शामिल होंगे। वहीं इस पूरे भव्य आयोजन को देखने के लिए दस हजार से अधिक अयोध्यावासी भी शामिल होंगे।

दीपोत्सव को लेकर अलग-अलग विभागों ने जिम्मेदारी के साथ तैयारी शुरू कर दी है। प्रमुख आयोजन 30 अक्टूबर को होगा। इस दिन सुबह साकेत महाविद्यालय से रामायण के प्रसंग पर झांकियां निकाली जाएंगी। राम कथा पार्क हेलीपैड पर श्रीराम पुष्पक विमान रूपी हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अतिथि उनका स्वागत करेंगे। राम कथा पार्क में रामराज्य का भव्य आयोजन होगा। बताया जा रहा है कि इस बार यह आयोजन बेहद खास होने जा रहा है क्योंकि राम मंदिर में रामलला गर्भगृह विराजमान हो चुके हैं।


प्रतीकात्मक चित्र

### बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना : मंडलायुक्त

मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि इस बार दीपोत्सव और भी भव्यता के साथ मनाने की तैयारी है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के भी आने की संभावना है, जिसको देखते हुए तैयारी की जा रही है। दीपोत्सव के लिए सभी विभागों को निर्देशित किया जा चुका है। मुख्य रूप से पर्यटन विभाग, अवध विश्वविद्यालय और संस्कृति विभाग के द्वारा इस पूरे आयोजन को संपन्न किया जाना है। सभी अपनी जिम्मेदारियां को निभाने के लिए बेहतर कार्य कर रहे हैं।

## सांसद अवधेश प्रसाद बने रेलवे संसदीय समिति के सदस्य

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : सांसद अवधेश प्रसाद को रेल मंत्रालय की स्थाई संसदीय समिति का सदस्य मनोनीत किए जाने पर सपाइयों ने खुशी व्यक्त की है। बीकापुर विधानसभा से सपा के प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज़ खान गब्बर ने कहा कि अवधेश प्रसाद बहुत ही अनुभवी नेता है। निश्चित ही वह रेलवे को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव रखेंगे। सपा ज़िला उपाध्यक्ष एजाज़ अहमद ने कहा कि आए दिन हो रही रेल दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक सुधार की आवश्यकता है। प्रदेश सचिव कृष्ण कुमार पटेल, युवजन सभा ज़िलाध्यक्ष जय सिंह राणा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ज़िलाध्यक्ष राशिद जमील, बीकापुर विधानसभा अध्यक्ष अजय कुमार वर्मा, सोहावल ब्लॉक अध्यक्ष राजेश यादव आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## उपचुनाव बाद मिल्कीपुर की बदलेगी तस्वीरः शर्मा

संवाददाता, मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश के खाद एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत कुमारगंज स्थित एक कॉलेज में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने मिल्कीपुर के लिए विकास का पिटारा खोल दिया है। समाजवादी पार्टी पर मिल्कीपुर के विकास को रोकने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा सरकार ने देश और प्रदेश में विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर के उपचुनाव में भाजपा की जीत से विकास कार्यों में और तेजी आएगी और मिल्कीपुर की तस्वीर और तकदीर बदल जाएगी। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि मोदी सरकार गांधी के सपनों को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गांव के विकास को सर्वोपरि माना है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के लोग अयोध्या के ऊपर कलंक हैं, क्योंकि यहां के सांसद के आदमी अनैतिक कार्यों को करते और करवाते हैं। संयोजक चंद्रबली सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

संचालन राधेश्याम त्यागी ने किया। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, हरीश श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, चंद्रभान पासवान, विनय रावत आदि मौजूद रहे।

## महायोजना में भू-उपयोग रजिस्ट्री में न लिखने पर राज्य सरकार से मांगा जवाब

**प्रयागराज। अमृत विचार** : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महायोजना के अनुसार सार्वजनिक उपयोगिता के लिए रजिस्ट्री में प्रस्तावित भूमि का भू-उपयोग न लिखे जाने के मामले में दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार व प्रयागराज विकास प्राधिकरण से जवाब मांगा है। उक्त आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता इम्तियाज हुसैन की जनहित याचिका पर विचार करते हुए पारित किया। याचिका में बताया गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महायोजना के अनुसार पार्क, खुले क्षेत्र, हरित पट्टिका व क्रीड़ा स्थल के लिए प्रस्तावित भू-उपयोग का रजिस्ट्री में उल्लेख किए जाने संबंधी शासनादेश जारी किये गये थे, जिससे जमीन के क्रेता को प्रस्तावित भू-उपयोग की जानकारी हो सके और अवैध निर्माण की दशा में ध्वस्तीकरण सहित समस्त विधिक प्रक्रिया की जिम्मेदारी क्रेता की हो, लेकिन राजस्व विभाग के सजरा मानचित्र पर महायोजना के प्रस्तावित भू-उपयोग को सुपर इंपोज ही नहीं किया गया है।

## भाजपा में चाय बेचने वाला भी बन सकता है प्रधानमंत्री : विजय लक्ष्मी

संवाददाता, मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार** : भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें चाय बेचने वाला भी देश का प्रधानमंत्री बन सकता है, जबकि अन्य पार्टियों में परिवारवाद चलता है। यह बात हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत पाराताजपुर में रविवार को आयोजित ग्राम चौपाल में ग्राम विकास एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कही।

**▸▸ राज्य मंत्री ने दलित के घर पर किया भोजन**

चौपाल कार्यक्रम के बाद राज्य मंत्री ने दलित ग्राम प्रधान राम मूरत के घर पहुंच कर खाना खाया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। हैरिंग्टनगंज ब्लॉक मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत पाराताजपुर में आयोजित चौपाल में राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए समूह के माध्यम से काम कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में अपराधी जेल में हैं या प्रदेश से बाहर हैं। चौपाल में बीडीओ हैरिंग्टनगंज अखिलेश मिश्र, एडीओ पंचायत अरविन्द कुमार, आईएसबी अविनाश चतुर्वेदी, एडीओ समाज कल्याण ऊषारानी शर्मा सहित भाजपा नेता सरयू दूबे, ग्राम प्रधान अभिषेक भद्र सिंह, किशोरीलाल, विनय रावत, सियाराम रावत, गोपाल सिंह, पंकज सिंह, संजय सिंह, बृजेश मिश्र उपस्थित रहे।

## शिक्षक की पत्नी बेटी के साथ ट्रेन के आगे कूदी

अयोध्या कार्यालय

**▸▸ इंजन के धक्के से बगल में गिरी बच्ची, मां की मौत**

**▸▸ पिता और भाई को पहले फोन पर दी थी जानकारी**

**अमृत विचार** : नगर कोतवाली के जप्ती वजीरगंज स्थित सरस्वतीपुरम कॉलोनी में ब्याही एक विवाहिता ने आचार्य नरेन्द्रदेव रेलवे स्टेशन के पास कोटा-पटना एक्सप्रेस ट्रेन के आगे बच्ची समेत कूदकर जान दे दी। हालांकि इंजन की टक्कर से बच्ची उछलकर रेलपथ किनारे गिरी और गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उसकी जान बच गई। क्षेत्राधिकार को लेकर विवाद के बाद राजकीय रेलवे पुलिस ने विवाहिता के शव का वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम कराया है।


हादसे में घायल बच्ची।

महराजगंज थाना क्षेत्र के गांव बीठलपुर निवासी अनामिका तिवारी का विवाह लगभग चार वर्ष पूर्व नगर कोतवाली के जप्ती वजीरगंज स्थित सरस्वतीपुरम कॉलोनी निवासी अभिषेक तिवारी से हुआ था। वर्तमान में अभिषेक बिहार प्रान्त में सरकारी प्राथमिक शिक्षक है और दंपत्ति के एक तीन साल की पुत्री है। अनामिका के सास-ससुर दोनों सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हैं और वह अपने सास-ससुर के साथ रहती थी। शनिवार को ही वह अपने मायके से बच्ची के साथ ससुराल आई थी। विवाहिता के भाई अमरेंद्र प्रताप का कहना है कि रात साढ़े नौ बजे उसने पिता और उनको फोन किया था तथा ससुरालीजों की प्रताड़ना से तंग होकर ट्रेन से कटकर जान देने के लिए घर से निकलने की बात कही थी। इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। भागकर पिता यहां पहुंचे तो वह रेलवे ट्रैक पर रक्तरंजित मिली। तीन साल की बच्ची अक्षिता ट्रैक किनारे घायल अवस्था में पड़ी थी। राजकीय रेलवे पुलिस अयोध्या कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक समर सिंह ने बताया कि रेलवे की ओर से आचार्य नरेन्द्र देव सिटी स्टेशन बंद कर दिया गया है, जिसके चलते कार्यवाही सिविल पुलिस को करनी थी, लेकिन उनके इंकार के बाद जीआरपी ने पीएम कराया है। शव को परिवार के हवाले किया गया है।

### पांच मिनट विलंब से पहुंचे और हो गई घटना

मृतका अनामिका के पिता संजय तिवारी का कहना है कि वह रीडगंज ओवरब्रिज पर पहुंचे तो ट्रेन आने की आवाज सुनाई दी। जब तक नीचे स्टेशन पर पहुंचते तब तक पत्नी 30 वर्षीय बिटिया ट्रेन की चपेट में आकर कट चुकी थी। आंखों के सामने पुत्री की रक्तरंजित लाश और बगल में ही नातिन घायल पड़ी पड़ी थी। मामले की सूचना पुलिस को देकर नातिन अक्षिता (3) को रात 11.40 बजे जिला अस्पताल पहुंचाया। अक्षिता की हालत गंभीर होने के चलते डॉक्टर ने उसको लखनऊ मेडिकल कालेज रेफर किया है।

## ग्राम पंचायतों के बनाएं सोशल मीडिया एकाउंट

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचारः** मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने जनपद के समस्त विकास खंडों में कार्यरत अथवा तैनात पंचायत सचिव व पंचायत सहायकों को मिशन कर्मयोगी के तहत डिजिटलाइज कराने जाने के लिए विकास भवन सभागार में कार्यशाला आयोजित हुई। शनिवार को तहसील मुसाफिरखाना के विकास खंड जगदीशपुर, मुसाफिरखाना तथा शुकुल बाजार के कुल 225 पंचायत सहायक एवं पंचायत सचिवों ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया।

सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी अमेठी ने पंचायत सचिवों एवं पंचायत सहायक के कार्यों को डिजिटलाइज करने के लिए विचार विमर्श प्रस्तुत किए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त ग्राम पंचायतों के सोशल मीडिया अकाउंट बनाने के निर्देश दिए गए। ऑनलाइन दस्तावेजों के आदान-प्रदान के लिए ई-मेल अकाउंट बनाने के भी निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने काम को कम समय में करने के लिए क्लाउड स्पेस जैसी ड्राइव, शीट, स्लाइड, डॉक्यूमेंट इत्यादि क्लाउड सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। डिजिटलाइज से ग्रामीणों को कम समय में योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जानकारी दी जा सके। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने मौके पर उपस्थित समस्त कर्मियों को अवगत कराते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी को निर्देशित किया गया कि एक-एक करके समस्त पंचायत सचिवों से रविवार के कार्यशाला में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान यदि उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना करना पड़ रहा हो तो उसके बारे में उन्हें पुनः जानकारी प्रदान करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, प्रदेश अध्यक्ष ग्राम विकास अधिकारी संघ सुभाष चंद्र पांडेय, जिला मिशन प्रबंधक सूर्य प्रताप सिंह तथा आकाशदीप उपस्थित रहे। इस कार्यशाला के माध्यम से मुख्य उद्देश्य पंचायत सचिवों और सहायकों को डिजिटल उपकरणों और तकनीकी ज्ञान से सुसज्जित करना है, ताकि वे आधुनिक तरीके से कर सकें।


कार्यशाला संबोधित करते मुख्य विकास अधिकारी। अमृत विचार

**▸▸ डिजिटलाइज करने के लिए सीडीओ की कार्यशाला आयोजित**

## दुर्गा पूजा को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

संवाददाता, संग्रामपुर, अमेठी

**अमृत विचारः** रविवार को थाना संग्रामपुर प्रभारी ईश नारायण मिश्रा की अध्यक्षता में नव दुर्गा पूजा को लेकर पीस कमेटी की बैठक की गई। थाना प्रभारी ईश नारायण मिश्र ने बैठक के माध्यम से लोगों को बताया की दुर्गा पूजा के दौरान लाउडस्पीकर की आवाज कम रखे। यह नवरात्रि माता का दिन होता है और इसे भक्ति भाव से मनाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा मूर्ति को लेकर कोई विवाद नहीं होना चाहिए क्योंकि दुर्गा मां सब की मां है। हमें दशहरा दुर्गा पूजा नवरात्र आदि दोनों में भक्ति भाव की भावना से मानना है। इस बैठक में जरौटा की मूर्ति को लेकर पिछले वर्ष विवाद हुआ था इस पर चर्चा की गई है। चर्चा के दौरान ग्राम सभा प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि इस बार विवादित स्थान पर मूर्ति नहीं लगाई जाएगी। थाना प्रभारी ईश नारायण मिश्र ने कहा कि जहां भी ऐसी स्थिति बनती है तो थाना संग्रामपुर में फोन करके जानकारी दे। इस बैठक में करौंदी, पतापुर, बदलापुर, बड़गांव, सहजीपुर, संग्रामपुर, विशेषरगंज, पुन्नपुर, डेहरा सहित लगभग 50 लोग मौजूद रहे। इस बैठक में कालिकन धाम के पीठाधीश्वर श्री महाराज भी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### जलजीवन मिशन योजना से नहीं मिल रहा पानी : अशोक


अशोक सिंह हिटलर।

**संवाददाता, भादर, अमेठी, अमृत विचार** : यूपी कॉलेज छात्र संघ पूर्व महामंत्री अशोक सिंह हिटलर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना से ग्रामीणों को नल से पानी नही मिल रहा है। लेकिन गांव-गांव, ग्राम पंचायतों में लगे खड़ंजा और इन्टरलाकिंग सड़क को उखाड़ कर ठेकेदार की मशीन खराब कर दे रही। वहीं, बारिश ने ग्रामीण का जीवन कीचड़ में बदल दिए है। ठेकेदार खड़ंजा और इन्टरलाकिंग सड़क मरम्मत से भाग रहे है। सिंह ने जिलाधिकारी अमेठी निशा अनन्त से समस्या दूर करने की मांग की है। जल जीवन से गांव में लगने वाली पानी की टंकी का पाइप लाइन का कार्य किया जा रहा है, जिससे मशीन द्वारा पाइप जमीन के नीचे से डाला जा रहा है। जिससे इंटरलॉकिंग व खड़ंजा खराब हो जाता है। इस प्रकार पूरे ग्राम सभा की इंटरलॉकिंग और नाली खराब हो गई है, जिसको मरम्मत का कार्य भी ठेकेदार को दिया गया है। जिसको ठेकेदार द्वारा वैसे ही बगल की मिट्टी डालकर बना दिया जाता है। 2 दिन बाद वहां फिर गड्ढा हो जाता है और अधिकारी इसको सुनता भी नहीं हैं।

### अमेठी कैटरर्स सम्मेलन का राजेश अग्रहरि ने किया उदघाटन



**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार** : अमेठी कैटरर्स एसोसिएशन के प्रथम सम्मेलन का रविवार को विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार अग्रहरि ने दीप प्रज्जवलन कर उदघाटन किया। शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में अमेठी कैटर्स एवं सत्तू पनीर वाले की ओर से आयोजित इस सम्मेलन में जिले भर के कैटरिंग के क्षेत्र से जुड़े सैकड़ों कैटर्स बंधु शामिल हुए। सम्मेलन की अध्यक्षता सुल्तानपुर कैटरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राम सहाय मिश्रा ने किया। विशिष्ट अतिथि राजेश मसाला ने कहा कि सभी कैटर्स बंधु को इस सफल आयोजन की बधाई। आप सभी के ही सहयोग से लोगों के यहां उत्सव एवं मांगलिक कार्यक्रम संपन्न हो पाता है। ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े कैटर्स बन्धुओं के हित के लिए अमेठी कैटर्स एसोसिएशन निरंतर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर चंडीगढ़ के पुष्पाजलि इंडस्ट्रीज से आये वक्ता अलोक पांडेय ने कैटर्स बन्धुओं को सोयाबीन से जुड़े उत्पादों की उपलब्धता और उसके लाभ के बारे में विस्तृत बताया। इस अवसर पर अमेठी कैटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि जायसवाल, सत्यनारायण कसौधन"सत्तू",हिमांशु अग्रहरी, धर्मेंद्र अग्रहरि, संतोष गुप्ता आदि सदस्य एवं सैकड़ों कैटर्स बंधु उपस्थित रहे।

### मंदिरों को अपवित्र करने के विरोध में जन जागरण यात्रा

**संवाददाता, जगदीशपुर। अमृत विचार** : क्षेत्र के हिन्दू संगठनों ने मन्दिरों को अपवित्र, सरकारी नियंत्रण, हिन्दू तीर्थ संरक्षण बोर्ड आदि जैसी बातों को लेकर एक जन जागरण यात्रा औद्योगिक क्षेत्र से निकालकर रामजानकी मंदिर मुसाफिरखाना में हनुमान चालीसा के साथ समाप्त हुई। विकास खण्ड के हिन्दू संगठनों ने हिन्दुओं को जगाने के लिए करने के लिए तिरुपति बाला जी मंदिर में प्रसाद में अशुद्धता को लेकर प्रायश्चित यज्ञ के साथ साथ बोलते हुए प्रसाद में गाय की चर्बी का प्रसाद खिलाया गया। जो घोर निदनीय है। इसको लेकर जन जागरण निकालकर लोगों को जागरूक किया। कहा कि यदि समय रहते हिन्दू संगठन न चेते तो वह दिन दूर नही कि हमारे देश के मन्दिरों पर शुद्ध प्रसाद मिलना भी दूभर हो जाएगा। कार्यक्रम का समापन मुसाफिरखाना के राम जानकी मंदिर पर हनुमान चालीसा पाठ के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान पवन कुमार तिवारी, एसबी सिंह, गोरख शुक्ला, रवीश उपाध्याय, अशोक शुक्ला, पीयूष शुक्ला, बब्बन द्विवेदी, आलोक सिंह, राघवेंद्र तिवारी ,संजय सिंह,दुर्गा सोनी, विनोद गुप्ता, मान सिंह राठौर आदि सहित दर्जनो लोग मौजूद रहे।

### ग्रामीण महिलाओं ने सुनीं प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात



**संवाददाता, फुरसतगंज, अमेठी, अमृत विचार** : रविवार को अमेठी के विकासखण्ड बहादुर पुर की ग्राम पंचायत तरौना के बूथ संख्या 343 पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात में प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी, उद्बोधन को जिला सोशल मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा रेनू ने सुना। इस अवसर पर रेनू वर्मा ने सदस्यता अभियान के तहत महिलाओं को भाजपा की सदस्यता भी दिलाई। सभी महिलाओं को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। रेनू वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का प्रेरक उद्बोधन विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त करता है, आत्मनिर्भरता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर मालती यादव, सुषमा मौर्या, दीपक, पूर्णिमा और गांव की अन्य दर्जनों महिलाएं भी मौजूद रहीं।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मेले का किया निरीक्षण

संवाददाता, गौरीगंज, अमेठी

**अमृत विचारः** जनपद के गौरीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत आने वाले सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में आए हुए मरीजों को डॉ. पीताम्बर व अन्य डॉ. की टीम ने निःशुल्क जांच कर उन्हें दवाएं दी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया की सरकार के निर्देश के क्रम में गौरीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ मेले का आयोजन किया गया है। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जेठू मवई का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान मेले में महिला, पुरूष, बच्चों समेत 32 मरीज देखे गए, जिनमें 8 मरीजों की जांच की गई। आये हुए बच्चों को मेले में स्वास्थ्य लाभ दिया गया है। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जेठू मवई का औचक निरीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए आए मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ देकर मेले को संपन्न कराया गया।

## लगातार बारिश से फसलें बर्बाद, कई घर गिरे

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार** : भारी बारिश की वजह से अब किसानों की फसल गिरने से किसानों को बड़ा नुकसान हो रहा। जहां एक ओर किसान बारिश से खुश थें वहीं अब लगातार बारिश से किसानों की धान की फसल गिर गई है। तो कई लोगों के घर भी ढह गये।

वहीं समाज सेवी संजीव सिंह (रामू) निवासी कसारा का कहना की फसल गिर जाने से पैदावार कम हो जाती है। लगातार बारिश होने कई लोगों के घर गिर जाने से उनको समस्या का सामना करना पड़ रहा है। किसान शोले सिंह प्रधान प्रतिनिधि पतापुर ने कहा कि अगर ऐसे ही बारिश होती रही तो फसल पूरी तरह से चौपट हो जायेगी। इससे बहुत नुकसान होगा। बारिश से कच्चे मकान ढह जा रहे हैं। वहीं समाज सेवी बृजेश मिश्रा निवासी उमापुर ने बताया की जमीन की मिट्टी पूरी तरह से गीली हो गई है, जिससे घरों की नींव बैठ जा रही है और लगातार कच्चे मकान गिर रहे हैं। जिनका मकान ज्यादा नीचे बना है, उसमें पानी भर गया है।


बारिश से भरभरा कर गिरी झोपड़ी। अमृत विचार


बारिश से गिरी फसल। अमृत विचार

### फसलों को नुकसान, चिंता में डूबे किसान

**सिंहपुर, अमेठी, अमृत विचार** : पिछले कई दिनों से रुक रुक कर हो रही बारिश फसलों के लिए नुकसान पहुंचा रही है इससे अधिक नुकसान सब्जियों की फसलों को हुआ है कई जगह खेत में फसल अब पानी मे डूब गई है इस समस्या ने किसानों की समस्या बढ़ा दी है बारिश ने इस सितंबर को भी खाली नहीं जाने दिया पिछले कई दिनों से बारिश का सिलसिला गुरुवार से जारी रहा सुबह से बादलों की आँख मिचौली चल रही थी दोपहर मे हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई शाम को भी मौसम के मिजाज बदलने के फसलों के नक्शा बदल गई लगातार बारिश से खेतो मे पानी जमा हो गया है अधिक नमी के चलते अंकुरित फसले पीली पड़ने लगी है किसानो के अनुसार 8 से 10 दिन बारिश नहीं होने पर उनके खेतों के खड़ी फसले बच पायेंगी

**तैयारी** | 981 गांवों को ओडीएफ प्लस बनाने का लिया है लक्ष्य

## 13 करोड़ से 471 गांव बनेंगे ओडीएफ प्लस

ब्यूरो, अमेठी

**अमृत विचारः** खुले में शौचमुक्त गांवों को ओडीएफ कहा गया तो अब गांव में कचरा प्रबंधन करने वाले गांवों को ओडीएफ प्लस नाम दिया जा रहा है। जिले की कुल 682 ग्राम पंचायतों के 981 गांवों को ओडीएफ प्लस बनाने का लक्ष्य लिया गया है, जिसमें आखिर में बचे कुल 471 राजस्व गांवों को ओडीएफ प्लस बनाने के लिए 13 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है।

पंचायतीराज विभाग की ओर से गांव में कचरा प्रबंधन के लिए धनराशि जारी की गई है। जिसमें पांच हजार से कम आबादी वाले गांवों को 340 रुपये प्रति व्यक्ति तो पांच हजार से अधिक आबादी वाले गांवों को 705 रुपये प्रति व्यक्ति के अनुसार भुगतान किया गया है, जिससे गांव में कचरे के पूर्ण प्रबंधन का कार्य किया जा सके। वर्ष, 2024-25 में 13 करोड़ की धनराशि जारी हुई है। जिसमें सभी ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिवों व पंचायत सहायकों को इस कार्य के लिए प्रशिक्षित भी किया जा चुका है। जिससे कचरा प्रबंधन का कार्य बेहतर तरीके से पूरा किया जा सके।

डीपीआरओ मनोज कुमार त्यागी ने बताया कि ग्राम पंचायतों को धनराशि जारी कर कार्य शुरू करने के लिए कहा गया है। जिससे वित्तीय वर्ष पूरा होने के साथ ही सभी गांवों को ओडीएफ प्लस घोषित किया जा सके।

### गांवों में किए जाएंगे ये कार्य

गांवों को ओडीएफ प्लस बनाने के लिए कई तरह का निर्माण कार्य किया जाएगा। गांव में आरआरसी यानी रिसोर्स रिकवरी सेंटर का निर्माण होगा, जहां रोज ई रिक्शा के माध्यम से घरों का कचरा एकत्र किया जाएगा। तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए गांव में सोख्ता गड्ढा निर्माण कार्य, सिल्ट कैचर आदि की व्यवस्था होगी। गांव के तालाबों को साफ रखने के लिए फिल्टर चैंबर, वेस्ट स्टेबलाइजेसन पॉंड, बर्मी कंपोस्ट, नाडेप खाद गड्ढा आदि का निर्माण कार्य कराया जाना है।

### विकासखंडवार गांवों की संख्या

| | | | |
|---|---|---|---|
| अमेठी | 46 | मुसाफिरखाना | 44 |
| बहादुरपुर | 7 | संग्रामपुर | 33 |
| भादर | 46 | शाहगढ़ | 46 |
| भेटुआ | 48 | शुकुल बाजार | 31 |
| गौरीगंज | 55 | सिंहपुर | 19 |
| जगदीशपुर | 27 | तिलोई | 27 |
| जामो | 42 | कुल | 471 |

## विश्व हृदय दिवसः तनाव हृदय का सबसे बड़ा दुश्मन

संवाददाता, संग्रामपुर, अमेठी

**अमृत विचारः** जिले के स्वास्थ्य केन्द्र संग्रामपुर में तैनात डॉक्टरों ने मरीजों को हृदय रोग संबंधी सलाह देकर विश्व हृदय दिवस मनाया। प्रत्येक वर्ष 29 सितंबर वर्ल्ड हार्ट डे मनाया जाता है। डॉ. संतोष सिंह ने बताया की इसकी कोई उम्र नहीं होती है इसलिए इस बीमारी के प्रति हमे जागरूक और सचेत रहना चाहिए। क्योंकि तनाव ही हृदय रोग की जननी है।

हृदय रोग विशेषज्ञों के अनुसार दिल की बीमारी किसी भी उम्र में हो सकती है। महिलाओं में हृदय रोग की संभावना अधिक रहती है। आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में एक दिल ही है जिसपर सबसे बड़ा बोझ पड़ता है। तनाव, थकान प्रदूषण आदि कई वजहों से रक्त का आदान-प्रदान करने वाले अंगों को भारी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। इसीलिए विश्व हृदय रोग दिवस पर लोगों को जागरूक करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंण्डेरिया, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले के तहत मरीजों को हृदय रोग के बारे में डॉक्टरों द्वारा सलाह देकर विश्व हृदय रोग दिवस मनाया गया।

## एक नजर

### स्कूल से गायब 57 शिक्षकों से मांगा स्पष्टीकरण

**प्रतापगढ़** : महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देश पर बीएसए भूपेन्द्र सिंह ने एक से 27 सितम्बर तक परिषदीय विद्यालयों का बीईओ और जिला समन्वयकों से निरीक्षण कराया। चेकिंग के दौरान अलग – अलग विद्यालयों के 57 शिक्षक अनुपस्थित मिले। बीएसए ने इन शिक्षकों का एक दिन का वेतन रोककर स्पष्टीकरण मांगा है। चेतावनी दी है कि स्पष्टीकरण संतोषजनक ना मिला तो सभी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### बारिश से ढह गया तीन परिवारों का आशियाना

**रानीगंज/पट्टी प्रतापगढ़** : जरियारी, रानीगंज निवासी सूर्य प्रकाश मिश्र का कच्चा मकान शनिवार को तेज बारिश में भरभराकर गिर गया। मकान में मलबे में दबने से पूरी गृहस्थी का सामान नष्ट हो गया। संयोगवश उस वक्त परिवार का कोई सदस्य मकान में नहीं था। इसी तरह गांव के चौधरी सिंह पुत्र लहुरी सिंह का कच्चा मकान भी बारिश के बीच शनिवार को ढह गया। जिससे गृहस्थी का सामान नष्ट हो गया। पट्टी प्रतिनिधि के अनुसार बारिश के कारण आसपुर देवसरा के मझिगवां गांव में सुरेंद्र मणि त्रिपाठी पुत्र अंबिकेश मणि त्रिपाठी का मकान भरभराकर ध्वस्त हो गया। गृहस्थी का सारा सामान चौपट हो गया। संयोग रहा कि कोई अनहोनी नहीं हुई। तहसील प्रशासन को घटना की जानकारी दे दी गई है।

### नाले में डूबे ट्रक चालक का शव बरामद,कोहराम

**रानीगंज, प्रतापगढ़** : रानीगंज थाना क्षेत्र के मैनहा (जरियारी) गांव निवासी 28 वर्षीय अरबाज अली पुत्र अंसार अली मुंबई में ट्रक चलाता था। शनिवार सुबह गांव के पास दोस्तों के साथ इमलीडांड के सेंधौआ नाले में जाल डालकर मछली पकड़ने गया था। नाले में पानी का तेज बहाव होने के कारण मछली नहीं पकड़ सके और सभी साथी नाले के किनारे बैठ गए। इस दौरान अरबाज अली नाले के चेक डैम में नहाने के लिए कूद गया। नहाते समय नाले में तेज बहाव में वह बह गया। शनिवार को काफी खोजबीन के बाद भी अरबाज का पता नहीं चल सका। दूसरे दिन एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू किया। कड़ी मशक्कत के बाद करीब एक किलोमीटर दूर नाले में शव बरामद हुआ। युवक का शव मिलते ही परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### 285 दिव्यांग बच्चे उपकरण के लिये किए गए चिन्हित

**जौनपुर।** बीआरसी रामनगर में समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल के निर्देश में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शशिधर उपाध्याय की देख–रेख में उपकरण मापन शिविर का आयोजन हुआ जहां एलिमको विभाग की टीम से डॉ रामानन्द, डॉ अमर बहादुर, ऑडियोलाजिस्ट राजू रहे। 335 दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग किया जिनमें से कुल 285 बच्चों को उपकरण के लिये चिन्हित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शाहगंज में 175, आदर्श कम्पोजिट केराकत में 176 तथा बीआरसी रामनगर में 285 बच्चों को उपकरण के लिये चिन्हित किया गया। इनमें से 604 बच्चों को समग्र शिक्षा एवं 22 बच्चों को पीएम श्री विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को उपकरण दिया जायेगा। जिला समन्वयक शशिधर उपाध्याय एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी सुभाष गुप्ता ने शिविर में उपस्थित होकर शिविर को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया तथा मौके पर चिन्हित बच्चों को उपकरण प्राप्ति की रसीद अपने हाथों से दिया गया।

# आधी रात गांव में चोरों का धावा, फायरिंग में 3 घायल

## गंभीर हालत में घायलों का प्रयागराज में चल रहा इलाज

**लालगंज, प्रतापगढ़**

**अमृत विचार** : चोरी करने की इरादे से आधी रात गांव में घुसे चोरों को ग्रामीणों ने घेर लिया। खुद को घिरता देख चोर ग्रामीणों पर तमंचे से फायरिंग करते हुए भाग निकले। चोरों के हमले में गोली लगने से दो ग्रामीण घायल हो गए। एक ग्रामीण को नजदीक आता देख चोरों ने तमंचे के बट से मार कर लहूलुहान कर दिया। घायलों को गंभीर हालत में प्रयागराज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने ग्रामीणों के बयान के आधार पर एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

लालगंज कोतवाली के पंडित का पुरवा खैरा पूरे छेमी में शनिवार की रात लगभग 11 बजे गांव में चार चोर घुस आए। चोरों के गांव में घुसने की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने एक दूसरे को बताकर सभी को घेर लिया। ग्रामीणों से खुद को घिरता देख चोरों ने ग्रामीणों पर तमंचे से गोली चला दी। गोली लगने से गांव के 38 वर्षीय उमेश पटेल,60 वर्षीय रामदीन प्रजापति



घटना के सम्बन्ध में ग्रामीण से जानकारी लेते एएसपी संजय राय व सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर। अमृत विचार

**▸▸ एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है पुलिस**

घायल हो गए। चोरों ने 42 वर्षीय सुरेश पटेल को नजदीक आता देख तमंचे की बट से मारकर घायल कर दिया। इसके बाद फायरिंग करते हुए सभी चोर ग्रामीणों की घेराबंदी तोड़कर फरार हो गए। सूचना पर रात में ही पुलिस पहुंची और ग्रामीणों की निशानदेही पर गांव के ही एक आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी से पूछताछ के आधार पर अन्य चोरों की तलाश की जा रही है। उधर चोरों के हमले में घायलों को लालगंज ट्रामा सेंटर से रात में ही राजा प्रताप बहादुर अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उपचार के लिए तीनों घायलों को एसआरएन अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया। पुलिस ने एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी पर सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर और एएसपी पश्चिमी संजय राय गांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बात कर चोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया।

# 125 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक श्रीरामलीला का मंचन शुरू



रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज का प्रसिद्ध ब्रह्मांड नायक प्रभु श्री राम के लीला का मंचन आश्विन कृष्णपक्ष एकादशी शनिवार की रात्रि से प्रारंभ हो गया है। इस वर्ष भव्य एवं नव्य प्रारूप से लक्ष्मीनारायण की सामूहिक आरती -पूजा के बाद श्रीरामलीला का प्रारंभ हुआ।

सर्वप्रथम श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष अंजनी सोनी, उपाध्यक्ष अनिल केसरी,आशीष कुमार गुप्ता, विजयपाल, बाबा केसरी, महामंत्री शिवम केशरी डीजे, कोषाध्यक्ष सुभाष सोनी, पूर्व रामलीला अध्यक्ष लवकुश केसरीसहित दर्जनों वरिष्ठ नागरिकों द्वारा लक्ष्मीनारायण की सामूहिक आरती -पूजा की गई। तत्पश्चात नारदमोह का मंचन हुआ। कार्यक्रम का कुशल संचालन भाजपा नेता कृष्णदास उर्फ पिंटू केसरी ने किया। श्रीरामलीला कमेटी के सदस्यों द्वारा पूरे क्षेत्र में जनसंपर्क किया गया जिसके कारण भारी संख्या में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक पहले दिन नारदमोह के मंचन के दौरान उपस्थित रहे।जिसमें पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी लवकुश केशरी,ओमकार केसरी, चंद्रमौली प्रसाद, डॉक्टर दिलीप कुमार गुप्ता, अनुज केसरी, शशांक केसरी, राजू चैरसिया, सुरेंद्र शर्मा सहित क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। इस वर्ष श्रीरामलीला कमेटी के पदाधिकारियों में श्रीरामलीला के मंचन करने के उत्साह की सर्वत्र सराहना हो रही है।

# बाइक सवार बदमाशों ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख को मारी गोली

**प्रयागराज, अमृत विचार** : गंगानगर स्थित उतरांव थाना क्षेत्र के दुघरा गांव निवासी, सैदाबाद ब्लॉक के पूर्व ब्लाक प्रमुख राधेश्याम पटेल को बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने गोली मार दी। घटना सलेमपुर किसान मंडी फरीदपुर के पास रविवार को दोपहर हुई। गोली ब्लॉक प्रमुख के पेट में लगी है। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश भागने में सफल रहे। गंभीर हालत में उन्हें एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

दुघरा गांव निवासी राधेश्याम पटेल रविवार सुबह नौ बजे घर से खाना खाकर बाइक से चालक अनिल कुमार के साथ फूलपुर मंडी के लिए निकले थे। फूलपुर मंडी से वापस घर लौटते समय किसान मंडी फरीदपुर के पास चलती बाइक पर अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने तमंचे से उनको लक्ष्य कर फायर कर दिया। गोली उनके पेट में लगी। फायरिंग के बाद बदमाश भाग निकले। सूचना पाकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें उपचार के लिए एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया। पूर्व प्रमुख राधेश्याम का कुछ लोगों से पुरानी रंजिश चल रही है। गांव में भी एक व्यक्ति से जमीन को लेकर रंजिश चल रही है। उसने भी जान से मारने की धमकी दी थी। इसके खिलाफ थाने पर मुकदमा भी पंजीकृत है।

इस मामले में थाना अध्यक्ष उतरांव पंकज त्रिपाठी ने बताया कि प्रमुख राधेश्याम पटेल के बयान के मुताबिक चार लोगों को आरोपी बनाया गया है। तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। एक की तलाश जारी है। मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# संविधान सम्मान समारोह में भिड़े कांग्रेस कार्यकर्ता, मारपीट भी हुई

**प्रयागराज, अमृत विचार** : कांग्रेस की ओर से आयोजित फूलपुर विधानसभा के सहसों में संविधान सम्मान समारोह के दौरान कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के सामने कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में ही भिड़ गे। उस दौरान जमकर मारपीट और हाथापाई हुई।

रविवार को सहसों के लाला बाजार में कांग्रेस के संविधान सम्मान समारोह व जन सभा आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार में महिलाएं असुरक्षित हैं। महंगाई और बेरोजगारी अपनी सीमा पार कर रहा हैं। कानून व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि देश में ओबीसी, दलित और आदिवासी वर्गों की भागीदारी

**▸▸ समारोह में भगदड़ के दौरान फेंकी गईं कुर्सियां**

सुनिश्चित करने के लिए जाति जनगणना को कराना बहुत जरूरी है। कार्यकर्ता बूथ स्तर पर मजबूती बनाएं जिससे आने वाले फूलपुर विधानसभा उपचुनाव में गठबंधन पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ सके। हम राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का संदेश सभी तक पहुंचाने आएं है। राष्ट्रीय महासचिव राजेश तिवारी ने कहा कि फूलपुर उपचुनाव सहित पूरे प्रदेश में मजबूती के साथ लड़ेंगे। कार्यक्रम को सांसद अमेठी किशोरी लाल शर्मा, सांसद प्रयागराज उज्जवल रमण सिंह, विधायक मोना मिश्रा, शेखर बहुगुणा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष सुरेश यादव ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर मनीष मिश्र, मकसूद खान, संजय तिवारी, रामकिशुन पटेल, देवराज उपाध्याय, अशफाक अहमद, हलीम अंसारी आदि मौजूद रहे।

### उपचुनाव में दावेदारों के समर्थक भिड़े

सहसों में आयोजित कांग्रेस के संविधान सम्मान समारोह में भगदड़ मच गई। फूलपुर उपचुनाव के दावेदारों के समर्थकों के बीच मारपीट हो गई। फूलपुर विधानसभा के उप चुनाव की इस सीट पर कांग्रेस ने दावेदारी ठोकने के लिए कई दावेदार लगे है। रविवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय की सामने दावेदारों के समर्थकों में मारपीट हो गई।। दोनों तरफ से लात, घूंसे के साथ कुर्सियां चलने लगीं। इससे सभास्थल पर भगदड़ मच गई। कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना मंच से उतकर बीच बचाव के लिए पहुंची। आराधना ने दोनों पक्षों को किसी तरह से शांत कराया इसके बाद मामला शांत हुआ।

# सो रहे वृद्ध की सिर कूचकर हत्या

**प्रतापगढ़, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के राजातारा अमावां गांव में पाही पर सो रहे वृद्ध की सिर कूंचकर निर्मम हत्या कर दी गई। लालगंज कोतवाली के अमावां राजातारा निवासी 60 वर्षीय रामफेर दो साल से पत्नी व बच्चों से अलग गांव से एक किलोमीटर दूर खेत में छप्परनुमा घर में रहता था। परिजनों से वह इस कदर नाराज था कि कोई उधर आता था तो मारपीट पर आमादा हो जाता था। जिसके चलते परिवार के लोगों ने उसके पास आना बंद कर दिया।

रविवार को दस बजे गांव के लोग खेत की ओर गए तो रामफेर का रक्तरंजित शव पड़ा देख अवाक रह गए। बताया गया कि रात में किसी ने



हत्या के बाद रोते–बिलखते परिजन। अमृत विचार

वृद्ध के सिर पर ईंट या किसी भारी वस्तु से ताबड़तोड़ वार कर बुरी तरह से कूंच डाला। हत्या करने वाले बेरहमी से कत्ल करने के बाद मौके से भाग निकले। ग्रामीणों की सूचना पर पत्नी द्रोपती देवी समेत परिवार के लोग रोते-बिलखते पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार यादव मयफोर्स मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक लालगंज नीरज कुमार यादव ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मृतक की किसी से रंजिश सामने नहीं आई है। साक्ष्य के आधार पर शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर ने कार में की खुदकुशी

**प्रयागराज, अमृत विचार**: स्वरूप रानी अस्पताल में तैनात 27 साल के डॉक्टर का शनिवार की देर रात कार में मिलने से हड़कंप मच गया। करीब साथी डॉक्टर हॉस्पिटल से निकलने लगे तो कैंपस में उनकी कार खड़ी और पास जाकर देखा तो कार की अगली सीट पर डॉ. कार्तिकेय श्रीवास्तव का शव पड़ा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच की तो कार के अंदर सिरिंज और एनेस्थीसिया में इस्तेमाल होने वाले इंजेक्शन अंदर सिरिंज और एनेस्थीसिया में इस्तेमाल होने वाले इंजेक्शन की शीशी पाई गई है। डॉक्टर के हाथ में इंजेक्शन लगाने के निशान भी पाए गये हैं। डॉक्टर कार्तिकेय मूल रूप से उत्तराखंड के कोटद्वार के अपार कालावड के रहने वाले थे। वह प्रयागराज में स्टैनली रोड पर किराए का कमरा लेकर रहते थे। पिता का नाम कृष्ण कुमार श्रीवास्तव और मां का नाम मां प्रतिभा है। कार्तिकेय की बहनें डॉक्टर और जेल अधीक्षक हैं। शनिवार को ड्यूटी पर नहीं गए थे। परिजन आत्माराम ने बताया कि उनको अगर सुसाइड करना होता तो अस्पताल क्यों आते। उनकी हत्या की गई है।ृरमामले मे पुलिस का कहना है कि डॉ. कार्तिकेय ने अपने हाथ पर इंजेक्शन लगाया था।

**स्मृति** | पूर्व भाजपा विधायक नीलम करवरिया के निधन के बाद श्रद्धांजलि देने वालों का लगा रहा तांता

# करवरिया परिवार के राजनीतिक प्रभाव को नीलम ने रखा कायम

**मिथलेश त्रिपाठी, प्रयागराज**

**अमृत विचार** : प्रयागराज जिले की मेजा विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक रहीं नीलम करवरिया का बीमारी के चलते गुरुवार की देर रात हैदराबाद के एक अस्पताल में निधन हो गया। शनिवार को उनका अंतिम संस्कार रसूलाबाद घाट पर राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इससे पहले शुक्रवार व शनिवार को उन्हें श्रृद्धांजलि देने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। उन्हें लिवर सिरोसिस की बीमारी के कारण कुछ दिनों से हैदराबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जवाहर पंडित हत्या मामले में जब उनके पति, जेठ व देवर को जेल हो गई तो उन्होंने करवरिया परिवार के राजनीतिक प्रभाव को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अपने व्यवहार से वे लोगों के बीच काफी लोकप्रिय भी थीं।

चित्रकूट जिले के राजापुर के रहने वाली नीलम पूर्व विधायक स्व. शिव नरेश मिश्र की पुत्री थीं। इनका जन्म 2 जुलाई 1969 को हुआ था। नीलम ने इंटर तक की पढ़ाई कर्वी से की। बाद में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त की। विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान ही नीलम की मुलाकात उदयभान करवरिया से हुई। एकदूसरे को जानने के बाद दोनों ने 6 मार्च 1992 विवाह कर लिया। पुत्र सक्षम और पुत्रियों साक्षी व समृद्धि की मां नीलम ने अपने व्यवहार से करवरिया परिवार को अपना बना लिया।

### वर्ष 2017 में बीजेपी से बनी थीं विधायक

वर्ष 1996 में जवाहर पंडित की हत्या हो गई थी। इस मामले



अपने परिवार के साथ पूर्व भाजपा विधायक नीलम करवरिया।(फाइल फोटो)

में नीलम के जेठ कपिलमुनि करवरिया,पति उदयभान व देवर सूरजभान को वर्ष 2013 में जेल भेजा गया था। परिवार के रसूख को बचाने के लिए नीलम ने राजनीति में कदम रखा। वर्ष 2019 में जवाहर पंडित हत्याकांड में करवरिया बंधुओं को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। परिवार के रसूख को बचाने के लिए नीलम ने राजनीति में कदम रखा। मेजा विधानसभा क्षेत्र में नीलम ने अपने पति की कर्मभूमि पर लोगों के सुख-दुख में खूब हिस्सा लिया। काफी लोकप्रियता भी हासिल की। नतीजा यह रहा कि वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में नीलम ने बीजेपी के टिकट पर जीत हासिल की। पति उदयभान करवरिया मेजा से दो बार भाजपा से विधायक रह चुके हैं।

जेठ कपिलमुनि करवरिया फूलपुर से बसपा के टिकट पर सांसद रहे, जबकि देवर सूरजभान करवरिया भी विधान परिषद सदस्य रहे हैं। वर्ष 2022 में नीलम सपा प्रत्याशी से कम अंतर पर चुनाव हार गईं थी। लेकिन क्षेत्र में उनकी मौजदूगी लोगों में लोकप्रियता बढ़ाती रहीं। जनता की समस्याओं को सुनकर उसका समाधान करती थीं।

### पति उदयभान की रिहाई पर खूब खुश थीं नीलम

सपा के पूर्व विधायक जवाहर पंडित हत्याकांड के मामले में नैनी सेंट्रल जेल में सजा काट रहे भाजपा के बारा के पूर्व विधायक उदयभान करवरिया की कारागार से रिहाई के पहले ही जेल गेट पर उन्हें लेने के लिए उनकी पत्नी नीलम करवरिया, बेटा सक्षम, वैभव समेत परिवार के अन्य सदस्य व रिश्तेदार पहुंचे थे। पित उदयभान के जेल गेट के बाहर आते देखन नीलम को मानों दुनिया की सारी खुशी मिल गई। पूर्व भाजपा विधायक उदयभान करवरिया की रिहाई का आदेश 19 जुलाई को जारी हुआ था। लेकिन इलाज के दौरान ही नीलम की हैदराबाद में मृत्यु हो गई। करवरिया परिवार से उनका साथ हमेशा–हमेशा के लिए छूट गया। प्रयागराज स्थजि करवरिया कोठी में एकबार फिर सन्नाटा पसर गया,करवरिया परिवार की खुशी पर ग्रहण लग गया। पति उदयभान द्वारा फेसबुक पर पत्नी नीलम के लिए लिखा पोस्ट वाकई द्रवित कर देने वाला है।

**"जेल की जाहिल दिवारें, वक्त की तनहाइयां,**
**प्रिये, मैने सह लिया सब भूलकर रुसवाइयां।**
**छोड़ना था साथ तो मुझको बुलाई क्यों यहां,**
**अब यही लगता है जैसे शून्य हो सारा जहां।"**

## सार-संक्षेप

### मंदिर के प्रसाद में मिलावट के पीछे साजिश : नारायणाचार्य

**प्रयागराज** : आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर में प्रसाद में मिलावट का मामला सामने आने के बाद साधु – संत लगातार कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। श्रृंगवेरपुर पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी नारायणाचार्य शांडिल्य ने तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद के लड्डू में चर्बी मिलाए जाने को ईसाई मिशनरियों की बड़ी साजिश रविवार को करार दिया है। उन्होंने कहा है कि दक्षिण भारत के सबसे प्रसिद्ध मंदिर में प्रसाद में मिलावट का मामला सामने आने से हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं लेकिन दुर्भाग्य यह है कि अब तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा है कि तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मिलावट के लिए आंध्र प्रदेश की तत्कालीन जगन मोहन रेड्डी की सरकार इसके लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है। उन्होंने कहा है कि प्रसाद में चर्बी मिलाया जाना ईसाई मिशनरियों का बड़ा षड्यंत्र है। उन्होंने यूपी के मंदिरों में भी सीएम योगी आदित्यनाथ से प्रसाद की जांच कराए जाने की मांग की है,ताकि कोई भी सनातनियों के आस्था को ठेस न पहुंचा सके।

### डॉ. आरके वर्मा विधानसभा की समितियों के सदस्य नामित



**रानीगंज/गौरा प्रतापगढ़, अमृत विचार** : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रानीगंज विधानसभा के विधायक, उप मुख्य सचेतक डा .आर .के .वर्मा को विभिन्न समितियों का स्थायी सदस्य नामित किया है। उन्हें विधानसभा की लोक लेखा समिति,मंत्रियों को परामर्श देने वाली स्थायी समितियों के साथ लोक निर्माण स्थायी समिति, पुलिस स्थायी समिति, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन स्थायी समिति का सदस्य बनाया गया है। रानीगंज विधायक को विभिन्न समितियों का सदस्य बनाये जाने पर शेर बहादुर यादव,राजेश सरोज,अमरपाल यादव,दीपक प्रजापति,ज्ञान सिंह यादव,बंसी लाल पटेल,पूर्व प्रधान विनोद पटेल,दुर्गेश सिंह मोनू,डा .पीएन मिश्र,सूरज मिश्र,मीडिया प्रभारी संजीव पाण्डेय आदि लोगों ने खुशी जताते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का आभार जताया है।

### रेल विभाग ने करायी 'स्वच्छ भारत ड्राइंग प्रतियोगिता'



**जौनपुर।** "स्वच्छता ही सेवा 2024" अभियान के अन्तर्गत मण्डल कार्यालय के आदेशानुसार "स्वच्छ भारत ड्राइंग प्रतियोगिता" जौनपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक कार्यालय में कराया गया। प्रतियोगिता में रेल कर्मचारी के 9 बच्चों ने हिस्सा लिया जिन्होंने स्वच्छता की ओर अग्रसर हेतु कला बनाया। सभी बच्चों को ड्राइंग पेपर, पेन्सिल, कलर आदि उपलब्ध कराया गया। प्रतियोगिता को मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अशोक कन्नौजिया ने सम्पन्न कराया। प्रतिभागियों में भावना सिंह पुत्री पवन सिंह, सत्यार्थ सिंह पुत्र अमर बहादुर सिंह, परी कुमारी पुत्री संजय कुमार, अथर्व पुत्र शिवशंकर कुमार, देवांश बिन्द पुत्र हरिगोपाल बिन्द, नितेश यादव पुत्र रामनरेश यादव, रवि बिन्द पुत्र हरिगोपाल बिन्द, यतार्थ सिंह पुत्र अमर बहादुर सिंह एवं सचिन बिन्द पुत्र हरिगोपाल बिन्द रहे। इस अवसर पर तमाम विभागीय अधिकारी, कर्मचारी आदि भी उपस्थित रहे।

### पीएम आवास योजना में अपात्रों से धनराशि वसूली का आदेश

**जौनपुर** : विकास खण्ड के अंतर्गत चिलबिली गांव में वर्ष 2016–17 में आवास योजना के अन्तर्गत हुए घोटाले में परियोजना निदेशक ने अपात्र लाभार्थी को आवास की धनराशि आवंटित किये जाने के सम्बन्ध में उत्तरदायी कार्मिक की जांच कर सरकारी धनराशि राजकीय कोष में वापस जमा कराने का आदेश जारी किया है। जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2016–17 में विकास खण्ड स्थित चिलबिली गांव में सत्ती उर्फ शान्ती पुत्री रामकरन व जुगरी के नाम से आवास स्वीकृत हुआ था, किन ग्राम प्रधान द्वारा अवैध रूप से अपने ग्राम पंचायत की शान्ती देवी नाम की दूसरी महिला का आवास सरकारी धन से बनवा दिया गया जबकि उसका न तो सूची में नाम था और न ही वह आवास योजना के लिए पात्र थी। मामला संज्ञान में आने पर स्थानीय निवासी सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण मौर्य द्वारा प्रकरण की शिकायत खण्ड विकास अधिकारी सहित उच्च अधिकारियों से की गयी। शिकायत के दौरान चौंकाने वाले तथ्य प्रकाश में आये। शान्ति देवी के आवास हेतु आवंटित धनराशि का भुगतान गायत्री देवी के खाते में कर दिया गया और आवास की धनराशि का लाभ अपात्र शान्ती देवी को दिया गया। शिकायत पर मामले की जांच रिपोर्ट 20 अगस्त 2019 को प्रस्तुत की गयी जिसमें तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी, प्रधान लिपिक एवं ग्राम पंचायत अधिकारी की भूमिका संदिग्ध पाय गयी और अपात्र से आवास की धनराशि लौटाने हेतु नोटिस जारी की गयी। 5 वर्ष बीतने के बाद भी जब आवास की सरकारी धनराशि वापस नहीं कराई जा सकी। खण्ड विकास अधिकारी सुइथाकला गौरवेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है। परियोजना निदेशक के आदेश के अनुक्रम में आवास हेतु दुरुपयोग की गयी धनराशि नियत अवधि के भीतर राजकीय कोष में जमा करा दी जायेगी।

### मां लक्ष्मी पूजनोत्सव को लेकर पूजा महासमिति ने की बैठक

**जौनपुर।** जनपद की समस्त मां लक्ष्मी पूजन समितियों की एकीकृत महासंस्था श्री लक्ष्मी पूजा महासमिति की बैठक रविवार को नगर के सद्भावना पुल के बगल में स्थित श्री केरारवीर मन्दिर के प्रांगण में सम्पन्न हुई। संरक्षकगण डा. राम नारायण सिंह एवं रामजी जायसवाल की देख—रेख में हुई बैठक की अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष लाल बहादुर यादव नैपाली एवं संचालन महासचिव कृष्ण कुमार जायसवाल ने किया। इस मौके पर सर्वप्रथम पुरानी कार्यकारिणी को इस बार भी मां लक्ष्मी पूजनोत्सव सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी दी गयी। साथ ही आगामी मां लक्ष्मी पूजनोत्सव सहित पिछले वर्ष के पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह पर चर्चा की गयी। साथ ही निर्णय लिया गया कि आगामी 27 अक्टूबर दिन रविवार को पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह कराया जायेगा। इस मौके पर आये लोगों का स्वागत सस्थापक स्व. सुशील वर्मा एडवोकेट के पुत्र वैभव वर्मा ने किया तो अन्त में समस्त आगंतुकों के प्रति आभार विशिष्ट सदस्य/पूर्व अध्यक्ष चन्द्रशेखर निषाद बबलू ने जताया। इस अवसर पर राहुल सिंह, अजय पाण्डेय, संतोष यादव, डा. हर्षित गुप्ता, कृष्णकान्त विश्वकर्मा, दीपक कुमार, डा. आशुतोष सिंह, राकेश वर्मा, शिवा गुप्ता, रोहन जायसवाल, अभिजीत सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### प्रतिबंधित पशु को काटकर मांस बेचने पर मचा बवाल

**मिर्जापुर।** प्रतिबन्धित पशु के मांस के काटने और बेचने की शिकायत पर हड़कंप मच गया। किसी ने प्रतिबंधित पशु के मांस काटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया और सोशल मीडिया पर यह बात जंगल में आग की तरह फैली। मौके पर पहुंची भाजपा नेताओं की भीड़ वहीं पुलिस अधीक्षक अभिनंदन और अपर पुलिस अधीक्षक नितेश सिंह भी मय फोर्स मौके पर पहुंचे और मामले की जांच किया और प्रतिबंधित मांस को भी बरामद किया। फ्रीजर के अंदर प्रतिबंधित पशु के मांस काटकर रखा हुआ था। फ्रीजर के अंदर से भी प्रतिबंधित मांस बरामद हुआ। फोरेंसिक टीम भी लगी। जांच में प्रतिबंधित मांस काटकर बेचने को लेकर लोगों में धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने का प्रयास हुआ है। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि थाना कोतवाली शहर क्षेत्रान्तर्गत रामबाग कुरैश मोहल्ला में प्रतिबन्धित पशु का मांस होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर पुलिस थाना कोतवाली शहर व फील्ड यूनिट के साथ संदिग्ध स्थानों का निरीक्षण किया गया। पुलिस द्वारा संदिग्ध मांस की फोरेंसिक जांच हेतु सेम्पल लिया गया है तथा संदिग्ध आठ व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। आसपास के दुकानों के लाइसेन्स की नगर पालिका द्वारा जांच भी करायी जा रही है।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले मे 127 का हुए उपचार

**हलिया (मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र के अंतर्गत स्थित नया प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले मे कुल 127 मरीजों का उपचार कर नि :शुल्क दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र मतवार मे मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ कामेश्वर तिवारी के देख रेख के कुल 39 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वस्थ केंद्र बरौंधा में आयोजित प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में डा सुरेश कनौजिया के देखरेख में 42 मरीजों का उपचार किया गया। इस दौरान बीसीपीऍम अनिल कुमार,स्टॉफ नर्स माया, फार्मासिस्ट मनोज कुमार, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### महिला ने एससी-एसटी एक्ट में दर्ज कराया मुकदमा

**हलिया (मिर्जापुर)।** बिमौरी गांव निवासी निर्मला धरकार ने दिए गये तहरीर में बताया कि बीते 16 जून को काम का बकाया पैसा मांगने गांव निवासी जगदीश दत्त पाण्डेय के यंहा गयी थी की जगदीश दत्त पाण्डेय व उनकी पत्नी नाम अज्ञात व पुत्र अशोक जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गुप्ता देते हुए मारपीट कर घायल करते हुए साड़ी उतार दिया जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने मे जुट गयी है। मामले की जांच सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह द्वारा किया जायेगा। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष श्यामलाल ने बताया कि एससी एसटी व अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## एक नजर

### आईटी कंपनी के कर्मी की दफ्तर में हृदयाघात से मौत

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में आईटी कंपनी के कर्मचारी की दफ्तर में हृदयाघात से मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा उस दौरान हुआ जब कर्मचारी शौचालय गया था। मृतक की पहचान एचसीएल टेक्नोलॉजीस के वरिष्ठ विश्लेषक नितिन एडविन माइकल के रूप में हुई है। सोनेगांव पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि नितिन मिहान इलाके में स्थित कंपनी के कार्यालय के शौचालय में शाम सात बजे गया था, लेकिन वह वहां बेहोश पाया गया। सहकर्मी उसे नागपुर स्थित एम्स ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### गुरमीत राम रहीम ने 20 दिन की मांगी पैरोल

**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख और दुष्कर्म के दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह ने 20 दिन की पैरोल का अनुरोध किया है। सूत्रों ने रविवार को बताया कि यह अनुरोध पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले किया गया है। आचार संहिता लागू होने से डेरा प्रमुख का पैरोल का आवेदन निर्वाचन कार्यालय भेज दिया गया है, जिसने जेल विभाग से अनुरोध के पीछे ऐसे आकस्मिक और आवश्यक कारण बताने को कहा है, जो चुनाव के दौरान दोषी को पैरोल पर रिहा करने को उचित ठहराते हों। डेरा प्रमुख ने पैरोल अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश के बागपत में रहने की बात कही है।

### हालिया चुनाव के खिलाफ आप सुप्रीम कोर्ट पहुंची

**नई दिल्ली।** आप ने दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति के एक सदस्य के लिए हुए चुनाव को चुनौती देने सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा पर लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाया है और दावा किया है कि एमसीडी की स्थायी समिति में एक सदस्य का चुनाव गैरकानूनी और असंवैधानिक था। भाजपा ने एमसीडी की 18 सदस्यीय स्थायी समिति की एकमात्र रिक्त सीट पर निर्विरोध जीत हासिल की क्योंकि सत्तारूढ़ आप और कांग्रेस के पार्षदों ने चुनाव का बहिष्कार किया था।

### वेल्डिंग मशीन में विस्फोट एक की मौत, तीन घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका के भरथल गांव में रविवार सुबह वेल्डिंग मशीन में विस्फोट होने से 36 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और तीन झुलस गए। अधिकारियों ने बताया कि मृतक बिजलासन इलाके का राम है। घायलों में राकेश, फैयाज, समीर हैं। घायलों का सफदरजंग अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमें द्वारका के सेक्टर 25 के पास भरथल गांव में तेल टैंकर में काम करते समय वेल्डिंग मशीन में विस्फोट से कुछ लोगों के घायल होने की कॉल प्राप्त हुई थी।

# पूर्व सरकारों की कार्य संस्कृति को किया खत्म

## प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से महाराष्ट्र में 11,200 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

पुणे, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पूर्ववर्ती सरकारों पर शहरी क्षेत्रों के विकास के लिए योजना और दूरदृष्टि की कमी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर वही पुरानी कार्य संस्कृति होती तो पुणे मेट्रो परियोजना का काम आगे नहीं बढ़ पाता। मोदी ने कहा कि उन्होंने इस पुरानी कार्य संस्कृति को खत्म कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये महाराष्ट्र में 11,200 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के दौरान ये बातें कहीं।

मोदी का 26 सितंबर को निर्धारित पुणे दौरा शहर में भारी बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। प्रधानमंत्री ने जिला न्यायालय से स्वारगेट तक पुणे मेट्रो खंड का ऑनलाइन माध्यम से


वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से परियोजनाओं का लोकार्पण करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

उद्घाटन किया और मेट्रो को हरी झंडी दिखाई। मोदी ने कहा कि पुणे मेट्रो के प्रथम चरण के पूरा होने से शहर में लोगों का आवागमन सुगम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों की तरह अगर सोचने का वही पुराना तरीका होता तो पुणे मेट्रो का काम पूरा नहीं हो पाता। मोदी ने कहा कि बढ़ती आबादी के कारण शहर की गति धीमी नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसकी क्षमता बढ़नी चाहिए। यह तभी संभव है, जब सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक और कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया जाए। यही महायुति सरकार (महाराष्ट्र में) का दृष्टिकोण है।

प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन माध्यम से भिड़ेवाड़ा में क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले के पहले बालिका विद्यालय स्मारक की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ विरासत को भी संरक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत का आधुनिकीकरण हो, लेकिन यह हमारे मौलिक मूल्यों पर आधारित होना चाहिए। सावित्रीबाई फुले द्वारा शुरू किए गए स्कूल का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि देश ने देखा है कि जब महिलाएं सामाजिक बदलाव की जिम्मेदारी लेती हैं तो क्या प्रभाव पड़ता है। अगर महाराष्ट्र विकास करता है तो देश भी उसका अनुसरण करेगा।

### भगवान विट्ठल के भक्तों को मिला विशेष उपहार

प्रधानमंत्री मोदी ने पुणे शहर से सीधा हवाई संपर्क स्थापित करने के लिए सोलापुर हवाई अड्डे का भी उद्घाटन किया। इसका जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान विट्ठल के भक्तों को भी आज एक विशेष उपहार मिला है। मोदी ने बताया कि टर्मिनल की क्षमता में वृद्धि हुई है और मौजूदा हवाई अड्डे के उन्नयन कार्य के पूरा होने के बाद यात्रियों के लिए नई सेवाएं और सुविधाएं बनाई गई हैं, जिससे भगवान विट्ठल के भक्तों के लिए सुविधा बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे से व्यवसाय, उद्योग और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# हिमाचल व कर्नाटक में राहुल की गारंटी हो गई विफल : शाह

चंडीगढ़, एजेंसी


● हरियाणा के गुरुग्राम के बादशाहपुर में चुनावी रैली में गृह मंत्री ने कांग्रेस नेता पर लगाया आरोप

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को हरियाणा में कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए आरोप लगाया कि राहुल गांधी की चुनावी गारंटियां हिमाचल और कर्नाटक जैसे राज्यों में विफल हो गई हैं, जहां कांग्रेस सत्ता में है। शाह ने गुरुग्राम के बादशाहपुर में चुनावी रैली में कहा कि कांग्रेस वादे करती है लेकिन वे हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में चुनावी वादे पूरे नहीं कर पाए। राहुल गांधी की गारंटियां नाकाम हो गईं।

गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा ऐसा कोई वादा नहीं करती जिसे पूरा न किया जा सके। राहुल बाबा एंड कंपनी विकास नहीं कर सकती और डबल इंजन की सरकार ही हरियाणा का विकास सुनिश्चित करेगी। हम देश की सीमा को सुरक्षित रखेंगे, आरक्षण की रक्षा करेंगे और अनुच्छेद 370 को कभी वापस नहीं आने देंगे। वक्फ विधेयक का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि आपको वक्फ बोर्ड पर मौजूदा विधान से समस्या है हम संसद के शीतकालीन सत्र में इसमें संशोधन करेंगे। विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया था कि राजग सरकार के वक्फ संशोधन विधेयक का उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना है और कहा था कि वे इसका कड़ा विरोध करेंगे। शाह ने कहा कि इंदिरा गांधी से लेकर मनमोहन सिंह तक ने वन रैंक वन पेंशन की मांग पूरी नहीं की लेकिन 2015 में राजग ने पूरी की। अग्निपथ पर शाह ने राहुल गांधी को झूठ बोलने की मशीन बताया और कहा उनकार दावा है कि अग्निवीरों को नौकरी नहीं मिलेगी। शाह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार हर एक अग्निवीर को पेंशन योग्य नौकरी देंगे।

# कांग्रेस ने प्राथमिकी पर वित्त मंत्री से मांगा इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी

● विपक्षी दल ने चुनावी बॉण्ड योजना की एसआईटी से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग दोहराई

कांग्रेस ने रद्द हो चुकी चुनावी बॉण्ड योजना के संबंध में शिकायत पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद रविवार को भाजपा पर हमला बोला और लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए वित्त मंत्री के इस्तीफे की मांग की। विपक्षी दल ने पूरे चुनावी बॉण्ड योजना की विशेष जांच दल (एसआईटी) से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग दोहराई।

पार्टी प्रवक्ता अभिषेक सिंघवी के साथ कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि चुनावी बॉण्ड की साजिश से पैसे ऐंठने के लिए चार तरीकों का इस्तेमाल हुआ। इसके तहत प्रीपेड रिश्वत, पोस्टपेड रिश्वत, छापे के बाद रिश्वत और फर्जी कंपनियों के माध्यम से वसूली हुई। वित्त मंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए, क्योंकि वह राजनीतिक, कानूनी और नैतिक रूप से दोषी हैं। रमेश ने कहा कि प्राथमिकी अदालत के आदेश पर दर्ज की गई। कांग्रेस चुनावी बॉण्ड योजना की एसआईटी से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग कर रही है और वह इस मांग को दोहराती है। सिंघवी ने भाजपा पर लोकतंत्र कमजोर करने का भी आरोप लगाया।

### निर्मला सीतारमण दे इस्तीफा: प्रियांक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने खत्म हो चुकी चुनावी बॉण्ड योजना के जरिए कथित तौर पर पैसा मांगने के लिए अदालत के आदेश पर निर्मला सीतारमण के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद उनसे इस्तीफा देने की मांग की। प्रियांक ने आरोप लगाया कि कंपनियों ने चुनावी बॉण्ड योजना के जरिए भाजपा को चंदा दिया और अदालत ने बैध आधार पर पुलिस को सीतारमण व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया।

# नसरल्ला की मौत के बाद भड़काऊ पोस्ट पर कार्रवाई की दी चेतावनी

**श्रीनगर।** साइबर पुलिस कश्मीर ने इजराइली हमलों में हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला के मारे जाने के मद्देनजर सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को घाटी में सांप्रदायिक या गुटीय तनाव को बढ़ावा देने के खिलाफ चेतावनी दी। इसने एक्स पर जारी परामर्श में कहा कि हमने देखा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट किए जा रहे हैं, जो सांप्रदायिक सद्भाव को खतरे में डाल रहे हैं। हम आग्रह करते हैं कि वे विभाजनकारी पोस्ट करने या उसमें शामिल होने से बचें। पुलिस ने ऐसा करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। हिजबुल्ला प्रमुख के मारे जाने के बाद श्रीनगर और बडगाम जिलों के शिया बहुल इलाकों में स्वतःस्फूर्त विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। हालांकि सड़कों पर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, लेकिन कुछ सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं द्वारा ऑनलाइन भड़काऊ सामग्री पोस्ट किए जाने की खबरें आई हैं।

# सेंथिल बालाजी सहित तीन अन्य ने ली शपथ

**चेन्नई।** तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने रविवार को द्रमुक नेता वी सेंथिल बालाजी को मंत्री पद की शपथ दिलाई। बालाजी को कुछ दिन पहले नशोधन के मामले में जमानत मिली थी। द्रमुक के तीन अन्य विधायकों आर राजेंद्रन (सेलम-उत्तर), गोवी चेझियान (तिरुविदाईमरुदुर) और एस एम नासर (अवाडी) ने भी रापद एवं गोपनीयता की शपथ ली। वहां तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि भी मौजूद थे, जो पहले ही उपमुख्यमंत्री बनाए जा चुके हैं।

# बंगाल में बाढ़ चिंताजनक, केंद्र मदद नहीं कर रहा : ममता बनर्जी

**कोलकाता।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को उत्तरी जिलों में बाढ़ की स्थिति को खतरनाक बताया और दावा किया कि राज्य को इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए केंद्र सरकार से सहायता नहीं मिल रही है। बंगाल के उत्तरी हिस्से में बाढ़ का निरीक्षण करने के लिए जाते समय बनर्जी ने कहा कि राज्य सरकार बाढ़ से निपट रही है। मुख्यमंत्री ने सिलीगुड़ी जाते समय कहा कि कूचबिहार, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जैसे जिले प्रभावित हुए हैं। केंद्र सरकार पर मदद नहीं करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि हमारे बार-बार याद दिलाने के बावजूद केंद्र ने फरक्का बैराज का रखरखाव कार्य नहीं किया और इसकी जल-धारण क्षमता काफी हद तक कम हो गई है।



# राजनीति में महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज में समानता मुमकिन नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी


● शक्ति अभियान में शामिल होने का महिलाओं से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने किया आग्रह

सही मायने में समानता और न्याय के लिए राजनीति में अधिक महिलाओं की भागीदारी पर जोर देते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वास्तविक परिवर्तन लाने को उत्साहित आधी आबादी से रविवार को शक्ति अभियान में शामिल होने का आग्रह किया, जिसका उद्देश्य राजनीति में महिलाओं के हितों के लिए समान अवसर उपलब्ध करना है।

राहुल ने एक्स पर कहा कि एक साल पहले, महिला राजनीति को केंद्र में रखकर हमने इंदिरा फेलोशिप की शुरुआत की थी। आज, यह पहल महिला नेतृत्व के सशक्त कारवां में बदल चुकी है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाए बिना समाज में समानता और न्याय मुमकिन नहीं है। आधी आबादी, पूरा हक-हिस्सेदारी, कांग्रेस की सोच और संकल्प का प्रतीक है। मैं एक बार फिर महिलाओं से शक्ति अभियान से जुड़ने और राजनीति का हिस्सा बनने का आह्वान करता हूं।

# दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने मनमोहन

**नई दिल्ली।** जस्टिस मनमोहन ने रविवार को दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने राज निवास में हुए समारोह में शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री आतिशी समेत कई लोग उपस्थित रहे। सतीश चंद्र शर्मा को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश बनाने के बाद मनमोहन को 9 नवंबर 2023 को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाया गया था। मनमोहन प्रख्यात नौकरशाह-राजनेता, जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल और दिल्ली के उपराज्यपाल रहे जगमोहन के बेटे हैं।

# उद्योगपति ओसवाल से सात करोड़ रुपये ठगे, दो गिरफ्तार

**लुधियाना।** पंजाब पुलिस ने रविवार को प्रसिद्ध उद्योगपति श्रीपॉल ओसवाल से सात करोड़ ठगने वाले अंतर्राज्यीय साइबर जालसाजों के गिरोह का भंडाफोड़ किया। लुधियाना के पुलिस आयुक्त कुलदीप सिंह चहल ने बताया कि दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 5.25 करोड़ रुपये बरामद किए गए हैं। गिरोह के सात अन्य सदस्यों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। गिरोह के सभी नौ सदस्य असम और बंगाल के हैं। जालसाजों ने वर्धमान समूह के मालिक एसपी ओसवाल के बैंक खातों से सात करोड़ निकाले। उनमें से एक ने खुद को सीबीआई का अधिकारी बताया और उद्योगपति को फर्जी गिरफ्तारी वारंट दिखाया तथा डिजिटल गिरफ्तारी की धमकी दी।

● आरोपियों के पास से 5.25 करोड़ रुपये किए गए बरामद

# दिव्यांग बच्चों के अधिकारों पर जस्टिस नागरत्ना ने जताई चिंता

नई दिल्ली, एजेंसी

● आजीवन सहायता का किया आह्वान राज्यों को दिए सुझाव

सुप्रीम कोर्ट की किशोर न्याय समिति की अध्यक्ष जस्टिस बीवी नागरत्ना ने बच्चों के लिए दिव्यांगता सहायता प्रणालियों में सुधार का आह्वान किया है, जिसमें आंकड़ों का सटीक संग्रह, आजीवन वित्तीय सहायता और शिक्षा में समावेशिता पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। दिव्यांग बच्चों के अधिकारों की रक्षा विषय पर कार्यक्रम में नागरत्ना ने दिव्यांग बच्चों के समर्थन में होने वाले प्रयासों के अंतराल को रेखांकित किया और इस मुद्दे के समाधान के लिए बहु-हितधारक दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विकलांग बच्चों की सुरक्षा के लिए एक राज्य कार्य योजना विकसित करें, जिसकी समीक्षा और निगरानी राज्यों और उच्च न्यायालयों की किशोर न्याय समितियों द्वारा की जाएगी।

## कारोबार/कृषि

### लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360–2800 गेहूं (के 65) 3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500 दाल दलहन चना देशी 6800–7000 चना फार्मी 7200–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–620 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूंग खड़ा 10000–10500 मूंग दाल 10500–11000 मूंग धोवा 12000–13000 मसूर 8800–9000 मलका 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 13000–14000 राज्मा चित्रा 13000–14000 राज्मा काला 11500–12500 मूंगफली का दाना 11000–12000 तेल तिलहन अलसी 5310–5510 लाही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रव 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड़ लड्डू 5200 मैदा 3000–3100 आटा 2700–2900 रवा 3000–3050

### सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 77,950 |
| सोना रवा | 77,800 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 92,100 |
| चांदी (999) | 92,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# शेयर बाजार में एफपीआई ने किए 57,359 करोड़ रुपये निवेश

## फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती के बाद विदेशी निवेशकों की रुचि बढ़ी

● इस वर्ष एफपीआई का भारतीय शेयरों में निवेश एक लाख करोड़ के आंकड़े को किया पार

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर में भारतीय शेयर बाजारों में 57,359 करोड़ रुपये निवेश किए हैं, जो उनके निवेश का नौ माह का उच्चस्तर है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा प्रमुख ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की कटौती के बाद एफपीआई का भारतीय बाजार में निवेश लगातार बढ़ रहा है।

डिपॉजिटरी के अनुसार इस साल 2024 में एफपीआई का भारतीय शेयरों में निवेश एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। शोध विश्लेषक कंपनी गोलफाई के स्मॉलकेस प्रबंधक और संस्थापक एवं सीईओ रॉबिन आर्य ने कहा कि आगे चलकर एफपीआई का प्रवाह मजबूत बना रहेगा। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में कटौती तथा भारत की मजबूत बुनियाद से एफपीआई दांव लगा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के मुद्रास्फीति प्रबंधन तथा तरलता से संबंधित फैसले इस रफ्तार को कायम रखने के लिए महत्वपूर्ण होंगे। एफपीआई ने 27 सितंबर तक शेयरों में 57,359 करोड़ का शुद्ध निवेश किया है। अभी इस महीने का एक कारोबारी सत्र बचा है। यह दिसंबर, 2023 के बाद सबसे अधिक शुद्ध प्रवाह है।

### शीर्ष आठ कंपनियों की पूंजी 1.21 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,21,270.83 करोड़ रुपये का उछाल आया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 53,652.92 करोड़ बढ़कर 20,65,197.60 करोड़, एसबीआई 18,518.57 करोड़ बढ़कर 7,16,333.98 करोड़, भारती एयरटेल 13,094.52 करोड़ बढ़कर 9,87,904.63 करोड़, आईटीसी 9,927.3 करोड़ बढ़कर 6,53,834.72 करोड़, टीसीएस 8,592.96 करोड़ बढ़कर 15,59,052 करोड़, एचडीएफसी बैंक 8,581.64 करोड़ बढ़कर 13,37,186.93 करोड़, एलआईसी 8,443.87 करोड़ बढ़कर 6,47,616.51 करोड़, इन्फोसिस 459.05 करोड़ बढ़कर 7,91,897.44 करोड़ रुपये रहा।

# निश्चित आय : वित्तीय दुनिया के महत्वपूर्ण हिस्से

निश्चित आय और ऋण बाजार निवेश का क्षेत्र आज की वित्तीय दुनिया में अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। बढ़ती ब्याज दरें और मुद्रास्फीति ने निवेशकों के लिए कई चुनौतियाँ उत्पन्न की हैं, लेकिन इसके साथ ही नए अवसर भी प्रस्तुत किए हैं। व्हार्टन स्कूल का यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को फिक्स्ड–इनकम निवेश और जोखिम प्रबंधन में उत्कृष्टता हासिल करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। आइये इस पर नजर डालें...

**मुद्रा बाजार कोष :** ये बॉण्ड विभिन्न ऋण उपकरणों में निवेश करते हैं और नियमित रूप से निश्चित ब्याज रिटर्न देते हैं।

**डेट म्यूचुअल फंड्स :** ये फंड सरकारी और कॉर्पोरेट बांड, वाणिज्यिक पत्र, मुद्रा बाजार उपकरणों आदि में निवेश करते हैं।

**बांड :** कंपनियां द्वारा पूंजी जुटाने के लिए जारी किए जाते हैं और निश्चित ब्याज दर के साथ लौटाए जाते हैं।

**मुद्रा बाजार उपकरण :** जैसे ट्रेजरी बिल्स, वाणिज्यिक पत्र। ये अल्पकालिक निवेश होते हैं, जिनकी परिपक्वता एक वर्ष से कम होती है।

**बैंक जमा :** सुरक्षित निवेश विकल्प, जिसमें छोटी और लंबी अवधि दोनों के लिए ब्याज मिलता है।

**सरकारी योजनाएं :** जैसे सामान्य भविष्य निधि और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना जो कर छूट और स्थिर ब्याज दर प्रदान करती हैं।

### निवेशकों के लिए लाभ

**स्थिरता :** यह उन लोगों के लिए आदर्श है जो सुरक्षित और स्थिर रिटर्न चाहते हैं।

**कम जोखिम :** खासकर वृद्ध निवेशक और जोखिम से बचने वाले निवेशक इन प्रतिभूतियों को पसंद करते हैं।

**नियमित आय :** रिटायरमेंट के बाद नियमित आय प्राप्त करने के लिए ये योजनाएं अच्छी मानी जाती हैं।

### ध्यान देने योग्य बातें

**मुद्रास्फीति जोखिम :** मुद्रास्फीति के बढ़ने पर इनके वास्तविक रिटर्न में कमी आ सकती है।

**ब्याज दर जोखिम :** ब्याज दरों में बदलाव से बॉन्ड की कीमतें प्रभावित हो सकती हैं।

**कराधान :** इन प्रतिभूतियों से प्राप्त आय पर कर का भुगतान करना होता है और दीर्घकालिक – अल्पकालिक कर लाभ नियम अलग होते हैं।





**सुरक्षा :** आमतौर पर, सरकारी बांड अधिक सुरक्षित माने जाते हैं।

**स्थिरता :** निश्चित आय उपकरणों से नियमित आय सुनिश्चित होती है।

**कम जोखिम :** शेयर बाजार की तुलना में कम उतार–चढ़ाव होता है।

**ऋण बाजार :** ऋण बाजार वह जगह है जहां निवेशक विभिन्न प्रकार के ऋण उपकरण खरीदते और बेचते हैं। कॉर्पोरेट बांड, नगरपालिका बांड, और अन्य ऋण साधन। इसमें दीर्घकालिक और लघुकालिक ऋण उपकरण शामिल होते हैं।

**उपयोग :** कंपनियां और सरकारें पूंजी जुटाने के लिए ऋण बाजार का उपयोग करती हैं।

**ब्याज दरें :** ऋण बाजार की ब्याज दरें बाजार की मौजूदा आर्थिक स्थिति के आधार पर बदलती हैं।

# आयकर अधिनियम समीक्षा : सरकार अगले महीने उद्योग से सुझाव करेगी आमंत्रित

नई दिल्ली, एजेंसी

● उद्योग मंडलों की गत बैठक में सरकार ने कहा था- आयकर पोर्टल में ऐसी सुविधा बनाएंगे, जिसमें सुझाव दिए जा सकेंगे

प्रत्यक्ष कर कानून को सरल बनाने की कवायद के तहत सरकार ने अक्टूबर से आयकर अधिनियम, 1961 पर निजी क्षेत्र और कर विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित करने का प्रस्ताव किया है। इस महीने की शुरुआत में उद्योग मंडलों के साथ बैठक में सरकार ने कहा था कि आयकर पोर्टल में एक ऐसी सुविधा बनाई जाएगी, जिसमें आयकर कानून की विभिन्न धाराओं के बारे में सुझाव दिए जा सकेंगे। इसका मकसद भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है।

बजट घोषणा के बाद केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने छह दशक पुराने प्रत्यक्ष कर कानून की व्यापक समीक्षा और इसे संक्षिप्त, पढ़ने और समझने में सुगम बनाने के लिए एक आंतरिक समिति गठित की थी। सूत्र ने बताया कि उद्योग संघों के साथ बैठक में राजस्व विभाग ने सुझाव दिया कि आयकर कानून को फिर से तैयार करने पर सुझाव को लेकर अक्टूबर के पहले सप्ताह तक पोर्टल पर यह सुविधा डाली जाए। यह कवायद नया कर कानून या कर संहिता लिखने को नहीं है। पुराने प्रावधानों को हटाने से ही पृष्ठों की संख्या में करीब 100 की कमी आ सकती है। आयकर कानून की समीक्षा का उद्देश्य भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है।

# 60,000 करोड़ जुटाने की तैयारी में कई कंपनियां

**नई दिल्ली।** दो माह में हुंदै मोटर इंडिया, स्विगी और एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी सहित आधा दर्जन से अधिक कंपनियां 60,000 करोड़ जुटाने के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में हैं। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों ने यह जानकारी दी। एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, वारी एनर्जीज, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस, वन मोबिक्विक सिस्टम्स और गरुड़ कंस्ट्रक्शन भी आईपीओ ला रही हैं। इक्विरस के प्रबंध निदेशक मुनीश अग्रवाल को उम्मीद है कि सितंबर दिसंबर के बीच 30 से अधिक आईपीओ आएंगे।

# सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ रोजगार का सृजन नहीं कर रहा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी


● आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा- सरकार को श्रम-गहन उद्योगों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि 7% की आर्थिक वृद्धि के साथ भारत पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं कर रहा है। इसका अंदाजा कुछ राज्यों में रिक्त पदों के लिए आवेदकों की संख्या से लगाया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार को रोजगार पैदा करने के लिए श्रम-गहन उद्योगों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।

राजन ने कहा कि कुछ भारतीय विशेष रूप से उच्चस्तर पर, संतोषजनक स्थिति में हैं और उनकी आमदनी अधिक है। लेकिन निचले आधे हिस्से में उपभोग वृद्धि अब भी नहीं सुधरी है और यह कोविड-पूर्व स्तर तक नहीं पहुंच पाई है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण हिस्सा है...आप सोचेंगे कि सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ, हम बहुत सारी नौकरियां पैदा करेंगे। लेकिन अगर आप हमारी विनिर्माण वृद्धि को देखें, तो यह अधिक पूंजी गहन है। उन्होंने कहा कि पूंजी-गहन उद्योग अधिक तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन श्रम-गहन उद्योगों के साथ ऐसी बात नहीं है। आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने कहा कि निचले स्तर पर सब ठीक नहीं चल रहा है।

# जीएसटीएन ने किया जीएसटी रिटर्न का आंकड़ा बहाल

**नई दिल्ली।** जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने रविवार को कहा कि जुलाई-अगस्त 2017 के मासिक रिटर्न का आंकड़ा पोर्टल पर बहाल किया गया है। ये जीएसटी लागू होने के शुरुआती महीने थे। जीएसटीएन ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह अपनी आंकड़ा नीति को लागू कर रहा है, जिसके अनुसार करदाताओं के आंकड़े केवल सात साल के लिए ही रखे जाएंगे। जिन्हें अभिलेखागार (आर्काइव) में रखा जाएगा। उद्योग जगत ने इसे लागू करने से पहले समय मांगा था, ताकि वे जीएसटी पोर्टल से आंकड़े डाउनलोड कर सकें।



# ईसी के सदस्यों का ध्यान खुद के फायदे पर : उषा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को अपने तरीके से चलाने का आरोप लगाते हुए अध्यक्ष पीटी उषा ने रविवार को कार्यकारी परिषद (ईसी) में बगावत करने वाले सदस्यों पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि उनका मकसद देश के खेल की भलाई करने की जगह खुद के फायदे और मौद्रिक लाभ लेने पर है।

उषा ने यहां एक आधिकारिक विज्ञप्ति में आरोप लगाया कि इनमें से कुछ ईसी सदस्यों का ट्रैक रिकॉर्ड बेहद संदिग्ध है। इसमें लैंगिक भेदभाव के आरोप और यहां तक कि उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले भी दर्ज हैं। भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एक खिलाड़ी के रूप में अपने 45 साल लंबे करियर में मैंने कभी ऐसे लोगों का सामना नहीं

- आईओए अध्यक्ष ने संघ को अपने तरीके से चलाने के लगाए आरोप ईसी के कुछ सदस्यों का ट्रैक रिकॉर्ड संदिग्ध



किया है जो हमारे खिलाड़ियों की आकांक्षाओं और हमारे देश के खेल भविष्य के प्रति इतने उदासीन हैं। इन व्यक्तियों का पूरा ध्यान खेल प्रशासन में उनकी लंबे समय तक उपस्थिति और नियंत्रण के माध्यम से खुद के फायदे और मौद्रिक लाभ लेने पर रहता है। इस पूर्व दिग्गज एथलीट ने बिना किसी का नाम लिए कहा यह बताना भी जरूरी है कि इनमें से कुछ ईसी सदस्यों के ट्रैक रिकॉर्ड बेहद संदिग्ध हैं। उन पर लैंगिक पूर्वाग्रह के आरोप हैं। यहां तक कि उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले भी दर्ज हैं।

कार्यकारी परिषद के 12 सदस्यों ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के सीनियर अधिकारी जेरोम पोइवे को पत्र लिखकर इस दिग्गज एथलीट पर तानाशाही से काम करने का आरोप लगाया। बैठक के दौरान उषा द्वारा आईओए सीईओ के पद से रघुराम अय्यर को हटाने की उनकी मांग को खारिज करने के बाद आईओसी को पत्र लिखा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय एच पटेल, उपाध्यक्ष राजलक्ष्मी देव और गगन नारंग, कोषाध्यक्ष सहदेव यादव, संयुक्त सचिव अलकनंदा अशोक और कल्याण चौबे, अन्य कार्यकारी परिषद सदस्य अमिताभ, भूपेंद्र बाजवा, रोहित, डोला, हरपाल सिंह और योगेश्वर दत्त ने पत्र पर हस्ताक्षर किए। सदस्यों ने पोइवे को लिखा कि वे आईओए के सीईओ के पद के लिए फिर से विज्ञापन देंगे।

## पीसीबी ने दी चेतावनी- फिटनेस सुधारो, नहीं तो अनुबंध समाप्त

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने छह-सात केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों को कड़ी चेतावनी जारी की है जिसमें उन्हें कहा गया है कि या तो वे अपनी फिटनेस सुधारें, वर्ना उनके अनुबंध गंवाने का जोखिम रहेगा।

पाकिस्तान टीम के फिटनेस ट्रेनर और फिजियो सोमवार को लाहौर में एक और फिटनेस जांच करेंगे क्योंकि कुछ खिलाड़ी इस महीने की शुरू में फिटनेस संबंधित जरूरी मानदंडों को पूरा नहीं कर पाए थे। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा जिन खिलाड़ियों के पास केंद्रीय और घरेलू अनुबंध हैं, उन्हें स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि फिटनेस पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। दो विदेशी मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी और गैरी कर्स्टन ने पीसीबी अध्यक्ष से कहा था कि फिटनेस के संबंध में किसी भी खिलाड़ी से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

# पाकिस्तान के राष्ट्रीय चयनकर्ता पद से मो. यूसुफ ने दिया इस्तीफा

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने निजी कारणों का हवाला देते हुए रविवार को राष्ट्रीय चयनकर्ता का पद छोड़ दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा मैं व्यक्तिगत कारणों से पाकिस्तान क्रिकेट टीम के चयनकर्ता के रूप में अपने इस्तीफे की घोषणा करता हूं। इस बेहतरीन टीम की सेवा करना मेरे लिए शानदार रहा है। मुझे पाकिस्तान क्रिकेट के विकास और सफलता में योगदान देने पर गर्व है।

उन्होंने कहा मुझे अपने खिलाड़ियों की प्रतिभा और जज्बे पर बहुत भरोसा है। यह टीम बेहतर होने के अपने प्रयास को जारी रखेगी और मैं टीम



- पिछले साल से विभिन्न भूमिकाओं में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से जुड़े हुए हैं मोहम्मद यूसुफ

को शुभकामनाएं देता हूं। यूसुफ पिछले साल से विभिन्न भूमिकाओं में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से जुड़े हुए हैं। वह उस राष्ट्रीय चयन समिति का हिस्सा थे जिसमें दो पूर्व टेस्ट खिलाड़ी, मुख्य कोच, कप्तान और एक विश्लेषक शामिल हैं। चयन समिति में एक अन्य पूर्व खिलाड़ी असद शफीक है।

## खेल डायरी

### भारतीय पुरुष निशानेबाजी टीम ने जीता स्वर्ण पदक

**लीमा।** भारतीय पुरुष और महिला निशानेबाजी टीमों ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2024 की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के स्वर्ण पदक अपने नाम किये। वहीं कनक ने महिला व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में कांस्य पदक जीता। पेरु की राजधानी लीमा के लास पालमास शूटिंग रेंज में शनिवार को प्रतिस्पर्धा करते हुए, कनिष्का डागर (573), लक्षिता (571) और अंजलि चौधरी (564) ने क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 1708 का स्कोर अर्जित करते हुए भारत को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा की टीम श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में अजरबैजान (1707) के स्कोर के साथ रजत और यूक्रेन को (1704) का स्कोर कर कांस्य पदक जीता। भारतीय निशानेबाज कनक ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ महिला जूनियर निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजी टीम के व्यक्तिगत पदकों का खाता भी खोल दिया है। भारत ने इस प्रतियोगिता में कुल दो स्वर्ण, कांस्य सहित तीन पदक जीते।

### भारतीय वुशु खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण सहित सात पदक जीते

**नई दिल्ली।** भारतीय वुशु खिलाड़ियों ने रविवार को ब्रुनेई के में समाप्त हुई नौवीं जूनियर विश्व वुशु चैंपियनशिप में दो स्वर्ण सहित सात पदक जीते। भारत ने प्रतियोगिता में एक रजत और चार कांस्य पदक भी जीते। भारतीय वुशु संघ ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा यह पहली बार है जब 48 किग्रा भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे भारतीय खिलाड़ी आर्यन ने चीन के खिलाड़ी के खिलाफ कड़े मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा भारतीय खिलाड़ी शौर्य ने ईरान के प्रतिद्वंद्वी को हराकर एक और स्वर्ण पदक जीता। नांग मिंगबी बोरफुकन ने ताओलू जियान शू सी ग्रुप स्पर्धा में रजत पदक जीता। तनिश नागर (56 किग्रा), अभिजीत, दिव्यांशी (60 किग्रा महिला) और युवराज (42 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता। इस चैंपियनशिप में 24 सदस्यीय भारतीय टीम ने हिस्सा लिया।

### ताइवान ओपन में संयुक्त 23वें स्थान पर रहे युवराज

**ताइपे सिटी (ताइवान)।** पहले दौर में शानदार प्रदर्शन करने वाले युवराज संधू ने चीनी ताइपे में येंगडर टीपीसी गोल्फ टूर्नामेंट के चौथे और अंतिम दौर में रविवार को यहां तीन अंडर 69 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 23वें स्थान पर रहे जो भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ है। युवराज ने पहले दौर में 65 का कार्ड खेलकर शानदार शुरुआत की थी जिससे वह संयुक्त दूसरे स्थान पर थे। यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि अगले दो दौर में अपनी लय बरकरार नहीं रख पाया। उन्होंने दूसरे दौर में 71 और तीसरे दौर में 74 का स्कोर बनाया। आखिर में उनका कुल स्कोर नौ अंडर रहा। भारत के अन्य खिलाड़ियों में करणदीप कोचर (67–68–73–73) पहले दो दिनों की अच्छी शुरुआत को बरकरार नहीं रख पाए और आखिर में उन्हें संयुक्त 32वें स्थान से संतोष करना पड़ा। अजितेश संधू (67–72–69–73) भी संयुक्त 32वें स्थान पर रहे जबकि शिव कपूर (68–70–72–77) ने संयुक्त 63वां स्थान हासिल किया। थाईलैंड के सुतीपत प्रतीप्तिएंचाई ने दो शॉट की बढ़त के साथ खिताब जीता।

### ओडिशा में खुलेंगे खेलो इंडिया के पांच और नए केंद्र

**बरहमपुर (ओडिशा)।** ओडिशा के पांच जिलों में केंद्र सरकार की योजना के तहत खेलों इंडिया केंद्र (केआईसी) खोले जायेंगे। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। नए केआईसी तीन खेलों से जुड़े होंगे और ये केंद्र गंजम, गजपति, झारसुगुड़ा, नयागढ़ और देवगढ़ जिलों में खोले जाएंगे। खेलो इंडिया बास्केटबॉल केंद्र गंजम जिले के क्वीन ऑफ मिशन हाई स्कूल में खोला जाएगा। खेलो इंडिया खो–खो केंद्र क्रमश: गजपति और झारसुगुड़ा जिलों के एसवीटी हाई स्कूल और आरके स्कूल में खोले जाएंगे। फुटबॉल के लिए केंद्र क्रमश: देवघर और नयागढ़ जिलों में तेलीबानी पीएस हाई स्कूल और नारायण हाई स्कूल में खोला जाएगा। इसमें से तेलीबानी पीएस हाई स्कूल को छोड़कर सभी स्कूल सरकारी है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने गुरुवार को इस मामले से जुड़े प्राधिकारी द्वारा परियोजना को मंजूरी दिए जाने के बाद हाल ही में ओडिशा सरकार को केंद्र खोलने के बारे में सूचित किया है। साइ को केंद्र चलाने के लिए धन मुहैया कराया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक खेल के लिए प्रस्तावित पांच केंद्रों के लिए कोच या सलाहकार अगले दो महीनों में नियुक्त किए जाएंगे जिसमें पूर्व चैंपियन एथलीटों को प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त करने का प्रावधान है।

## जिन खिलाड़ियों ने कम से कम पांच कैलेंडर वर्ष में कोई मैच नहीं खेला है वो अनकैप्ड

# अनकैप्ड खिलाड़ी बने धोनी

बेंगलुरु, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की संचालन परिषद में शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने फैसला किया कि जिन भारतीय खिलाड़ियों ने कम से कम पांच कैलेंडर वर्ष में कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेला है, उन्हें अनकैप्ड खिलाड़ी माना जाएगा, हालांकि माना जा रहा है कि यह कदम इसलिए उठाया गया ताकि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) अपने स्टार क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को रिटेन कर सके जो आखिरी बार 2019 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में देश के लिए खेले थे।

बीसीसीआई के अनुसार अगर कोई भारतीय खिलाड़ी संबंधित सत्र के आयोजन से पहले पिछले पांच कैलेंडर वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट (टेस्ट मैच, वनडे, टी-20 अंतर्राष्ट्रीय) में शुरुआती एकादश में नहीं खेला है या उसके पास बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध नहीं है तो एक कैप्ड (अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाला) भारतीय खिलाड़ी अनकैप्ड (जिसने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) हो जाएगा। शनिवार को संचालन परिषद की बैठक में यह फैसला किया था कि 10 फ्रेंचाइजी को पिछली टीम से अधिकतम छह खिलाड़ियों को बरकरार रखने (रिटेन) की अनुमति होगी जिसमें नीलामी का एक राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड भी शामिल होगा, जिसकी कीमत 120 करोड़ के बढ़े हुए टीम पर्स में से 75 करोड़ होगी। अनकैप्ड खिलाड़ी के लिए रिटेन करने का खर्चा चार-चार करोड़ होगा इसलिए सीएसके अगर धोनी को रिटेन भी करती है तो नीलामी के लिए निश्चित रूप से बचत कर सकती है। पिछली नीलामी में 2022 में एक टीम को चार खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी गई थी।

### नाम वापस लिया तो विदेशियों पर लगेगा दो साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** नीलामी में खरीदे जाने के बाद अगर कोई विदेशी खिलाड़ी बिना किसी ठोस कारण के स्वयं को सत्र के लिए अनुपलब्ध बताता है तो ऐसे खिलाड़ी पर दो साल का प्रतिबंध लगाया जाएगा। गवर्निंग काउंसिल ने 2025-2027 सत्र के नए नियमों के तहत बिना किसी ठोस कारण खरीदे जाने के बाद बावजूद स्वयं को अनुपलब्ध बताने वाले खिलाड़ी को दो साल के लिए प्रतिबंधित किया जाएगा। वहीं, छोटी नीलामी में विदेशी खिलाड़ी के लिए का प्राइस टैग सबसे ज्यादा रिटेंशन प्राइस (18 करोड़) तथा बड़ी नीलामी की बड़ी बोली से अधिक नहीं होगी। खिलाड़ी चिकित्सीय कारणों से अनुपलब्ध रहता है तो ऐसी स्थिति में कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी लेकिन इस संबंध में खिलाड़ी के होम बोर्ड से भी पुष्टि की जाएगी। विदेशियों का बड़ी नीलामी में पंजीकरण अनिवार्य होगा।



### आईपीएल टीमें 31 तक कर सकती हैं रिटेंशन

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की नीलामी के लिए टीमों के पास रिटेंशन फाइनल करने की डेडलाइन 31 अक्तूबर रखी गई है। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के नए नियमों के तहत फ्रैंचाइजी संयुक्त रूप से रिटेंशन और राइट टू मैच विकल्प चुन सकती हैं। नियमों के तहत अधिकतम छह खिलाड़ी रिटेन किया जा सकता हैं। आईपीएल की जारी विज्ञप्ति के अनुसार रिटेंशन और आरटीएम के लिए अपना संयोजन चुनना आईपीएल फ्रैंचाइजी के अपने विवेक पर है। छह रिटेंशन या आरटीएम हो सकते हैं, जहां पांच अधिकतम कैप्ड खिलाड़ी और दो अधिकतम अनकैप्ड खिलाड़ी। रिटेंशन में अगर कोई खिलाड़ी 31 अक्तूबर से पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण कर कर लेता है तो उसको कैप्ड माना जाएगा। लेकिन अगर कोई रिटेन हुआ अनकैप्ड खिलाड़ी नीलामी से एक दिन पहले भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण करता है तो उसको अनकैप्ड ही माना जाएगा। बड़ी नीमाली को भी बढ़कर 20 करोड़ रूपये किया गया है। इसके तहत अब हर फ्रैंचाइजी के पास 120 करोड़ खर्च करने को होंगे। जिसमें से 75 करोड़ खिलाड़ियों पर खर्च करने होंगे।

## न्यूजीलैंड से शृंखला जीतकर श्रीलंका ने रच दिया इतिहास



**गॉल (श्रीलंका)।** श्रीलंका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां दूसरे टेस्ट मैच में चौथे दिन ही न्यूजीलैंड को पारी और 154 रन से करारी शिकस्त देकर दो मैच की शृंखला में क्लीन स्वीप किया। श्रीलंका ने इस शृंखला में शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा। यह पिछले 15 वर्षों में पहला अवसर है जबकि उसने न्यूजीलैंड को शृंखला में हराया। श्रीलंका के इस जीत के नायक बाएं हाथ से स्पिनर प्रभात जयसूर्या रहे। उन्होंने दो मैच में 18 विकेट लिए और उन्हें शृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस बीच कामिंदु मेंडिस को दूसरे टेस्ट मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने नाबाद 182 रन बनाए जिससे श्रीलंका ने अपनी पहली पांच विकेट पर 602 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। मेंडिस इस पारी के दौरान सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दिग्गज बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गए। दूसरे टेस्ट मैच में उन्हें अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे निशान पेइरिस का भी अच्छा साथ मिला जिन्होंने नौ विकेट लिए, जिसमें दूसरी पारी के पांच विकेट भी शामिल हैं। श्रीलंका के विशाल स्कोर के सामने उसकी टीम पहली पारी में केवल 88 रन पर सिमट गई थी और उसे फॉलोऑन के लिए मजबूर होना पड़ा। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 360 रन बनाकर कुछ चुनौती पेश की लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

# मेस्सी के गोल से इंटर मियामी शीर्ष के करीब

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)।** लियोनेल मेस्सी ने अपनी ख्याति के अनुरूप शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल दागा जिससे इंटर मियामी मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप प्लेऑफ के लिए शीर्ष वरीयता हासिल करने के करीब पहुंच गया। मेस्सी ने 67वें मिनट में गोल किया जिसकी बदौलत इंटर मियामी ने शनिवार रात चार्लोट एफसी के खिलाफ मैच 1–1 से ड्रॉ खेलकर मेजर लीग सॉकर में अपने अजेय अभियान को आठ मैच तक पहुंचा दिया। मेस्सी का इस सत्र में 16 लीग मैचों में यह 15वां गोल था। मेस्सी एमएलएस इतिहास में एक सत्र में कम से कम 15 गोल करने और 15 गोल में मदद करने वाले छठे खिलाड़ी बन गए हैं। उनकी यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस बीच वह विभिन्न कारणों से लीग के 15 मैचों में नहीं खेल पाए थे। इस मैच में ड्रॉ से इंटर मियामी प्लेऑफ के लिए शीर्ष वरीयता हासिल करने के करीब पहुंच गया है। उसके अभी 65 अंक हैं जबकि उसके करीबी कोलंबस के 57 अंक हैं।



## ओसासुना ने थामा बार्सिलोना का विजय अभियान

**बार्सिलोना।** ब्रायन जरागोजा के बेहतरीन प्रदर्शन से ओसासुना ने बार्सिलोना को 4–2 से पराजित करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में पिछले सात मैच से चला आ रहा उसका विजय अभियान रोक दिया और इस तरह से उसे क्लब के रिकॉर्ड की बराबरी नहीं करने की। बायर्न म्यूनिख की तरफ से खेल चुके फॉरवर्ड जरागोजा ने 17वें मिनट में एंटे बुदिमीर के लिए गोल बनाया और फिर 28वें मिनट में गोलकीपर इनाकी पेना को छकाकर स्कोर 2–0 कर दिया। बार्सिलोना के युवा खिलाड़ी पाउ विक्टर ने 53वें मिनट में गोल करके दर्शकों में कुछ जोश भरा लेकिन बुदिमीर ने 72वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर मैच का परिणाम लगभग सुनिश्चित कर लिया। एबेल ब्रेटोन्स ने 85वें मिनट में स्कोर 4–1 कर दिया जबकि स्थानापन्न लैमिन यामल ने बार्सिलोना के लिए दूसरा गोल किया। बार्सिलोना अगर ओसासुना को हरा देता तो 2013 में बनाए गए शुरुआती आठ मैच जीतने के अपने पिछले रिकार्ड की बराबरी कर लेता।

# गीली आउटफील्ड, तीसरा दिन भी गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में रविवार को तीसरा दिन भी मायूसी भरा रहा। तीसरे दिन ग्रीनपार्क मैदान से कवर्स हटे, लेकिन मैदान पर पानी जमा होने के कारण कई जगह आउटफील्ड गीली थी। मैदान के बाहरी हिस्से में भरा पानी निकालने को सुबह भी सुपर सॉपर का इस्तेमाल हुआ। अंपायरों ने दिनभर में तीन बार फील्ड का निरीक्षण किया। आउटफील्ड गीली व कई जगह फिसलन मिलने पर अंपायरों ने दोपहर करीब दो बजे खेल रद की घोषणा कर दी।

टेस्ट सीरीज के तीसरे दिन रविवार को उम्मीद के साथ क्रिकेट प्रेमी सुबह आठ बजे से ही ग्रीनपार्क स्टेडियम में पहुंचना शुरू हो गए। सुबह आसमान भी काफी साफ दिखा, इसलिए ग्राउंड्स मैन ने तीन दिन से मैदान पर पड़े कवर्स नौ बजे तक हटा लिए। इसके बाद तीनों सुपर सॉपर मैदान पर घूमने लगे। आउटफील्ड का पानी निकालने का काम तेजी से शुरु किया गया। इसके बाद अंपायरों ने सुबह 10 बजे मैदान का निरीक्षण किया। मिड ऑन व मिड ऑफ क्षेत्र मंथ मैदान काफी गीला मिला। दोपहर 12 बजे तीनों अंपायरों ने फिर निरीक्षण किया। फिर दोपहर दो बजे तीसरी बार तीनों अंपायर पिच क्यूरेटर के साथ मैदान पर पहुंचे। मैदान का जायजा लेने के साथ कई स्थानों की स्थिति भी देखी। कई स्थान काफी गीले मिले। इसके बाद दोपहर 2.02 बजे तीसरे दिन का खेल रद करने की घोषणा कर दी गई। ग्रीनपार्क में 27 सितंबर को शुरु हुई टेस्ट सीरीज का दूसरे टेस्ट मैच में अब तक दो दिन बारिश की भेंट चढ़ चुका है। पहले दिन मात्र 166 मिनट ही खेल हो चुका है। पहले दिन बांग्लादेश टीम 35 ओवर में 3 विकेट खोकर 107 रन बना चुकी है।

## बॉलीवुड हलचल

# जोडी कोमर की बड़ी फैन हैं तृप्ति



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी का कहना है कि वह हॉलीवुड अभिनेत्री जोडी कोमर की बहुत बड़ी फैन हैं और उनसे मिलना चाहती हैं। तृप्ति डिमरी तेजी से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना रही हैं। तृप्ति डिमरी ने हॉलीवुड की एक ऐसी हस्ती के लिए अपनी प्रशंसा साझा की, जिसने उनके अभिनय को गहराई से प्रभावित किया है। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान, तृप्ति एमी पुरस्कार विजेता अभिनेत्री जोडी कोमर के लिए अपने प्यार के बारे में बात की। तृप्ति डिमरी ने कहा, एक हॉलीवुड अभिनेत्री जिससे मैं मिलना चाहूंगी, वह हैं जोडी कोमर। मैं किलिंग ईव के बाद से उनकी बड़ी प्रशंसक हूं। मैंने ईव देखने के बाद उन्हें मैसेज किया क्योंकि मैं उनके अभिनय से अभिभूत थी और सोच रही थी कि उन्होंने यह कैसे किया। मैंने वास्तव में कला के लिए उनके कुछ दृश्य देखे, बस यह देखने के लिए कि वह जो कर रही हैं, वह कैसे कर रही हैं।

# शाहरूख और रानी को आइफा का सर्वश्रेष्ठ अवार्ड

अबुधाबी, एजेंसी

बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान और अभिनती रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) अवार्ड दिया गया। अबुधाबी में तीन दिन तक चलने वाले आइफा अवॉर्ड शो का दूसरा दिन बॉलीवुड सितारों के नाम रहा। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार शाहरूख खान को फिल्म जवान जबकि सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार रानी मुखर्जी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए दियाग गया।

सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार फिल्म एनिमल को दिया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ निर्देशन का पुरस्ककार विधु विनोद चोपड़ा को फिल्म 12वीं फेल के लिए मिला। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार अनिल कपूर को फिल्म एनिमल के लिये दिया गया, जबकि शबाना आजमी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिये सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के पुरस्कार से सम्मानित की गयी। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (नेगेटिव रोल) का पुरस्कार बॉबी देओल को फिल्म एनिमल के लिए मिला।



सर्वश्रेष्ठ कहानी, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, सर्वश्रेष्ठ संगीत फिल्म एनिमल, सर्वश्रेष्ठ लिरिक्स, सिद्धार्थ-गरिमा (एनिमल का गाना सतरंगा), सर्वश्रेष्ठ प्लेबैक सिंगर, भूपिंदर बब्बल, गाना अर्जन वैली फिल्म एनिमल, सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका (महिला) शिल्पा राव, गाना चलेया फिल्म जवान के लिए दिया गया। आउटस्टैंडिंग कॉन्ट्रीब्यूशन टू इंडियन सिनेमा, जयंतीलाल गड़ा, हेमा मालिनी, अचीवमेंट ऑन कंप्लीटिंग 25 ईयर्स इन सिनेमा का पुरस्कार करण जौहर को दिया गया।

बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। हेमा मालिनी, रेखा, शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, अनिल कपूर, बॉबी देओल, विक्की कौशल, शाहिद कपूर और कृति सनोन जैसे सितारे ने शामिल होकर इस कार्यक्रम में चार चांद लगाए। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण में से एक शाहरुख खान थे, जिन्होंने न केवल कार्यक्रम की मेजबानी की, बल्कि अपने खास अंदाज से दर्शकों का खूब मनोरंजन भी किया। मंच पर उनके साथ विक्की कौशल और करण जौहर भी नजर आए।

# जेसिका संघर्षपूर्ण जीत के साथ अगले दौर में

बीजिंग, एजेंसी

अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने रविवार को यहां टाइब्रेकर तक खिंचा पहला सेट हारने के बाद शानदार वापसी करके चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। पेगुला ने तीसरे दौर में रूस कीवेरोनिका कुदेरमेतोवा पर 6-7 (9), 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की।

पेगुला ने अपने पिछले 19 मैचों में से 17 में जीत हासिल की है, जिसमें टोरंटो में अपने खिताब का बचाव करना तथा सिनसिनाटी और अमेरिकी ओपन के फाइनल में जगह बनाना शामिल है। यह अमेरिकी खिलाड़ी चौथे दौर में स्पेन की 15वीं वरीयता प्राप्त पाओला बडोसा से भिड़ेंगी, जिन्होंने सर्बिया की रेबेका श्रामकोवा को 7-5, 7-5 से हराया। एक अन्य मैच में पोलैंड की 23वीं वरीयता प्राप्त मैग्डेलेना फ्रेच ने खराब शुरुआत से उबरते हुए 12वीं वरीयता प्राप्त डायना श्नाइडर को 0-6, 6-3, 6-4 से हराया। पुरुष वर्ग में स्थानीय खिलाड़ी बू युनचाओकेते ने पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता लोरेंजो मुसेटी को 6-2, 6-4 से हराकर उलटफेर किया। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी की शीर्ष 20 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है।

चाइना ओपन



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# श्रोता ही हैं मन की बात के असली सूत्रधार, सकारात्मक बातें लोगों को पसंद: मोदी

## प्रधानमंत्री ने मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी में स्वच्छता मुहिम के प्रति किया प्रेरित

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रोताओं को मन की बात कार्यक्रम का असली सूत्रधार करार देते हुए रविवार को कहा कि इस रेडियो कार्यक्रम ने साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है और सकारात्मक बातें एवं प्रेरणादायी उदाहरण उन्हें बहुत पसंद आते हैं। आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी को संबोधित करते हुए मोदी ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान के महत्व को भी रेखांकित किया और लोगों से इसमें भाग लेने का आह्वान किया। मन की बात की इस कड़ी के साथ ही इसके 10 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इस कार्यक्रम की लंबी यात्रा में ऐसे कई पड़ाव आए जिन्हें वह कभी भूल नहीं सकते। उन्होंने कहा हमारी इस यात्रा के कई ऐसे साथी हैं जिनका हमें निरंतर सहयोग मिलता रहा है। देश के कोने-कोने से उन्होंने जानकारियां उपलब्ध कराईं। मन की बात के श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार हैं।



प्रधानमंत्री ने कहा कि आमतौर पर एक धारणा ऐसी गढ़ी गई है कि जब तक किसी कार्यक्रम में चटपटी और नकारात्मक बातें न हों तब तक उसे ज्यादा तवज्जो नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा लेकिन मन की बात ने साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है। सकारात्मक बातें एवं प्रेरणादायी उदाहरण लोगों को बहुत पसंद आते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह कार्यक्रम से जुड़ी चिट्ठियों को पढ़ते हैं और पाते हैं कि देश में कितने प्रतिभावान लोग हैं और उनमें देश एवं समाज की सेवा करने का कितना जज्बा है तो उन्हें गर्व होता है। मन की बात की यह पूरी प्रक्रिया मेरे लिए ऐसी है जैसे मंदिर जाकर ईश्वर के दर्शन करना। उन्होंने इस कार्यक्रम से जुड़े सभी लोगों के अलावा इसके प्रचार प्रसार में योगदान देने वाले मीडिया समूहों का आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के दौरान जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान के महत्व को भी रेखांकित किया। मोदी ने कहा कि मेक इन इंडिया कार्यक्रम के 10 साल पूरे हो रहे हैं और हर क्षेत्र में निर्यात बढ़ रहा है तथा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में बढ़ोतरी इसकी सफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय निर्माताओं को काफी मदद मिली है। अमेरिका की अपनी हाल की यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में करीब 300 प्राचीन वस्तुओं को वापस भेजने की व्यापक चर्चा हो रही है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ें

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण की रक्षा का संकल्प के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। मोदी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अद्भुत अभियान रहा। जनभागीदारी का ऐसा उदाहरण प्रेरित करने वाला है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर शुरू किए गए इस अभियान में देश के कोने-कोने में लोगों ने कमाल करके दिखाया है। उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान ने लक्ष्य से अधिक संख्या में पौधारोपण कर नया रिकॉर्ड बनाया है।

### मेक इन इंडिया उत्पाद खरीदें

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने मेक इन इंडिया अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने का उल्लेख करते हुए फिर से देशवासियों से सिर्फ मेक इन इंडिया उत्पाद खरीदने की रविवार को अपील की। मोदी ने कहा इस महीने एक और महत्वपूर्ण अभियान मेक इन इंडिया को 10 साल पूरे हुए हैं।

### प्रधानमंत्री ने कहा- जल सहेली ने नदी को बचाया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जल संरक्षण का आह्वान करते हुए उत्तर प्रदेश महिला समूह जल सहेली और मध्य प्रदेश की महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। मोदी ने कहा कि बारिश के दिनों में बचाया गया पानी जल संकट के महीनों में बहुत मदद करता है। मोदी ने कहा मुझे खुशी है कि पानी के संरक्षण को लेकर कई लोग नई पहल कर रहे हैं। ऐसा ही एक प्रयास उत्तर प्रदेश के झांसी में देखने को मिला है। आप जानते ही हैं कि झांसी के बुंदेलखंड की पहचान पानी किल्लत से जुड़ी हुई है। यहाँ कुछ महिलाओं ने घुरारी नदी को नया जीवन दिया है। उन्होंने आगे कहा ये महिलाएं सेल्स हेल्प ग्रुप से जुड़ी हैं और उन्होंने जल सहेली बनकर इस अभियान का नेतृत्व किया है।

## बांग्लादेश के कोर्ट ने पूर्व आईजीपी को रिमांड पर भेजा

**ढाका।** बांग्लादेश में ढाका की एक अदालत ने व्यवसायी अब्दुल वदूद की हत्या से संबंधित एक मामले में पूर्व पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) चौधरी अब्दुल्ला अल मामून को रविवार को चार दिन की रिमांड पर भेज दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अदालत ने इसी मामले में वार्ड पार्षद हसीबुर रहमान को भी पांच दिन की रिमांड पर भेजा है। ढाका ट्रिब्यून ने बताया कि ढाका के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट मोहम्मद महबूबुल हक ने आज सुबह रिमांड अवधि मंजूर की। इससे पहले, आरोपी को जांच अधिकारी और न्यू मार्केट थाने के उप निरीक्षक रेहान उद्दीन ने अदालत के समक्ष पेश किया, जिन्होंने 10 दिन की रिमांड मांगी।

## एक नजर

### नॉर्थ कैरोलाइना में विमान दुर्घटना में कई की मौत

**मैंटिओ।** नार्थ कैरोलाइना के मैंटिओ में राइट ब्रदर्स नेशनल मेमोरियल्स फर्स्ट फ्लाइट एयरपोर्ट में एक इंजन वाले विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कई लोगों की मौत हो गई। नेशनल पार्क सर्विस ने यह जानकारी दी। नेशनल पार्क सर्विस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि दुर्घटना शनिवार शाम पांच बजे हुई, उस वक्त विमान हवाई अड्डे पर उतरने की कोशिश कर रहा था। दुर्घटना के बाद विमान में आग लग गई। किल डेविल हिल्स जिले के दमकल विभाग और अन्य स्थानीय दमकल विभागों ने आग बुझाई। बयान में कहा गया कि हवाई अड्डे को फिलहाल बंद कर दिया गया है। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड घटना की जांच करेगा साथ ही संघीय विमानन प्रशासन को भी सूचित कर दिया गया है।

### मनीला में आग लगने से 6 लोगों की मौत, एक घायल

मनीला। फिलीपीन की राजधानी मनीला में रविवार सुबह होने से पहले एक घर में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई, जिसमें छह महीने का बच्चा और एक साल का बच्चा भी शामिल है, जबकि एक अन्य बच्चा घायल हो गया। अग्नि सुरक्षा ब्यूरो ने यह जानकारी दी। अग्निशमन अधिकारी रोडरिक एंड्रेस ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह 3 :50 बजे मनीला शहर के टोंडो जिले में एक चार मंजिला घर की दूसरी मंजिल पर आग लग गई।

### सिख संगठन को ब्रिटेन सरकार का मिला समर्थन

**लंदन।** लेबर पार्टी द्वारा कुछ वर्ष पहले स्वीकार की गई इस्लामोफोबिया की त्रुटिपूर्ण परिभाषा को कानूनी रूप दिए जाने के खिलाफ अभियान चला रहे एक ब्रिटिश सिख संगठन को ब्रिटेन सरकार के इस कदम से प्रोत्साहन मिला है कि यह प्रस्ताव ब्रिटेन के समानता अधिनियम के अनुरूप नहीं होगा। द नेटवर्क ऑफ सिख ऑर्गेनाइजेशंस (एनएसओ) ने इस महीने की शुरुआत में उप प्रधानमंत्री एंजेला रेनर और सरकार में धार्मिक मामलों के मंत्री लॉर्ड वाजिद खान को पत्र लिखकर आगाह किया था कि प्रस्तावित परिभाषा भारतीय उपमहाद्वीप के इतिहास के तथ्यात्मक अवलोकन को भी जोखिम में डाल देगी।


# हिजबुल्ला के शीर्ष कमांडर कराकी की मौत

## इजराइल के हवाई हमले में मारा गया, दर्जनों विमानों ने यमन में हूतियों के ठिकानों को बनाया निशाना

यरूशलम, एजेंसी

हिजबुल्ला ने पुष्टि की है कि उसके एक शीर्ष कमांडर अली कराकी की इजराइली हवाई हमले में मौत हो गई। शुक्रवार को बेरूत में समूह का प्रमुख नेता हसन नसरूल्ला भी मारा गया था। इजराइल ने हाल के हफ्तों में कई हमलों में लेबनान के इस आतंकवादी समूह के कई शीर्ष कमांडरों को मार गिराया है। इससे पहले इजराइल ने रविवार को कहा था कि उसने शनिवार को हवाई हमले में हिजबुल्ला की सेंट्रल काउंसिल के उप प्रमुख नबील कौक को मार गिराया।

हिजबुल्ला ने हालांकि अभी तक कौक की मौत की पुष्टि नहीं की है। लेबनान के विभिन्न हिस्सों में हजारों पेजर और वॉकी-टॉकी में धमाके कर मुख्य रूप से हिजबुल्ला के सदस्यों को निशाना बनाया गया है। हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल में सैकड़ों रॉकेट और मिसाइलें दागना जारी रखा है, लेकिन उनमें से ज्यादातर को रोक दिया गया या वे खुले क्षेत्रों में गिर गए। कौक 1980 के दशक से ही हिजबुल्ला का शीर्ष सदस्य था और इससे पहले दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के सैन्य कमांडर के रूप में काम कर चुका था। अमेरिका ने 2020 में उसके खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा की थी। वहीं, इजराइली सेना ने कहा है कि इजराइल पर हाल ही में हुए हमले के जवाब में दर्जनों विमानों ने यमन में हूतियों के ठिकानों पर हमले किए हैं। सेना ने कहा कि उसने होदेदा शहर में बिजली संयंत्रों और समुद्री बंदरगाह सुविधाओं को निशाना बनाया। हूतियों ने शनिवार को बेन गुरियन हवाई अड्डे पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया था। यह हमला तब हुआ था जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू वहां पहुंच रहे थे।





हिजबुल्ला का मारा गया शीर्ष कमांडर अली कराकी (फाइल)। हमले के बाद बेरुत की ध्वस्त इमारतें।

### दक्षिणी पूर्वी लेबनान में हवाई हमलों में 18 लोगों की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के 12 से अधिक कस्बों और गांवों पर रविवार को इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 18 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इजराइली लड़ाकू विमानों ने तड़के पूर्वी लेबनान के बालबेक, हरमेल और पश्चिमी बेका के इलाकों में करीब 30 हमले किए।

### चीन ने सभी पक्षों और इजराइल से तनाव घटाने की अपील की

**बीजिंग।** इजराइली बमबारी में ईरान समर्थित हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला की मौत के बाद, चीन ने रविवार को संबंधित पक्षों खासकर इजराइल से पश्चिम एशिया में संघर्ष को अनियंत्रित होने से रोकने के लिए तनाव घटाने के वास्ते तुरंत कार्रवाई करने का आह्वान किया। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि चीन इस घटना पर करीबी नजर रख रहा है और क्षेत्र में तनाव बढ़ने से काफी चिंतित है। इसके अलावा चीन ने भी एक सलाह जारी करके अपने नागरिकों से संघर्ष तेज होने के कारण लेबनान की यात्रा न करने के लिए कहा है। चीन लेबनान की संप्रभुता और सुरक्षा के उल्लंघन का विरोध करता है, निर्दोष नागरिकों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई का विरोध और निंदा करता है।

### सीरिया में अमेरिकी हवाई हमलों में 37 आतंकवादी मारे गए

बेरूत। सीरिया में दो हमलों में चरमपंथी इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह और अलकायदा संबंधी एक समूह से जुड़े 37 आतंकवादी मारे गए। अमेरिकी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। इसने कहा कि मृतकों में दो शीर्ष आतंकवादी थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक बयान में कहा कि उसने मंगलवार को उत्तर-पश्चिमी सीरिया में हमला किया, जिसमें अलकायदा से जुड़े हुर्रास अल-दीन समूह के एक शीर्ष आतंकवादी और आठ अन्य को निशाना बनाया गया। उन्होंने 16 सितंबर को किए गए एक हमले की भी जानकारी दी जिसमें उन्होंने मध्य सीरिया में एक दूरस्थ अज्ञात स्थान पर आईएस प्रशिक्षण शिविर पर बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया था।

### हूती समूह ने इजराइल के हवाई अड्डे पर किए मिसाइल हमले

**सना।** यमन के हूती समूह ने इजराइल में तेल अवीव के पास बेन गुरियन हवाई अड्डे पर मिसाइल हमला करने का दावा किया। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी द्वारा प्रसारित एक बयान में समूह के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आगमन पर बेन गुरियन हवाई अड्डे पर बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई थी। सरिया ने कसम खाई कि समूह इजराइल के अपराधों का जवाब देना जारी रखेगा और गाजा पट्टी और लेबनान के समर्थन में वृद्धि के स्तर को बढ़ाने में संकोच नहीं करेगा। इससे पहले इजराइली रक्षा बलों ने कहा कि उसने यमन से लॉन्च की गई सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल को सफलतापूर्वक रोक दिया।

# ... तो आकाश में बादलों के बीच फहरा दिया गोप्रतिष्ठा ध्वज

- मेघालय सरकार ने शंकराचार्य को नहीं दी हवाईअड्डे पर उतरने की अनुमति
- गोरक्षा समूह ने की पूर्वोत्तर के राज्यों में रैली, सभा और ध्वज स्थापित करने की घोषणा की थी

शैलेश अवस्थी, शिलांग

जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तरेश्वरानंद ने शिलांग में गोप्रतिष्ठा रैली की घोषणा की थी, लेकिन सरकार ने अनुमति नहीं दी, तो उन्होंने हवाई यात्रा के दौरान मेघालय में आकाश मार्ग पर गोध्वज फहरा कर अपना संकल्प पूरा करने का संदेश दिया।



शंकराचार्य के नेतृत्व में गोरक्षा समूह पूरे देश, खासतौर पर पूर्वोत्तर राज्यों में गोरक्षा रैली, सभा और गोध्वज फहराने की घोषणा की थी। इसके तहत गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने, देश में गौ हत्या पर प्रतिबन्ध लगाने की मांग की गई है। नागालैंड, मिजोरम और अरुणानांचल ने पहले ही गोरक्षा समूह के इस कार्यक्रम पर रोक लगा दी थी। इसका विरोध बड़े पैमाने पर विरोध के मद्देनज़र मेघालय सरकार ने अनुमति देने से इंकार कर दिया था। मेघालय के दबाव समूहों ने साफ कहा कि गोमांश मुख्य आहार में शामिल है और यह प्राचीन परंपरा है। गोरक्षा आंदोलन की कड़ी में शंकराचार्य पूरी टीम के साथ चार्टर्ड विमान से त्रिपुरा के अगरतला हवाईअड्डे पर उतरे, पर उन्हें वहां से बाहर निकलने और रैली करने की अनुमति नहीं दी गई। जद्दोजहद के बाद वह बीते शनिवार को शिलांग (मेघालय) के लिए उड़ान भरने को तैयार हुए, लेकिन वहां भी उतरने की अनुमति नहीं दी गई। हवाईअड्डे पर बड़े पैमाने पर लोग विरोध के लिए एकत्र हो गए। इसके बाद गोरक्षा समूह ने शिलांग में कार्यक्रम स्थगित कर दिया और उनके विमान ने गुवाहाटी के लिए उड़ान भरी। जैसे ही विमान बादलों के बीच पहुंचा, शंकराचार्य ने गोध्वज फहरा कर संदेश जारी किया कि हमने संकल्प पूरा कर लिया है। अन्य राज्यों में धरती पर 21 फुट, तो मेघालय में 21 हज़ार फुट ऊंचाई पर गोध्वज फहरा दिया। यह भी कहा कि वे फिर मेघालय आएंगे।

### ज़बरदस्त विरोध के कारण सरकार बैकफुट पर...

मेघालय में गोरक्षा आंदोलन के खिलाफ यहां के दबाव समूहों ने बड़े पैमाने पर विरोध शुरू कर दिया था, बवाल की आशंका थी। सरकार में भाजपा के दो मंत्री भी खिलाफ हो गए थे। तब मुख्य सचिव ने बैठक कर मेघालय में गोरक्षा रैली की अनुमति न देने का फैसला लिया। मेघालय में खासी छात्र समूह के महासचिव थबाह ने कहा कि परंपरा, संस्कृति से छेड़छाड़ की आजादी किसी को नहीं दी जाएगी, जो गोमांश का विरोध करेगा, उसे साथ भी नहीं बैठने देंगे।

# नेपाल में बाढ़, भूस्खलन से 125 मौतें

काठमांडू, एजेंसी

- पूर्वी और मध्य नेपाल का बड़ा हिस्सा शुक्रवार से जलमग्न
- 64 लोग लापता
- कई घायल

नेपाल में बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर रविवार को 125 हो गई। पूर्वी और मध्य नेपाल का बड़ा हिस्सा शुक्रवार से जलमग्न है और देश के कई हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गई है। सशस्त्र पुलिस बल के सूत्रों के अनुसार, बाढ़ और भूस्खलन के कारण 64 लोग लापता हैं और 61 लोग घायल हुए हैं। काठमांडू घाटी में सबसे ज्यादा लोगों की मौत हुई है। कम से कम 322 मकान और 16 पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सुरक्षाकर्मियों ने करीब 3,626 लोगों को बचाया।

सूत्रों ने बताया कि बचाव अभियान अब भी जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उन्होंने काठमांडू घाटी में पिछले 40-45 साल में इतनी विनाशकारी बाढ़ नहीं देखी। सशस्त्र पुलिस बल ने एक बयान में कहा कि मृतकों की संख्या 125 हो गई है। काठमांडू के पास स्थित धादिंग जिले में शनिवार को एक बस के भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। भक्तापुर शहर में भूस्खलन में एक मकान ढहने से पांच लोगों की मौत हो गई।



### भूस्खलन में छह फुटबॉल खिलाड़ियों की भी गई जान

मकवानपुर में ऑल इंडिया नेपाल एसोसिएशन द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण केंद्र में भूस्खलन की घटना में छह फुटबॉल खिलाड़ियों की जान चली गई और अन्य लोग बाढ़ के पानी में बह गए। मंगलवार तक बारिश जारी रहने के अनुमान के बावजूद रविवार को थोड़ी राहत मिली। इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (आईसीआईएमओडी) में जलवायु और पर्यावरण विशेषज्ञ अरुण भक्ता श्रेष्ठ ने कहा मैंने काठमांडू में पहले कभी इतने बड़े पैमाने पर बाढ़ नहीं देखी। आईसीएमओडी द्वारा शनिवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया कि काठमांडू की मुख्य नदी बागमती शुक्रवार और शनिवार को पूर्वी तथा मध्य नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद से खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

## बलूचिस्तान में पंजाब के सात मजदूरों की हत्या

**इस्लामाबाद/कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी आतंकवादियों ने हमला कर पंजाब प्रांत के कम से कम सात मजदूरों की हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बलूचिस्तान के पुलिस महानिरीक्षक मोअज्जम जाह अंसारी ने बताया कि मुल्तान के मजदूरों की शनिवार देर रात उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वे पंजगुर शहर के खुदा-ए-अबादन इलाके में एक निर्माणाधीन मकान में सो रहे थे। अंसारी ने बताया कि जिस वक्त हथियारबंद आतंकवादी निर्माणाधीन मकान में घुसे और स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू की, उस वक्त मजदूर गहरी नींद में थे। अधिकारी ने बताया कि एक घायल मजदूर सौभाग्य से बच निकलने में कामयाब रहा।

# रूसी क्षेत्र में घुसे यूक्रेन के 125 ड्रोन को किया नष्ट

- मॉस्को ने कहा- फरवरी 2022 के बाद बड़ी संख्या में ड्रोन देखे गए

कीव, एजेंसी

रूसी क्षेत्र में रविवार को घुसे यूक्रेन के 125 से अधिक ड्रोन को नष्ट कर दिया गया। इसके चलते वन क्षेत्र और एक अपार्टमेंट के हिस्से में आग लग गई। मॉस्को के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फरवरी 2022 में मॉस्को द्वारा यूक्रेन पर हमला करने के बाद से रूसी आसमान में सबसे बड़ी संख्या में यूक्रेनी ड्रोन देखे गए हैं।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने सात क्षेत्रों में ड्रोनों को नष्ट किया। रूसी वायु रक्षा द्वारा वोल्गोग्राद क्षेत्र में सबसे अधिक 67 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट किया गया। गवर्नर अलेक्सांद्र गुसेव ने बताया कि वोरोनिश में 17 ड्रोन देखे गए, जिन्हें नष्ट करने के दौरान गिरे मलबे से एक अपार्टमेंट के हिस्से को नुकसान पहुंचा। तस्वीरों में एक ऊंची इमारत की सबसे ऊपरी मंजिल की खिड़कियों से आग की लपटें निकलती दिखाई दे रही हैं।

### कीव को अमेरिकी सैन्य सहायता विनाश की ओर धकेल रही

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया की सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की केंद्रीय समिति के उप विभाग प्रमुख किम यो जोंग ने एक बयान में कहा कि कीव को अमेरिकी सैन्य सहायता एक बड़ी गलती है जो दुनिया को परमाणु तबाही की ओर धकेल रही है। किम, जो उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बहन भी हैं। उन्होंने कहा हाल ही में अमेरिका ने यूक्रेन की नव-नाजी कठपुतली सरकार को 8 अरब डॉलर से अधिक की सैन्य सहायता की है।

## यौन शोषण के आरोपी पादरियों को दंडित किया जाए : पोप फ्रांसिस

**ब्रसेल्स।** पोप फ्रांसिस ने यौन शोषण के आरोपी पादरियों को दंडित करने तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने पर जोर देते हुए रविवार को कहा कि बिशप को पादरियों के अपराधों पर पर्दा डालना बंद करना चाहिए। फ्रांसिस की बेल्जियम यात्रा रविवार को संपन्न हो गई। इस दौरान, उन्हें यहां के यौन शोषण के मामलों को लेकर आक्रोश का सामना करना पड़ा। इन मामलों की वजह से कैथोलिक चर्च की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हुए हैं। फ्रांसिस ने बेल्जियम के मुख्य खेल स्टेडियम में एकत्र 30 हजार लोगों को संबोधित करते हुए कहा बुराइयों को हर हाल में सार्वजनिक किया जाना चाहिए। दुर्व्यवहार के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। बुराइयों को नहीं छिपाया जाना चाहिए। फ्रांसिस (87) ने उत्पीड़न के शिकार 17 लोगों से शुक्रवार रात मुलाकात की थी।

# प्रधानमंत्री स्टार्मर के नेतृत्व पर सांसद ने उठाए सवाल

लंदन, एजेंसी

- सांसद ने लेबर पार्टी से दिया इस्तीफा, लगाए आरोप

ब्रिटेन की सत्तारूढ़ लेबर पार्टी की एक सांसद ने प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर के नेतृत्व पर तीखा हमला बोलते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया। स्टार्मर के जुलाई में प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद उनके लिए यह पहला करारा झटका है। लेबर पार्टी की ओर से केंटबरी का प्रतिनिधित्व करने वाली रोजी डफील्ड इस्तीफे के बाद अब निर्दलीय सांसद की हैसियत से हाउस ऑफ कॉमंस की सदस्य रहेगीं।

डफील्ड का इस्तीफा द संडे टाइम्स में प्रकाशित हुआ है, जिसमें उन्होंने स्टार्मर की कठोर और अनावश्यक नीतियों को लेकर उन पर हमला बोला। डफील्ड ने दावा किया कि उनके इस्तीफे की कई वजह हैं, लेकिन मुख्य कारण सरकार की अलोकप्रिय नीतियां हैं। डफील्ड ने अपने त्यागपत्र में कहा वे (नीतियां) कठोर व अनावश्यक हैं और हमारे हजारों सबसे गरीब, सबसे कमजोर मतदाताओं को प्रभावित करती हैं। मुझे इसके लिए नहीं चुना गया था। यह समझदारी भरी राजनीति भी नहीं है। यह निश्चित रूप से सेवा भाव की राजनीति नहीं है। सांसद ने कहा कि उन्हें लेबर पार्टी के प्रधानमंत्री की तथाकथित परिवर्तन लाने की प्रतिबद्धता पर कोई भरोसा नहीं है, जिसका वादा उन्होंने आम चुनाव अभियान के दौरान किया था।

## अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में हेलेन तूफान से 64 लोगों की मौत

**पेरी (अमेरिका)।** अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में हेलेन तूफान के कारण भारी बारिश और तेज आंधी से जुड़ी घटनाओं में शनिवार को कम से कम 64 लोगों की मौत हो गई। हेलेन तूफान ने क्षेत्र में व्यापक तबाही मचाई है। भारी बारिश के कारण लोग फंसे हुए हैं और लाखों लोगों को बिना बिजली के अंधेरे में रहना पड़ रहा है। फ्लोरिडा के स्टीनहैची की निवासी जनालेया इंग्लैंड ने कहा कि मैंने पहले कभी इतने लोगों को बेघर होते नहीं देखा जितने मैं अब देख रही हूं। फ्लोरिडा के बिग बेंड गांव में गुरुवार देर रात हेलेन तूफान ने दस्तक दी थी और उस दौरान 225 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही थीं। इसके बाद तूफान ने जॉर्जिया की ओर रुख किया।

सियासत

रक्षामंत्री राजनाथ ने कहा- जम्मू कश्मीर का वर्तमान विशेष पैकेज पाकिस्तान द्वारा आईएमएफ से मांगी गई राशि से काफी बड़ा

# पाकिस्तान से दोस्ताना संबंध होते तो भारत उसे बड़ा राहत पैकेज देता

श्रीनगर, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि यदि पड़ोसी देश ने भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखे होते तो भारत पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मांगे गए पैकेज से भी बड़ा राहत पैकेज देता। बांदीपुरा जिले के गुरेज विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2014-15 में जम्मू-कश्मीर के लिए घोषित प्रधानमंत्री विकास पैकेज का जिक्र किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, मोदी जी ने 2014-15 में जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए विशेष पैकेज की घोषणा की थी जो अब 90,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह राशि पाकिस्तान द्वारा आईएमएफ से मांगी गई राशि (राहत पैकेज के रूप में) से कहीं अधिक है। सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के प्रसिद्ध कथन का उल्लेख किया कि हम दोस्त बदल सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं बदल सकते। उन्होंने कहा, मैंने कहा, मेरे पाकिस्तानी दोस्तों, हमारे बीच तनावपूर्ण संबंध क्यों हैं, हम पड़ोसी हैं। अगर हमारे बीच अच्छे संबंध होते, तो हम आईएमएफ से अधिक धन देते। सिंह ने कहा कि केंद्र जम्मू-कश्मीर को विकास के लिए धन देता है जबकि पाकिस्तान लंबे समय से वित्तीय सहायता का दुरुपयोग कर रहा है। उन्होंने कहा, वह अपनी धरती पर आतंकवाद की फैक्ट्री चलाने के लिए दूसरे देशों से धन मांगता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जब घाटी में इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत बहाल करने का वाजपेयी का सपना साकार होगा तो कश्मीर फिर से धरती का स्वर्ग बन जाएगा।



बांदीपुरा के एक विधानसभा क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित करते रक्षामंत्री राजनाथ।

### पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग पड़ा

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत के खिलाफ आतंकवाद को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने वाला पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग पड़ गया है और उसके कुछ विश्वस्त सहयोगी भी पीछे हट गए हैं। उन्होंने कहा, जब भी हमने आतंकवाद की जांच की है, तो हमें पाकिस्तान की संलिप्तता ही मिली है। हमारी सरकारों ने पाकिस्तान को यह समझाने की कोशिश की है कि उन्हें आतंकी शिविर बंद करने चाहिए।